# समाजवादी मूल्यों को बचाने का काम कर रही सपा: अखिलेश यादव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को पीडीए की प्रथम चरण की यात्रा को हरी झंडी दिखाकर पार्टी मुख्यालय से रवाना किया। प्रथम चरण की यह यात्रा 01 फरवरी को गाजियाबाद पहुंचकर संपन्न होगी। पीडीए का मतलब- पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक है। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि समाजवादी पार्टी इकलौती ऐसी पार्टी है जो समाजवादी मूल्यों को बचाने का काम कर रही है। अखिलेश ने कहा, मैं सबसे पहले अनंतराम जायसवाल को याद करता हूं। वह उन समाजवादी नेताओं में थे जिन्होंने समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने का काम किया। उस आंदोलन को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब नई पीढ़ी की है। समाजवादी आंदोलन को और भी मजबूत बनाया नेताजी ने। अखिलेश ने कहा कि हमें उम्मीद है कि पीडीए यात्रा के माध्यम से लोकतंत्र की रक्षा का संदेश गांव-गांव तक जाएगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादियों की जो लड़ाई है वह किसान, गरीब और पिछड़े, दलित को सम्मान दिलाने की है। नौजवान अपना बायोडाटा लेकर घूम रहा है, लेकिन रोजगार नहीं मिल रहा है।

### अखिलेश यादव ने पीडीए यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

लखनऊ। लोकसभा चुनाव से पूर्व समाजवादी पार्टी (सपा) ने बुधवार को संविधान बचाओ-देश बचाओ को लेकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) यात्रा निकाली। यात्रा के पहले चरण की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सपा अध्यक्ष द्वारा यात्रा की शुरूआत किये जाने पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के साथ भारी संख्या में पार्टी के नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहें। यह यात्रा लखनऊ से हरदोई, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली, बदायूं से होते हुए गाजियाबाद तक जाएगी और समापन होगा। पीडीए की प्रथम चरण की यात्रा आज से शुरू होकर एक फरवरी तक चलेगी। यात्रा के जरिये सपा गांव-गांव में पीडीए का माहौल बनाएगी। इससे संदेश दिया जाएगा कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी'। पीडीए यात्रा के जरिए सपा जातीय जनगणना के मुद्दे को भी धार देगी। यात्रा की कमान सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती को सौंपी गई है। इस यात्रा में जिले वार संगठन के लोग शामिल होंगे।

# दुनिया को अध्यात्म के साथ संस्कृति एवं परम्परा से परिचित करायेगी अयोध्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। त्रेतायुग की अयोध्या कैसी थी, हमने नहीं देखी पर कलयुग की अयोध्या पूरी दुनिया देखेगी और यह अयोध्या अध्यात्म के साथ सनातन संस्कृति और परंपरा से परिचित करायेगी। रामकथा,रामलीला,शास्त्रीय संगीत की श्रृंखला जहां संपूर्ण भारत को एकसूत्र में पिरोएगी,वहीं 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बनकर सामने आएगा। साथ ही 22 जनवरी को देश भर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। यह दीपोत्सव दीपावली पर्व से बिल्कुल अलग और बृहद होगा। तेल और बाती की लौ (रामज्योति) भगवान राम के प्रति अगाध आस्था प्रदर्शित करेगी। अयोध्या के हनुमत निवास के महंत डॉ.मिथिलेशनंदिनी शरण जी महाराज कहते हैं कि रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं



बनाएंगे, ये छह शब्द 500 वर्षों से भारत के जनमानस में गूंज रहे थे। आज हम गर्व से कह सकते हैं-रामलला हम आ रहे हैं, मंदिर वहीं बन गया है। जो कभी समर्पण लेने आए थे,अब निमंत्रण देने आ रहे हैं। कोटि-कोटि जन जिन राम से जुड़े हैं,रामजी उन कोटि-कोटि जन से जुड़ने जा रहे हैं। देश के साथ सब रामरंग में रंगे हुए हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का स्वभाव भी यही है। पूरब से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण, भारत का हर अंचल और हर व्यक्ति जुड़ा हुआ है श्रीराम से।

**राम नाम की अमिट महिमा**

उन्होंने बताया कि राम का अर्थ है मेरे भीतर प्रकाश, मेरे हृदय में प्रकाश। निश्चय ही 'राम' ईश्वर का नाम है, जो इस धरती पर 7560 ईसा पूर्व अर्थात 9500 वर्ष पूर्व अवतरित हुए थे। हजारों वर्षों बाद आज भी भगवान राम अपनी सच्चाई के लिए जाने जाते हैं। उन्हें पुरुषोत्तम भी कहा जाता है-एक आदर्श सम्राट। उन्होंने बताया कि एक बार महात्मा गांधी ने कहा था, 'आप मेरा सब कुछ ले लीजिए मैं तब भी जीवित रह सकता हूं परंतु यदि आपने मुझसे राम को दूर कर दिया तो मैं नहीं रह सकता। उन्होंने मृत्यु से पूर्व जो अंतिम शब्द कहे थे, वह 'हे राम!' थे। भारत के लगभग हर क्षेत्र में राम को पाया जा सकता है। हर राज्य में हमें एक 'रामपुर' या एक 'रामनगर' मिल ही जायेगा। हर जगह, किसी पत्र पर केवल 'रामनगर' लिखने से डाक विभाग भ्रमित हो जाएगा। भारत में हजारों 'रामनगर' हैं।

उन्होंने कहा कि भारतवासियों के रोम-रोम में 'राम' हैं। हम जब किसी से मिलते हैं या किसी का अभिवादन करते हैं तो नमस्कार,प्रणाम या राम-राम कहते हैं। किसी को अभिवादन करना हमारी संस्कृति ही नहीं सभी संस्कृतियों का अभिन्न अंग है। राम शब्द संस्कृत के दो धातुओं,रम् और घम से बना है। रम् का अर्थ है रमना या निहित होना और घम का अर्थ है ब्रह्मांड का खाली स्थान। इस प्रकार राम का अर्थ सकल ब्रह्मांड में निहित या रमा हुआ तत्व यानी चराचर में विराजमान स्वयं ब्रह्म। शास्त्रों में लिखा है, 'रमन्ते योगिनः अस्मिन सा रामं उच्यते' अर्थात, योगी ध्यान में जिस शून्य में रमते हैं उसे राम कहते हैं।

**भारत को एकसूत्र में पिरोएगी रामकथा, रामलीला, शास्त्रीय संगीत की श्रृंखला**

**भगवान राम के प्रति अगाध आस्था प्रदर्शित करेगी तेल और बाती की लौ**

### किशोरी से रेप का आरोपी गिरफ्तार,भेजा जेल

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को घर छोड़ने के बहाने लोडर में बिठाकर साथ ले जाकर रेप करने के आरोपी युवक को बुद्ववार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया मोहनलालगंज के एक गांव की 15वर्षीय किशोरी 3जनवरी को स्कूल से घर लौटते समय सदिग्धं परिस्थितियों में लापता हो गयी थी।पीड़ित पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर 6जनवरी को लापता किशोरी को बरामद कर पुछताछ की तो उसने फ्लिपकार्ट कम्पनी में लोडर से पार्सल लाने ले जाने का काम करने वाले युवक अश्वनी कुमार निवासी पूरेमिश्र पोस्ट सनौली थाना रामसनेहीघाट,बाराबंकी घर छोड़ने का झॉसा देकर लोडर से अलग अलग स्थानो पर ले जाकर रेप किया ओर डरा धमकाकर चुप करा देते थे।पीड़ित किशोरी के बयान के आधार पर पुलिस ने दर्ज मुकदमें में रेप व पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी कर आरोपी अश्चनी कुमार को बुद्ववार को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया।जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### यूपी एटीएस ने आईएस मॉड्यूल से जुड़े आतंकी को अलीगढ़ में दबोचा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएस मॉड्यूल से जुड़े आतंकी को अलीगढ़ से गिरफ्तार किया। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम था। वह प्रदेश में किसी बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आतंकी फैजान बख्तेयार ने पूछताछ में कई राज उगले हैं। फैजान ने बताया कि प्रयागराज में रहने वाले रिजवान अशरफ के जरिए वह आईएस से जुड़ा। इसके बाद वह पूर्व में गिरफ्तार साथियों के साथ मिलकर अलीगढ़ में आईएस माड्यूल तैयार कर रहा था। इसमें अन्य लोगों को भी जोड़ रहा था। इस माड्यूल का नेटवर्क उत्तर प्रदेश के कई जिलों में फैला हुआ है। ये सभी किसी बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। आईएस का अलीगढ़ मॉडयूल धवस्त होने के बाद फैजान छिपकर रहा था। वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से मास्टर इन सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) का छात्र था। एटीएस उसके मोबाइल को कब्जे में लेकर आगे की जांच में जुटी है। यूपी एटीएस ने इस संबंध में 03 नवंबर 2023 को लखनऊ में मुकदमा दर्ज किया था। आतंकी गतिविधियों में लिप्त अब्दुल्ला अर्सलान, माज बिन तारिक, वजीहद्दीन समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। उनका साथी फैजान फरार चल रहा था, जिसे अब गिरफ्तार किया गया है।

### पीढ़ियों के त्याग और समर्पण का परिणाम है श्रीराम मंदिर : कामेश्वर

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के मूल गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने कहा कि यह क्षण उन लोगों के लिए अवर्णनीय है, जिन्होंने इसका सपना देखा, जिन्होंने लंबे समय तक संघर्ष किया। इसके लिए अपनी पीढ़ियों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण व रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पीढ़ियों के त्याग और समर्पण का परिणाम है। ये भारत के गौरव की प्राण प्रतिष्ठा का क्षण है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल बुधवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। कामेश्वर चौपाल पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने 1989 में शिला रखी थी।

### अयोध्या : चंपत राय ने परखी तैयारी, बारीकी से जांच कर दिया आवश्यक निर्देश

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय बुधवार की दोपहर अचानक अयोध्या में कार्य प्रगति परखने के लिए धमक पड़े। बारीकी से जांच करने के बाद उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिया। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के मूल गर्भगृह में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। ऐसे में कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कोई कमी न रह जाए, इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय खुद भी नजर बनाए रखे हैं। उन्होंने कार्य प्रगति का जायजा लेने के लिए बुधवार दोपहर को अयोध्या के कारसेवकपुरम का दौरा किया। कुछ दूर पैदल चलकर देखा और बारीकियां परखी। इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव के साथ कई लोग मौजूद थे।

### वाराणसी में नमामि गंगे ने बड़ा गणेश मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

वाराणसी। अयोध्या में जन्मस्थान पर रामलला के बने भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व काशी नगरी के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को नमामि गंगे के सदस्यों ने लोहटिया स्थित बड़ा गणेश मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। अपने आराध्य के प्रति भावनात्मक लगाव को जताते हुए नमामि गंगे की टीम ने बड़ा गणेश मंदिर परिसर की सफाई की। मंदिर में झाड़ू-पोछा लगाया। मंदिर में उपस्थित दर्शनार्थियों को स्वच्छता के सकारात्मक कदम के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए मंदिरों की सफाई एक सकारात्मक कदम है और सामूहिकता का अप्रतिम उदाहरण है। इस अभियान की सार्थकता को इस रूप में भी देखा जाना चाहिए कि यहां न वर्ग भेद है न जाति भेद है और न ही ऊंच-नीच और गरीब-अमीर का अंतर। समाज के लिए इससे बढ़िया संदेश कुछ और नहीं हो सकता। मंदिर हमारे गौरवबोध के परिचायक हैं और समाज को एक सूत्र में बांधे रखने में इनका योगदान अतुलनीय है। श्रमदान में सरिका गुप्ता, कीर्तन बरनवाल सहित श्रद्धालुओं ने भी भागीदारी की।

### मुरादाबाद : हर्षोल्लास के साथ श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया

मुरादाबाद। जनपद में बुधवार को सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ताड़ीखाना में हर्षोल्लास और श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाया। रागी जत्थे ने कीर्तन कर गुरु गोविंद सिंह का गुणगान किया।

गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से गुरुद्वारे को फूलों, रंग-बिरंगी झालरों और गुब्बारों से सजाया गया हैं। संगत ने सेवा कर पुण्य कमाया। लंगर बरताने और जूता-चप्पल की सेवा करने के लिए बच्चे, बड़े और बुजुर्ग श्रद्धालुओं में होड़ लगी रही। महिलाओं ने भी लंगर बनाने की सेवा की। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरिंद्र पाल सिंह ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के जीवन से हमेशा हिम्मत बनाए रखने की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हों, हमें अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए काम करते रहना चाहिए। जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए। सुबह दस बजे लंगर बरतना शुरू हुआ। श्रद्धालुओं ने गुरु के अटूट लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। शाम को फिर कीर्तन होगा और लंगर बरताया जाएगा। इस दौरान चेयरमैन गुरजीत सिंह चड्ढा, हरबंश सिंह चड्ढा, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### झांसी किले से दिल्ली तक नारी शक्ति वंदन दौड़ का शुभारंभ

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई के ऐतिहासिक किले से नई दिल्ली तक बुधवार को नारी शक्ति वंदन दौड़ का शुभारंभ किया गया। इस दौड़ को 31 आर्म्ड कमांड के जेसीओ मेजर एमके माथुर ने झंडी दिखाकर रवाना किया। शुभारंभ के मौके पर एमके माथुर ने कहा कि यह नारी शक्ति वंदन दौड़ नारी शक्ति को समर्पित है, जो महिलाओं में उत्साह व आत्मविश्वास का संचार करेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मंच पर उपस्थित वीर नारियों में रक्षपाल कौर और संतोष कुमारी का सम्मान जेसीओ मेजर एमके माथुर ने शॉल देकर किया।

# अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर सुंदरीकरण कार्य से मंडलायुक्त असंतुष्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जनवरी माह में बड़ी संख्या में अयोध्या जाने वाले लोगों को सुविधाएं देने के लिए अयोध्या-लखनऊ मार्ग पर हो रहे सुंदरीकरण के कार्यों के निरीक्षण पर मंडलायुक्त रोशन जैकब निकली। सुंदरीकरण के कार्य में विलम्ब देखकर मंडलायुक्त असंतुष्ट हो गयी। रोशन जैकब ने अधिकारियों को कार्य को एक सप्ताह में ही पूरा करने के निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने नगर आयुक्त से कहा कि गलियों से सड़क पर आते हुए रास्तों के मोड़ पर रंगरोगन कराये। सड़क के किनारे भारी अतिक्रमण को हटवानें, छोटी गुमटियों को अनावश्यक रखकर सड़क की चौड़ाई को कम करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने को कहा। वहीं लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी से साइन बोर्ड को दुरुस्त कराने, सड़क किनारे पार्कों के पौधों को पानी देने, सुंदर पौधों से पार्कों की सुंदरता बढ़ाने, रोड लाइटों को दुरुस्त कराने जैसे कार्यों को तत्काल पूरा कराने को निर्देशित किया। एनएचएआई के कार्यों के विलम्ब से चलने पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिये। रोशन जैकब ने अधिकारियों के साथ अयोध्या मार्ग का निरीक्षण करते हुए पहले कमता चौराहा और आगे बढ़कर चिनहट तिराहा होते हुए मटियारी चौराहा तक छोटी बड़ी खामियों को जांचा और उसे दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

### श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगा कथक नृत्यांगना सोनी चौरसिया अयोध्या रवाना

वाराणसी। स्केटर और कथक नृत्यांगना सोनी चौरसिया ने बुधवार को काशीपुराधिपति के दरबार में हाजिरी लगाई। दरबार में संकल्प लेकर स्केटिंग करते हुए सोनी अपने चार सहयोगियों के साथ अयोध्या के लिए निकल पड़ी। महापौर अशोक तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। सोनी बदलापुर, जौनपुर, सुल्तानपुर होते हुए 20 जनवरी को अयोध्या धाम पहुंचेगी।

# सलेमपुर अचाका के विद्यालय में लगेगा वाटर कूलर : ब्लाक प्रमुख




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ । ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ने सलेमपुर अचाका के विद्यालय में शुद्ध पेयजल हेतु शीघ्र ही एक वाटर कूलर लगावाए जाने की घोषणा की है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सलेमपुर अचाका में अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विधायक अमरेश रावत , वीरेन्द्र प्रताप सिंह व ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल (विंधेश्वरी) ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया साथ ही लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किया। इस दौरान ग्राम प्रधान विकास पटेल ने आये हुए अतिथियों व क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों को माला पहनाकर अंगवस्त्र से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन बीजक प्रकाश ने किया। इस मौके पर डा सुनील कुमार, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, निगोहा मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेई व प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी, प्रधान अशोक कुमार, प्रधान दिलीप रावत , बृजेश वर्मा,मनीष शुक्ला सहित क्षेत्र के कई प्रधान एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**ग्राम प्रधान विकास पटेल ने अतिथियों का अंगवस्त्र व माला पहनाकर कर किया स्वागत**

# प्राण प्रतिष्ठा: कई भाषाओं के जानकार 21 ट्रेनी आईपीएस की अयोध्या में होगी तैनाती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गए हैं। समारोह में विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिए भी यूपी पुलिस की ओर से खास तैयारी की गई है। कुशल व्यवहार और कई भाषाओं के जानकार 21 ट्रेनी आईपीएस को अयोध्या में तैनात किया जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। पुलिस महानिदेशक (डीजी) कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए यह बताया कि यूपी पुलिस और यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह एक ऐतिहासिक पल है। अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। सुरक्षा में



आधुनिक तकनीकी का अधिक प्रयोग किया जा रहा है। कुछ ड्यूटियां ऐसी होंगी जहां पर मधुर व्यवहार से यहां पर आने वाले दर्शनार्थियों का दिल जीता जा सके। ऐसी जगहों पर जहां पर सामान्य श्रद्धालु जाएंगे, वहां पर तैनात पुलिस की अलग से ड्रेसकोड बनाया गया है। यह सभी पुलिसकर्मी बगैर हथियार के होंगे। इसके साथ ही जो अन्य ड्यूटियां होंगी वो आधुनिक हथियार और वर्दी में रहेंगे। हमने तकनीक को भी शामिल किया है और कैमरों के जरिए निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि कुछ प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है जो अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को भाषा की दिक्कत न हो। दर्शनार्थी सहजता से जरूरत पड़ने पर उनके सामने अपनी बात रख सकें और यूपी पुलिस उनकी पूरी मदद कर सकें। इससे पहले वर्ष 2019 में भी प्रयागराज के कुंभ में इसका प्रयोग किया गया था।

डीजी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यूपी पुलिस की ओर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समारोह में पुलिस के 11 हजार से अधिक जवानों को तैनात किए जा रहा है। रिजर्व पीएसी की 16 कंपनी को लगाया गया है। 288 दारोगा और सिपाही सूट-बूट में विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा में तैनात किए जाएंगे। अयोध्या जाने वाले सभी रास्तों को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसित कर वहां सुरक्षा मुहैया करवाई गई है।

# इनरव्हील क्लब वाराणसी सेंट्रल ने सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता अभियान चलाया

एजेंसी

वाराणसी। जनवरी माह को सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। जिसके तहत बुधवार को इनर व्हील क्लब वाराणसी सेंट्रल की ओर से बड़ी पियरी स्थित एक नर्सिंग होम में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी टंडन ने कहा कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद होने वाला सेकंड मोस्ट कॉमन कैंसर है। हमारे देश में सर्वाइकल कैंसर की दर बहुत ज्यादा है और इसकी वजह से औरतों की मृत्यु दर बहुत ज्यादा होती है। ऐसे में सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए महिलाओं को नियमित पैप परीक्षण कराना चाहिए। पैप टेस्ट को पैप स्मीयर टेस्ट भी कहा जाता है, जो प्रीकैंसर की तलाश करता है। इसके अलावा गर्भाशय ग्रीवा पर उन सेल परिवर्तन को भी तलाशता है, जिनका अगर समय पर सही इलाज न किया गया तो वे सर्वाइकल कैंसर का रूप ले सकता है।

**देश में सर्वाइकल कैंसर की दर बहुत ज्यादा,बचने के लिए महिलाओं को नियमित पैप परीक्षण कराना चाहिए**

उन्होंने कहा कि 21 साल की उम्र पार कर लेने के बाद महिलाओं को हर तीन साल में कम से कम एक बार एवं 30 वर्ष के हो जाती हैं, तो हर पांच साल में पैप स्मीयर टेस्ट कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर की चपेट में आने से बचने के लिए युवतियों को समय पर पेपिलोमावायरस (एचपीवी) टीका लगवा लेना चाहिए। इससे सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को काफी कम कर किया जा सकता है। इस टीके को लगाने का समय 9 वर्ष की आयु से ही शुरू हो जाता है। हालांकि 11 से 12 वर्ष की आयु की बालिकाओं को भी एचपीवी टीकाकरण की सलाह दी जाती है। इससे पूर्व कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ सचिव सुमित्रा सिंह ने अध्यक्ष नीलम गुप्ता को कॉलर पहनाकर किया।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने तीन डामर सड़को का किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मलिहाबाद/लखनऊ। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने एक करोड़ की लागत से क्षेत्र में बनवाये गयी डामररोड सड़को का शिलान्यास किया। बुधवार को मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र की मलिहाबाद विधानसभा के अन्तर्गत ग्राम बहेलिया व भटखेरवा में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखण्ड द्वारा करीब दो किलोमीटर की तीन डामर रोड सड़को का शिलान्यास केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भटखेरवा बंशीगढ़ी में ठकुरी नाई के बाग के पास से ब्रह्मजीत के पास डामरीकरण, जगदेव के बाग के पास से लल्लन की बाग व रामदेव के खेत के सामने से होते हुए भटखेरवा डामररोड तक व बहेलिया पंचायत भवन से बलराम के ट्यूबवेल से खड़जा मार्ग के आगे तक सड़क का शिलान्यास किया गया हैं। जिसकी लंबाई करीब 2165 मीटर है। जिसपर करीब एक करोड़ की लागत व्यय की गयी है। तीन डामररोड के शिलान्यास से आसपास के गांवों के लोगों में हर्ष दौड़ गया। इस अवसर पर अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विकास किशोर आशू, पूर्व प्रधान कल्लूराम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

**एक करोड़ की लागत से बनी सड़को से ग्रामीण खुश,जताया आभार**

# समाज के प्रत्येक वर्ग को उपलब्ध कराएं बेहतर सुरक्षा : धर्मपाल सिंह

एजेंसी

मेरठ। प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास, अल्पंसख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, राजनैतिक पेंशन, नागरिक सुरक्षा मंत्री व मेरठ के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को बेहतर सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। पुलिस तंत्र को और बेहतर किया जाए। रिपोर्ट लिखने में किसी भी तरह की आनाकानी न की जाए। विकास भवन सभागार में बुधवार को विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने महिला अपराधों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी ली। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण द्वारा गैंगस्टर एक्ट, एनएसए, शस्त्र अधिनियम, होटल, ढाबे आदि की चेकिंग आबकारी अधिनियम, गौवध निषेध तथा शस्त्र अधिनियम के संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में बताया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सुरक्षा एवं विकास सरकार की प्राथमिकता है। समाज के हर वर्ग को बेहतर सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। मंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को बिजली व साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करते हुए दीपावली उत्सव के रूप में मनाया जाए। इस दिन समस्त दुकानें बंद रहें। नगर निगम के अधिकारी को 22 जनवरी तक अभियान चलाकर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए गए। नगर विकास के अंतर्गत जल आपूर्ति, सीवर, अपशिष्ट प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा एनआरएलएम, कायाकल्प, सामुदायिक शौचालय, निवेश मित्र, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, निराश्रित गौवंश, टीकाकरण, सहभागिता योजना, गोल्डन कार्ड, दवाओं की उपलब्धता,



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि कार्यों की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया। मंत्री ने कहा कि गाय के दूध के साथ-साथ गाय के गोबर को भी आय सृजन का साधन बनायें। महिला समूह को गौकाष्ठ मशीन (गोबर से लकड़ी बनाने वाली मशीन) उपलब्ध करायी जाए, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी राशन एवं आयुष्मान कार्ड से वंचित न रहे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी, एमएलसी अश्विनी त्यागी, एमएलसी सरोजिनी अग्रवाल, एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज, डीएफओ राजेश कुमार, एमडीए उपाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी राजेन्द्र शर्मा, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सनातन संस्कृति को मिटाने की साजिश कर रही डीएमके सरकार: डॉ. दिनेश

## सनातन की तुलना बीमारियों से करना सनातन को मानने वालों का अपमान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। राज्यसभा सांसद एवं उप्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि वह सनातन संस्कृति को मिटाने की साजिश कर रही है। डीएमके सरकार के मंत्रियों द्वारा सनातन की तुलना कोरोना और डेंगू जैसी बीमारियों से करना सनातन संस्कृति को मानने वालों का अपमान है।

डॉ दिनेश शर्मा ने तमिलनाडु को हिंदू संस्कृति का प्रमुख केंद्र बताते हुए कहा कि ऐसे प्रदेश की जमीन पर सनातन का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तमिलनाडु मंदिरों का प्रदेश है, जहां पर हिंदू संस्कृति की गौरवशाली झलक देखने को मिलती है।



### उत्तर भारत में शीतलहर तो दक्षिण भारत में मोदी लहर

राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा तिरुचिरापल्ली तमिलनाडु में अलग-अलग आठ स्थानों पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर केंद्र की योजनाओं के क्रियान्वयन में अड़ंगा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता की तरक्की डीएमके सरकार को पसंद नहीं आती है। राज्य के लोगों तक केंद्रीय योजनाओं का लाभ ठीक से नहीं पहुंच पा रहा है। केंद्र की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचे, इसके लिए राज्य में भाजपा की सरकार होना जरूरी है। साथ ही केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और सरकार की उपलब्धियां गिनाई। दिनेश शर्मा ने कहा कि उत्तर भारत में शीतलहर चल रही है, लेकिन दक्षिण भारत में मोदी लहर है।

### केंद्र सरकार की योजनाओं को ठीक से लागू न करने का आरोप

राज्यसभा सांसद ने लाभार्थियों से केंद्र सकार की योजनाओं से प्राप्त हो रहे लाभ के बारे में जानकारी भी ली। वहीं लाभार्थियों ने केंद्र सरकार की योजनाओं को सराहा और मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के प्रति लोगों में विशेष आकर्षण दिखा। लाभार्थियों ने डीएमके की सरकार पर केंद्र सरकार की योजनाओं को ठीक से लागू न करने का आरोप लगाया।

### तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की शपथ

बिछानडार में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य पद्मा शिवकुमार के आवास पर बैठक में तमिलनाडु में भाजपा का आधार बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। साथ ही तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की शपथ ली।

# सभी प्रपत्रों पर रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर आवश्यक रूप से सुनिश्चित कराएं : आनंदीबेन पटेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में बलिया के जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में नैक के लिए दाखिल होने वाली सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने बिंदुवार समीक्षा के दौरान एसएसआर को मूल्यांकन बिन्दुओं के अनुरूप न होने, विश्वविद्यालय की टीम में आपसी तालमेल की कमी और सशक्त प्रस्तुतिकरण के अभाव पर गहरी असंतोष व्यक्त की है।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की टीम को कार्य करने की समय सीमा बढ़ाकर शीघ्र-अतिशीघ्र कार्यों को पूर्ण करने, कुलपति द्वारा स्वयं नैक के सभी सदस्यों के साथ प्रत्येक क्राइटेरिया पर मूल्यांकन बिन्दु के कार्यों की सम्पूर्णता का अवलोकन करने, टीम सदस्यों के आपस में जानकारियों का आदान-प्रदान कर एसएसआर को सशक्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. कल्पलता को भी नैक की



तैयारियों में आमंत्रित कर उनके कार्यों और अनुभवों से अपनी रिपोर्ट के विवरण को समृद्ध करें। उन्होंने टीम में आईक्यूएसी की चेयरमैन को निर्देश दिया कि वे टीम के प्रत्येक सदस्य को विश्वविद्यालय की सुविधाओं, व्यवस्थाओं, इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि से परिचित कराएं, जिससे एसएसआर में सभी उल्लेख समग्रता से हो सके।

राज्यपाल ने आईक्यूएसी चेयरमैन को निर्देश दिया कि वे स्वयं किसी क्राइटेरिया को प्रस्तुत न करें, क्राइटेरिया हेड स्वयं अपना प्रस्तुतिकरण दें। उन्होंने प्रस्तुतिकरण में लगाए गए सभी प्रपत्रों पर रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर आवश्यक रूप से सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

एसएसआर प्रस्तुतिकरण के दौरान विवरण में विद्यार्थियों की उपलब्धियां और प्लेसमेंट का विवरण, विद्यार्थियों के फीडबैक और उस पर कार्यवाही, संलग्न सभी फोटो मूल्यांकन में मांगी गई जानकारी के अनुकूल और गतिविधि युक्त संलग्न करने, सभी फोटो पर गतिविधि की जानकारी दर्शाने वाले कैप्शन लगाने, विवरण में व्याकरण की अशुद्धियां दूर करने, मेंटर-मेंटी बनाने, विश्वविद्यालय के एमओयू को क्रियाशील करके शीघ्र लाभ प्राप्त करने,विश्वविद्यालय का आगामी पांच साल का और उसके आगे 10 साल का विजन डाक्यूमेंट और स्ट्रेटाजिक प्लान बनाने जैसे विविध महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिस की समीक्षा करते हुए गोद लिए गांवों में आंगनवाड़ी किट वितरण के उपरान्त हुए सुधारों का सर्वे कराकर उल्लेख जोड़ने, विश्वविद्यालय द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिए जा रहे विविध प्रशिक्षणों का विवरण अंकित करने को कहा। उन्होंने क्राइटेरिया-4 का पुनर्लेखन करने का निर्देश दिया।

# कालेबीर मंदिर पहुचकर पूर्व मंत्री ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगज कस्बे मे स्थित कालेबीर मंदिर में बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहां पर पूर्व राज्य मंत्री एवं रायबरेली लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी ने झाड़ू लगाकर साफ सफाई की। कालेबीर मंदिर पहुंचकर मंदिर परिसर में भाजपा नेताओं को इलाके के सभी छोटे बड़े मंदिरों में सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए।बुधवार पूर्व राज्य मंत्री वीरेन्द्र तिवारी, मोहनलालगंज चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडेय व भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिह, ग्राम प्रधान भसंडा ललित शुक्ला पूर्व बार महामंत्री ललित मिश्रा के साथ कालेबीर मंदिर में पहुंचे। मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाने के बाद पूजा की। मंदिर में मौजूद पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ से कहाकि



अपने आसपास के मंदिर परिसरों में साफ सफाई करें। इस अभियान में पार्टी के सभी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को भाग लेना है।

मंत्री ने मंदिरों में चलाए जाने वाले स्वच्छता अभियान को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंदिर परिसर में मौजूद लोगों से अपील कर कहा 22 जनवरी को सभी लोग परिवार के साथ दिवाली मनाए। स्वच्छता अभियान के बाद मंत्री ने मंदिर में मौजूद वृद्ध महिलाओ को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।इस मौके पर भाजपा नेत्री गरिमा आनन्द मंदिर, प्रबंधक देवेंद्र पांडेय, मंडल महामंत्री अंजनी शुक्ला,पूर्व मंडल अध्यक्ष डाक्टर विश्वास, भाजपा नेता मदन मिश्रा,संजीव तिवारी, उदभव मिश्रा,गुडूड द्विवेदी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## लखनऊ में बाल स्वरुप श्रीराम की झांकी देख रामभक्त हुए भावविभोर, उतारी आरती

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) की ओर से राजधानी लखनऊ में चारों दिशाओं की ओर से बाल स्वरुप श्रीराम की झांकी निकाली। इस दृश्य को देख रामभक्त भावविभोर हो गए। प्रभु राम का बाल स्वरुप देख मानो राजधानी लखनऊ का पूरा वातावरण राममय हो गया हो। इस दौरान लक्ष्मणपुरी की सड़कें भी राम-राम पुकारती रहीं। चारों दिशाएं श्रीराम के नारे से गुंजायमान रही। इस झांकी में छोटे उम्र के बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस शोभा यात्रा के तिराहे-चौराहों से गुजरते हुए बाल स्वरुप श्रीराम के दर्शन को लोगों की भीड़ उमड़ी और लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर प्रभु बाल रुप की आरती भी उतारी।अलीगंज के सेक्टर क्यू से निकली शोभा यात्रा में दो हजार बच्चों ने बाल स्वरुप श्रीराम बनकर भाग लिया। शोभा यात्रा के आगे बढ़कर पुरनिया पहुंचने पर बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्प वर्षा की और रथ पर सवार बाल रुप की आरती उतारते हुए पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

# लखनऊ महानगर के मंदिरों में मंत्री विधायको सहित कार्यकर्ताओं का स्वच्छता अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर 22 जनवरी तक लखनऊ महानगर के सभी देव स्थानों को अधिक से अधिक स्वच्छ और निर्मल बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत आज उदयगंज स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मन्दिर एवं सत्येश्वर महादेव मन्दिर 90, कैण्ट रोड में

उत्तर प्रदेश सरकार के महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य, और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मन्दिर में विग्रह की फूल माला एवं अन्य सामग्री को एकात्रित कर स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के उपरांत शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और मंदिर में पूजा अर्चना की । महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि अयोध्या में पधार रहे प्रभु राम,आइये, मिलकर स्वच्छ बनाएं हर तीर्थ धाम



बनाए।उक्त अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, विवेक तोमर, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, मण्डल अध्यक्ष विनायक पांडे एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

वही एमएलसी मुकेश शर्मा ने जानकीपुरम सेक्टर एफ के सिद्धीदात्री मंदिर में, एमएलसी लाल जी निर्मल ने विकास नगर सेक्टर 6 में भगवान वाल्मीकि मंदिर में, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने मुक्तेश्वर धाम मंदिर प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने भूतनाथ मंदिर गौरव भाटिया पूर्व पार्षद ने शिव मंदिर अंजनी श्रीवास्तव ने बुद्धेश्वर मंदिर पार्षद गौरी सांवरिया व शिवपाल सांवरिया ने भुइयन देवी मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया और पूजा अर्चना की।

# दहेज लोभियों ने नवविवाहिता से मारपीट कर घर से निकाला,मुक़दमा दर्ज

## विवाह के बाद से मोटरसाइकिल व 5 लाख के लिए प्रताड़ित कर रहे थे ससुरालीजन–पीड़ित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रहीमाबाद/लखनऊ। सरकार की लाख कोशिशों के बाद भी महिला उत्पीड़न के मामले थमने का नाम नही ले रहे है। एक ऐसा ही मामला रहीमाबाद थाना क्षेत्र से सामने आया है जहां दहेज लोभी ससुरालीजनों ने एक नवविवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। नवविवाहिता ने ससुरालीजनों की मांगो से आहत होकर दहेज लोभियों पर मारपीट सहित दहेज उत्पीड़न का मुक़द्मा दर्ज कराया है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गहदों निवासिनी श्वेता साहू का विवाह 22 दिसम्बर 2022 को ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के न्यू हैदरगंज निवासी शुभम के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ दान दहेज देकर हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुरालीजन नवविवाहिता को दहेज कम लाने के चलते प्रताड़ित करने लगे। एक दिन ससुरालीजनों ने नवविवाहिता से दहेज में मोटर साइकिल व 5 लाख रुपयों की मांग करने लगे। नवविवाहिता द्वारा असमर्थता जताने पर पति शुभम, ससुर ओमप्रकाश, सास रेखा, ननद कल्पना, तन्नो व पड़ोस में ही रहने वाले ननदोई हर्ष ने मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। जिसकी जानकारी होने पर नवविवाहिता के पिता बनवारीलाल उसकी ससुराल पहुंच गये और उनकी मांगों पर असमर्थता जताई। जिसपर ससुरालीजनों ने नवविवाहिता को घर से भगा दिया। रहीमाबाद पुलिस ने नवविवाहिता श्वेता साहू की तहरीर पर पति शुभम, ससुर ओमप्रकाश, सास रेखा, ननद कल्पना, तन्नो व ननदोई हर्ष पर मारपीट सहित दहेज उत्पीड़न का मुक़द्मा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

# उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने व्यापारियों को दुकान–दुकान जाकर रामध्वज बांटे

## भूतनाथ मार्केट एवं नरही बाजार को भगवा झंडो एवं झालर से सजाया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने राजधानी की प्रमुख बाजारों को सजाना शुरू कर दिया

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया बुधवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने भूतनाथ मार्केट, इंदिरानगर में भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष कमल अग्रवाल के नेतृत्व में दुकान दुकान जाकर व्यापारियों को राम ध्वज बांटे

इस अवसर पर भूतनाथ मार्केट संगठन के महामंत्री मनोज अग्रवाल, लखनऊ के उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना, कोषाध्यक्ष प्रमोद बंसल, अश्वनी जायसवाल, सौरभ, सुमित सिंह ने व्यापारियों को रामध्वज दिए

**भूतनाथ मार्केट में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल द्वारा राम दरबार सजाया गया**

**कल से अयोध्या रोड के चौराहों को सजाना शुरु करेंगे व्यापारी**

तथा भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल द्वारा भूतनाथ मार्केट में भगवान राम के 8 फिट के कट आउट से राम दरबार सजाया गया इसी क्रम में व्यापारियों की दूसरी टोली ने भूतनाथ मंदिर मार्केट में प्रभारी दिनेश शर्मा की अगवाई में दुकान दुकान जाकर राम ध्वज दिए उनके साथ जितेन जोकानी, सतपाल गुप्ता, नंदू भैया एवं अमित अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल रहे

तथा इसी प्रकार नरही मार्केट हजरतगंज मे



उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल नरही के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह बबुआ के नेतृत्व में व्यापारियों ने नरही बाजार को सजाया

तथा दुकानों पर जाकर व्यापारियों को रामध्वज वितरण किया तथा नरही बाजार को भगवा झंडों,झालरो, होल्डिंगों से सजाया गया ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ने बताया कल 18 जनवरी से अयोध्या मार्ग के सभी प्रमुख चौराहो को सजाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा

# ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी होने के बावजूद जारी है फिनिशिंग कार्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। जहां एक ओर लखनऊ विकास प्राधिकरण एक के बाद एक अवैध निर्माणों पर कार्रवाई कर रहा है तो वहीं कुछ मामलों में लखनऊ विकास प्राधिकरण की आंखों में धूल झोंक कर गुपचुप तरीके से निर्माणकर्ताओ द्वारा सील की हुई बिल्डिंग में भी फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है और ख़ास बात यह है की इस निर्माण को ध्वस्त करने का नोटिस भी जारी किया जा चुका है। मामला थाना ठाकुरगंज क्षेत्र के कैम्पल रोड का है जहाँ कैम्पवेल रोड के असिया मऊ में जेएस लॉन के बगल में पूर्व में एक निर्माण अवैध रूप से किया जा रहा था अवैध रूप से किये जा रहे हैं इस निर्माण का संज्ञान लेते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा पहले तो इस बिल्डिंग को सील किया गया जिसके बाद विहित प्राधिकारी द्वारा इस निर्माण को उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-27 की उपधारा (1) के अधीन ध्वस्त करने का नोटिस भी 2 फ़रवरी 2023 को बॉबी के नाम जारी किया गया था। किंतु निर्माणकर्ताओं द्वारा इसके विरुद्ध मंडलायुक्त की अदालत में अपील की गई थी जिस कारण ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



नहीं हो सकी थी। वहीं अब सूत्रों से यह जानकारी मिली है कि यहां पर तौहीद वह तौसीफ नामक व्यक्तियों द्वारा गुपचुप तरीके से फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है। आपको बता दें लगभग 2 वर्ष पहले यहाँ होने वाली प्लाटिंग पर ही लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा रोक लगा दी थी किंतु उसके बाद भी गुपचुप तरीके से यहाँ प्लॉट बिकते रहे और कई भवन भी बन कर तैयार हो गए और लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को इसकी भनक तक ना लगी। और अब ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी होने के बावजूद यहां फिनिशिंग का कार्य कराया जानायह साबित करता है कि अवैध निर्माण करने वालों पर लखनऊ विकास प्राधिकरण का जरा भी डर खौफ़ नहीं रह गया है।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार करने वालो पर होगी कड़ी कार्यवाही: एसीपी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निगोहां। थाने में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धर्म गुरुओं व प्रधानों संग एसीपी ने की बैठक,थाने के चौकीदारों को बांटे कम्बल) मोहनलालगंज।अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा व गणत्रंत दिवस को लेकर बुधवार को एसीपी राधा रमण सिंह ने थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी की मौजूदगी में निगोहां थाने में धर्मगुरुओं, चौकीदारों, ग्राम प्रधानो, आशा बहुओं समेत ग्रामीणों के साथ बैठक की।एसीपी राधा रमण सिंह ने बैठक में मौजूद लोगो को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से जागरूक किया।

उन्होने साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ठगी, जालसाजी, साइबर क्राइम से सावधान रहें अगर आपके पास अज्ञात नंबर से कोई लॉटरी लग जाने जैसी कॉल आती हैं तो आप उससे सावधान रहें और कॉल न उठाएं।

साथ ही फ़ेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम समेत आदि सोशल साइडों पर लड़कियां की फ़ोटो लगाकर जालसाल आपसे तरह तरह की बात कर आपसे रुपए ठग लेते है ऐसे जालसाजो से सावधान रहें। अगर कोई इनाम या लॉटरी निकालने की बात करके आपको लखपति बना रहा है तो ऐसे लोगों से सावधान रहें। साथ ही बताया कि पुलिस की सोशल साइडों पर पैनी नजर है अगर सोशल साइडों पर कोई भी व्यक्ति विवादित टिप्पड़ी या आपत्तिजनक चीजे शेयर करता है तो और भ्रामक मैसेज फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा एसीपी ने मौजूद व्यापारियों को सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की निर्देश दिए।एसीपी व थाना प्रभारी ने 47 चौकीदार समेत क्षेत्र के आंगनवाड़ी कार्यकत्री, आशाबहुओ,बुजुर्गो,असहायो को कम्बल वितरित किया।थाना प्रभारी ने क्षेत्रीय समाजसेवियो को अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें भी सम्मानित किया गया।बैठक में उपनिरीक्षक माजिद फारूखी,उपनिरीक्षक राजेश दीक्षित,व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र दीक्षित,भाजपा नेता ललित सिंह,निगोहां प्रधान अभय दीक्षित,प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी समेत क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

# मीनापुर और सुलसा मऊ के विद्यालयों में लगेंगे वाटर कूलर

## बच्चों को मिलेगा शुद्ध पेयजल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज। लखनऊ, ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ने मीनापुर और सुलसा मऊ हिलगी के विद्यालयों में शुद्ध पेयजल हेतु शीघ्र ही दो वाटर कूलर लगावाए जाने की घोषणा की है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत मीरानपुर और सुलसा मऊ हिलगी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल (विंधेश्वरी) ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी और आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किया।

इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी, प्रधान अशोक कुमार, प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक दीक्षित, मंडल महामंत्री,अंजनी शुक्ला ,सचिन, डीपी सिंह, एडीओ पंचायत अशोक यादव, एपीओ मनरेगा उदय राज शर्मा, राजू शुक्ला, राजकुमार शुक्ला सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 22 और 26 जनवरी के मद्देनज़र रेलवे प्रशासन ने कसी कमर, यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जारी किये दिशा निर्देश

लखनऊ। को आगामी त्यौहार श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह, गणतन्त्र दिवस पर यात्रियों/श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के अनुक्रम में अनिल कुमार यादव, अपर पुलिस अधीक्षक



स्टाफ ऑफिसर अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, उ0प्र0 लखनऊ व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे हृषीकेश यादव द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन चारबाग़ व लखनऊ जंक्शन पर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय पुलिस, जीआरपी आरपीएफ, ए0एस0 चैक टीम,बीडीएस टीम, एटीएस कमाण्डो व डॉग स्क्वाड टीम द्वारा रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों से पूछताछ/चेकिंग,प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया का भ्रमण व निरीक्षण करके यात्रियों से वार्ताकार उनको सुरक्षा का एहसास दिलाया गया तथा आपातकाल नंबर के बारे में जानकारी दी गई। सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़ नियनत्रण के दृष्टिगत विस्तृत पुलिस प्रबन्ध कराया गया, पुलिस फोर्स को ब्रीफ कर ड्यूटी प्वाइंट पर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। स्टेशनो पर लगातार जीआरपी व ए0एस0 चैक टीम,बीडीएस टीम व डॉग स्क्वाड टीम लगातार सरकुलेटिंग एरिया, पार्किंग, पार्सल घर, प्लेटफार्म, पार्किंग में खड़े दोपहिया वाहनों, सदिग्ध व्यक्ति/वस्तु व ज्वलनशील पदार्थ की निरतंर चेकिंग की जा रही है।

# ग्रामीणों ने पैंटून पुल बनाने में लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा /सीतापुर। पी डब्लू डी विभाग से मछरेहटा , खैराबाद क्षेत्र के बीच से निकली सरायन नदी पर हुसेनपुर घाट पर 6 माह से बनाए गए पैंटून पुल की ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने पर मंगल वार को जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी सैकड़ो ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गई और कहा कि ठेके दार के द्वारा पुल बनाए जाने में मानकों की अनदेखी की गई है इस बात को लेकर पी डब्लू डी के जिला अधिशाषी अभियंता अशोक कुमार को फोन कर मौके पर आने को कहा कि आए देखे कि पुल निर्माण में मानकों से खिलवाड़ किया गया है वहीं अधिशाषी अभियन्ता ने कहा कि मंत्री जी के कार्यक्रम में हैं तुरन्त जे ई को भेज रहे हैं सुनीता चौधरी ने बताया कई बार धरना प्रदर्शन किया जिले के प्रशासन से लगाकर मुख्य मंत्री तक मांग की तब जनता के सुलभ आवागमन के लिए शासन से पैंटून पुल का तत्काल प्रस्ताव मंजूर कर निर्माण कार्य किया गया। जिसकी लागत लगभग 85.90 लाख रुपए सरकार ने स्वीकृत किया था। शासन ने तत्काल 68 लाख रुपए पुल निर्माण के लिए अवमुक्त किए गए थे। बताते चले मछरेहटा ब्लाक के सेनपुर गढ़ी के उत्तर दिशा में निकली सरायन नदी पर हुसैन पुर घाट पर पुल बनाए जाने से एन एच 24 हाइवे बाराभारी से सीधा 3 किलो मीटर दूर ब्लाक मछरेहटा क्षेत्र में प्रवेश कर लगभग चालीस गांव के हजारों लोगों को प्रतिदिन खैराबाद सीतापुर कमलापुर लखनऊ आने जानें का मार्ग सुलभ होकर समय की बचत हुई । इस पुल के बनने से काफी दूरी कम हुई जिससे क्षेत्र की जनता मे खुशी की लहर दौड़ गई लेकिन वहीं ग्रामीणों में एक मानसिक भय जरूर बना हुआ है वहीं ग्रामीणों ने आरोप

## मानक विहीन बना है पैंटून पुल सरकार कराए इसकी जांच

लगाया और बताया कि पुल निर्माण में ठेकेदार के द्वारा लाखों कमाओ का खेल कर निर्माण में मानकों की धज्जी उड़ाई गई है जिससे किसी दिन कोई अनहोनी न हो जाए यह ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस पुल में काफी जर्जर किस्म के पटरे व दोनों छोरों पर बल्लियों का प्रयोग किया गया है । सदस्य जिला पंचायत सुनीता चौधरी सुबह से मौके पर बैठी रही तब जाकर दोपहर बाद जे ई परम हंस मौके पर आकर जानकारी दी कि यह पैंटून पुल है इसका प्रति वर्ष टेंडर निकाला जाएगा और प्रतिवर्ष इस पैंटून पुल का निर्माण किया जाएगा और बरसात के समय दो माह के लिए हटा लिया जाएगा और बरसात के बाद दुबारा इस पुल का निर्माण किया जाएगा इस पुल की क्षमता पचास कुंतल के भार के वाहन निकल सकते हैं । इसके बाद भी ग्रामीणो ने आरोप लगातें रहे कि इस पुल को सही तरीके से बनाया जाय अभी इसमें बहुत सारी कमियां है सभी ग्रामीणों की बात को मानते हुए जेई परमहंस ने ग्रामीणो को सही करानें का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर ग्रामीण मौके से हटे।

# संतोष भार्गव के नेतृत्व में हुआ सभा का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर शहर कंग्रेस कमेटी के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश कंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी के निर्देश पर निकट घण्टा घर चौराहा स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर सभा का मुख्यातिथि प्रदेश सचिव व जनपद प्रभारी डॉ.पूर्वी वर्मा शहर अध्यक्ष सन्तोष भार्गव ने माल्यार्पण कर,15 जनवरी को पार्टी के नेताओं के साथ अयोध्या रामलला का दर्शन करने गए पार्टी के ध्वजवाहक अनोखेलाल तिवारी जी व कंग्रेसजनो के साथ भाजपा एवं संघ के लोगों द्वारा किये गये दुर्व्यवहार, अभद्रता, मारपीट व पार्टी के ध्वज का अपमान करने के विरोध में प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा के पास बैठकर राम धुन गाया जिससे ऐसे अराजक तत्वो को सद्बुद्धि आये।

उसके उपरांत उत्तर प्रदेश कंग्रेस कमेटी की सचिव व जनपद प्रभारी डॉ पूर्वी वर्मा जी ने शहर व वार्ड के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संघठन पर चर्चा की,डॉ पूर्वी वर्मा जी ने कहा संघठन में निष्क्रिय कार्यकर्ताओं की जगह सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाये जो पदाधिकारी कार्य करने में रुचि नही लेते उनके स्थान पर कार्य करने वाले साथियों को पदाधिकारी बनाया जाये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर अध्यक्ष सन्तोष भार्गव, कोषाध्यक्ष उपदेश गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रेमलता शुक्ला, मीना मिश्रा,रिजवान खान,शावेज मुख्तार, महासचिव सर्वेश सिंह,पीयूष मिश्रा, राकेश पाल, अनिल दिवान,शरवन राठौर, संतराम बंसल,सचिव नोमान अंसारी, इमरान अली,विमल रावत,मनोज वर्मा,सम्मी कपूर,रामलाल,अफजाल रहमत,महिला शहर अध्यक्ष शवनम घोषी,विना अवस्थी,आदि संख्या में कंग्रेस जन उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय मंत्री के प्रयास से एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को मिली मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## गौरीगंज अमेठी मुसाफिरखाना के साथ ही निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर रुकेगी ट्रेन

अमेठी,केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद दीदी स्मृति इरानी जी ने अपने संसदीय क्षेत्र के गौरीगंज, अमेठी, मुसाफिरखाना व निहालगढ़ रेलवे स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा था। केंद्रीय मंत्री की मांग पर रेलवे बोर्ड ने चार एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को मंजूरी प्रदान कर दी है। जल्द ही यहां के यात्रियों को इन ट्रेनों की सुविधा मिलने लगेगी।

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए रेलवे सुविधाओं में लगातार बढ़ोत्तरी के लिए प्रयासरत हैं। अब तक प्रभु श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा व महाकाल के दरबार उज्जैन जाने के लिए यहां से सीधे ट्रेन की व्यवस्था नहीं है। इससे यात्रियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। लखनऊ व प्रयागराज रेलवे स्टेशन जाने पर ही उक्त शहरों के लिए ट्रेन की सुविधा मिलती थी। दीदी स्मृति की मांग पर रेलवे विभाग ने उदयपुर से पाटली पुत्र को जाने वाली 19669 एवं 19670 हम सफर एक्सप्रेस का ठहराव जगदीशपुर के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर होगा। निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर 19313 एवं 19314 इंदौर-पटना एक्सप्रेस के ठहराव को भी स्वीकृति मिली है। 13257 एवं 13258 दानापुर-आनंद बिहार एक्सप्रेस अमेठी व गौरीगंज तथा 14863 एवं 14864 वाराणसी से जोधपुर को जाने वाली मरुधर एक्सप्रेस को मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर ठहराव की स्वीकृति मिली है। जल्द ही सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव भी होने लगेगा। जिसका सीधा लाभ अमेठी की जनता को मिलेगा।

# कमीशन के लिफाफों में कैद होकर रह गया सकरन का विकास

## जांच के दायरे में आ रही सकरन की कई कागजी फर्में

कैनविज टाइम्स संवाददाता





सांडा /सीतापुर। विकास खंड सकरन में जबसे कुछ कागजी फर्में खुल गई है तब से क्षेत्र का विकास सिर्फ कमीसन के लिफाफों में कैद हो कर रह गया है यहां का आलम यह है। कि खरबूजे को देख कर खरबूजे की रंग बदलने वाली स्थित बन गई है एक कर्म पर जब फजीवाड़ा व हेरा फ़ेरी होने लगती हैं तो इसकी देखा दूनी में अन्य फर्में भी लिफाफों की ओर दौड़ने लगती है तो वही दूसरी ओर लिफाफों के शौकीन अधिकारी कमीशन के लिफ़ाफ़े पाने व अपनी आय बढ़ाने के लिए खुद की फर्म खोलनी शुरू कर दिया है।

ज्ञात हो कि सकरन में सरकारी अधिकारियों ने अपने रिश्तेदारों या मित्रो के नाम पर फर्म रजिस्ट्रेशन करवा दी है और वहीं से मटेरियल का अदान प्रदान व बिलिग हो रही है । सूत्रों की माने तो अपने रिश्तेदारों के नाम पर फर्म खुलवाकर अधिकारी प्रधानों को बिल व बाउचर अपने हिसाब से बनाने और काजीवाड़ करने में काफी आसानी हो गई है। और मटेरियल की रकम मिलती है साथ में एक कमीशन का लिफाफा भी मिलता है जिसके चाहते इन लोग की आय दिन दूनी रात चौगुनी होती जा रही है। विकास खंड सकरन में पल रहे घोटाले बाज और कमीशन बाज चाहे वह अधिकारी हो प्रधान हो य सचिव सभी लोग निशाना क्षेत्र के विकास को ही बना रहे है सकरन का विकास इतना जख्मी हो गया है कि प्रधानमंत्री के सपनो को भी आहत करके रख दिया है

सूत्रों का कहना है कि विकास खंड का बारीकी से निरीक्षण किया जाय तो गोशाल शौचालय काया कल्प सहित सभी विकास कार्य कमीशन के लिफ़ाफ़े में कैद नजर आएंगे और इतना सब होने के बावजूद भी खंड विकास अधिकारी सकरन चुप्पी साधे बैठे है। फिलहाल जेई और बीडीओ को तो बड़ा लिफाफा मिलता ही होगा तो उनका चुप रहना लाजमी भी है। इन लोगो को तो अपने लिफ़ाफ़े से मतलब है बाकी सब जेई बीडीओ के ठेंगे पर। अब बचे सचिव गण तो उनके खर्चे इतने हाई फाई है। की लिफाफा न न लें तो इनका खर्चा कैसे चलेगा।

### श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर एनडीआरएफ सतर्क, तीन टीम अयोध्या में तैनात

वाराणसी। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित वीवीआईपी अतिथियों, साधु-संतों की मौजूदगी को देख 11 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) भी अलर्ट है। किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए 11 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की तीन टीमों को अयोध्या में तैनात किया गया है। इन टीमों में एक टीम केमिकल बॉयोलॉजिकल रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर आपदा (सीबीआरएन) से निपटने के लिए सभी अत्याधुनिक उपकरणों के साथ होगी। दूसरी टीम कोलैप्स स्ट्रक्चर सर्च एंड रेस्क्यू (सीएसएसआर) से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए तैनात है। वहीं, तीसरी टीम को सरयू नदी में रेस्क्यू मोटर बोट, गोताखोर, लाइफ जैकेट के साथ तैनात किया जा रहा है। बुधवार को 11 एनडीआरएफ वाराणसी के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्राधिकरण, जिला प्रशासन अयोध्या से समन्वय स्थापित कर सभी टीमों की तैनाती की गई है। सभी टीम अत्याधुनिक राहत बचाव उपकरणों से सुसज्जित हैं और किसी भी प्रकार के आपदा के दौरान राहत बचाव ऑपरेशन को पूरा करने में सक्षम हैं। तीनों टीमों में विशेष प्रशिक्षित अधिकारी और रेस्क्यूर्स को अत्याधुनिक राहत बचाओ उपकरणों के साथ डॉक्टर, पैरामेडिक, विशेष रूप से प्रशिक्षित स्वान दस्ता को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा वाराणसी, गोरखपुर एवं लखनऊ में भी एनडीआरएफ के अतिरिक्त टीमों को पूरी तैयारी के साथ तैनात रखा गया है। ताकि जरूरत पड़ने पर उनका भी उपयोग किया जा सके।

### यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए केन्द्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद्, प्रयागराज मुख्यालय में यूपी बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ल के मार्गदर्शन में बुधवार को यूपी बोर्ड की परीक्षा सकुशल निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए प्रथम बार प्रशासनिक अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। बोर्ड सचिव ने बताया कि परिषदीय परीक्षाओं की शुचिता, विश्वसनीयता, परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों के पूर्व प्रकटन एवं नकल पर अंकुश लगाने के बारे में चर्चा हुई। परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों को स्ट्रांग रूम के डबल लॉक आलमारी में रखा जाएगा। स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी आदि के सम्बन्ध में प्रथम बार परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सचिव ने बताया कि इसी के तहत परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर उस परिक्षेत्र के प्रत्येक जनपद से तीन-तीन केन्द्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण देने के लिए परिषद के 10 अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में एवं प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय के 5-5 प्रशासनिक अधिकारियों को जनपदों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण करने हेतु प्रशिक्षित करने के लिए परिषद मुख्यालय में ऑडियो-वीडियो प्रजेन्टेशन के माध्यम से गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सचिव दिव्यकांत शुक्ल के साथ-साथ अपर सचिव प्रशासन विभा मिश्रा, क्षेत्रीय सचिव गोरखपुर विनोद कृष्ण, क्षेत्रीय सचिव बरेली नीरज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव सत्येन्द्र कुमार सिंह एवं उपसचिव प्रशासन देवब्रत सिंह ने भी दिशा-निर्देश दिये। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 10 मास्टर ट्रेनर्स 21 से 25 जनवरी के मध्य सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों में प्रत्येक जनपद के तीन-तीन केन्द्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त केन्द्र व्यवस्थापक अपने-अपने जनपदों में 27 जनवरी से 03 फरवरी के मध्य जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में जनपद के सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षित करेंगे। जिनका पर्यवेक्षण क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

### श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन हनुमान जी की होगी 21 सौ दीपों से आरती

कानपुर। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 22 जनवरी को पनकी स्थित पंचमुखी हनुमान के मंदिर में भगवान को दो कुंतल देसी घी से बना रवा हलवा का भोग लगेगा। इसके साथ ही 21 सौ दीपों से हनुमान जी की आरती की जाएगी। यह जानकारी बुधवार को मंदिर के महामंडलेश्वर महंत कृष्ण दास महाराज ने दी। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में 14 जनवरी से प्रतिदिन शाम को श्री राम जी की भजन संध्या एवं रामचरितमानस का पाठ चल रहा है। 22 जनवरी की को भजन संध्या तथा सुंदर कांड का विशेष आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर दस कुंतल का भंडारा भी किया जाएगा। इस मौके पर मंदिर परिसर को दीपों से सजाया जाएगा। इसके साथ ही अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय मैनेजमेंट कॉलेज बनाएगा विश्व कीर्तिमान

मेरठ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मैनेजमेंट कॉलेज के 800 से अधिक छात्र-छात्राएं 18 जनवरी को भगवान श्रीराम की आकृति की मानव श्रृंखला बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में यह आयोजन करके लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में कॉलेज का नाम दर्ज कराया जाएगा।

# शारदानगर पुलिस की तत्परता से महज कुछ ही घंटों में बरामद हुआ गुमशुदा व्यक्ति

## खीरी पुलिस की दिखी सक्रियता महज चंद घंटों में लापता युवक को खोज निकाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता





शारदानगर-खीरी। उत्तर प्रदेश की पुलिस कितनी सक्रिय है यह खीरी पुलिस की कार्यशैली से जाना जा सकता है आपको बता दें की जनपद खीरी के शारदानगर थाना क्षेत्र बड़ागांव निवासी मो. नफीस पुत्र मुन्ना लापता होने की सूचना मिली प्रभारी निरीक्षक शारदानगर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महज 24 घंटे के भीतर 27 वर्षीय युवक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई, तो परिजन खुशी से झूम उठे और पुलिस को धन्यवाद दिया।

जानकारी मुताबिक मो. नफीस पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम बड़ागांव थाना शारदानगर जनपद खीरी (उम्र 27 वर्ष) जो अपने घर से निकले थे वहीं देर रात तक अपने घर नहीं पहुंचा उसका फोन भी बंद आ रहा था जिस पर घर वाले काफी चिन्तित हो गये। उक्त सम्बन्ध में शारदानगर पुलिस को उक्त युवक की गुमशुदगी की सूचना दी गई प्रभारी निरीक्षक शारदानगर द्वारा युवक को तलाश हेतु पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा युवक नफीस पुत्र मुन्ना की तलाश हेतु सभी सम्भावित स्थानों में तलाशते हुए चेकिंग अभियान के साथ साथ आस-पास के लोगों से पूछताछ करते हुए उक्त युवक मो. नफीस पुत्र मुन्ना निवासी बड़ागांव थाना शारदानगर जनपद खीरी गुमशुदा को महज 24 घण्टे के भीतर तलाश कर सकुशल परिजनों को सौंपा है परिजनों द्वारा पुलिस की तत्परता से कार्य करने व गुमशुदा युवक को सकुशल तलाश करने पर दिल से आभार प्रकट किया है। प्रभारी निरीक्षक शारदानगर राजेश कुमार के नेतृत्व में गुमशुदा मो. नफीस पुत्र मुन्ना उम्र 27 को महज 24 घण्टे में बरामद करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक देवेन्द्र कुमार सिंह,हे0 का0 ऋषराज पाण्डेय,हे0का0 रविन्द्र यादव,का0 अरुण कुमार, महिला कान्स्टेबल रीता देवी शामिल रही।

# रोता रहा बच्चा लेकिन पुलिस का नहीं पसीजा कलेजा धरने पर बैठी महिला को दरोगा ने सड़क पर घसीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। जिले के मोहम्मदी कस्बे में एक बार फिर पुलिस की शर्मनाक हरकत सामने आई है। इसका वाइरल वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिसकर्मी एक महिला को सड़क पर खींचते हुए दिख रहे हैं। महिला की गोद में बच्चा है वह भी बिलखता हुआ नजर आ रहा है। पास में खड़े दो और बच्चे भी चीख-चीखकर रो रहे हैं वही बात खड़े लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया वीडियो वायरल होने के बाद अब प्रशासन मे हड़कंप मच गया है वाइरल वीडियो मोहम्मदी कस्बे के हनुमान द्वार चौराहे के पास का बताया गया है।

बताते हैं कि कोतवाली के गांव हरहिरपुर निवासी महिला का गांव के ही लोगों से एक दिन पहले विवाद हुआ था। दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। बुधवार को शिकायत लेकर महिला कोतवाली पहुंची। बताया जा रहा है कि आरोपियों पर कार्रवाई न होने से नाराज महिला अपने बच्चों को लेकर हनुमान द्वार के पास सड़क पर बैठकर विरोध जताने लगी।

चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने महिला को सड़क से हटाने का प्रयास किया। जब महिला नहीं हटी तो उसे घसीटकर सड़क से हटाया। पुलिस की कार्रवाई से महिला के बच्चे जोर-जोर से रोने लगे। वहां मौजूद किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया फिलहाल इस मामले को लेकर अधिक जानकारी जुटाई जा रही है।

### चार राष्ट्रीय पक्षी की मौत, दो की हालत नाजुक

झांसी। टहरौली कस्बे से सटे ग्राम बमनुआ में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक चार राष्ट्रीय पक्षी मोर की मृत्यु की ग्रामीणों को सूचना मिली। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी पक्षियों को अपने कब्जे में लेकर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया। मृत मोरों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं घायल दो राष्ट्रीय पक्षियों का उपचार किया जा रहा है।

थाना क्षेत्र टहरौली अंतर्गत आने वाले ग्राम बमनुआ में आज सुबह ग्रामीणों को 04 राष्ट्रीय पक्षी मृत मिलने की जानकारी मिली। समाजसेवी राकेश कुशवाहा ने थानाध्यक्ष टहरौली दिनेश कुरील को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। सभी शवों को एकत्रित करके वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग के आला अफसर मौके पर पहुँच गए और सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। अन्य दो घायल पक्षियों को मेडिकल चेकअप के लिए भेज दिया गया है।

# कार्यकर्ताओं संग पालिकाध्यक्ष ने उठाया झाड़ू, मन्दिरों की साफ-सफाई में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## पंजाबी कालोनी स्थित श्री राम मन्दिर में पालिकाध्यक्ष व भाजपाइयों ने की साफ सफाई





गोलागोकर्णनाथ-खीरी।अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के गोला नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र राममय नजर आने लगा है। इन दिनों 22 जनवरी को राम उत्सव की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। इसके लिए मंदिरों में साफ, सफाई से लेकर साज सज्जा का सिलसिला शुरू हो गया है। वहीं नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रमुख चौराहों पर स्वागत द्वार, लाइटिंग आदि लगना शुरू हो गई है। होने वाले आयोजनों में भी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की झलक दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर क्षेत्र के मंदिरों में साफ, सफाई का सिलसिला शुरू हो गया है वहीं गोला नगरपालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पंजाबी कालोनी में श्री राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर पहुंचकर साफ सफाई करते हुए झाड़ू पोंछा लगाने का कार्य किया।पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि स्वच्छ भारत नगर के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। इस अवसर पर ,पलिया विधायक प्रतिनिधि रोमी कक्कड़ , वार्ड के सभासद हरिओम वर्मा,पूर्व भूमि विकास बैंक उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुर्जन लाल वर्मा,किसान मोर्चा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह,महामंत्री राजेश राठौर,विमलेश वर्मा, धीरज बाजपेई, राजन साहनी ,नवीन भसीन, रेखा मिश्रा,गीता विश्विकर्मा, सीमा सक्सेना, अंकुर वर्मा, मनीष पाठक, आर्यन गुप्ता , उदित सोंधी, सुरेंद्र साहनी,संदीप साहनी, छोटेलाल वर्मा,अतुल भारद्वाज, रविन्द्र कटियार उपस्थित रहे।

# एसपी ने बाराबंकी सीमा पर लगे बैरियर पर सुरक्षा का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी काफी सक्रिय नजर आ रहा है।पुलिस अधीक्षक ने कस्बा इन्हौना व जनपद अमेठी बाराबंकी सीमा पर स्थित बैरियर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बुधवार को सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी द्वारा कस्बा इन्हौना में स्थित बैरियर पर तैनात पुलिस बल व जनपद अमेठी बाराबंकी के हजारीगंज बार्डर पर स्थित बैरियर पर तैनात पुलिस बल की उपस्थिति को जांचा गया एवं उपस्थित समस्त अधिकारी कर्मचारीगण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने व आगामी बाइस जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाले एतिहासिक कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने कराने हेतु ब्रीफिंग की गयी। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने आम जनमानस से आगामी बीस से बाइस जनवरी तक अयोध्या धाम न जाने की अपील की गई है और प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अपने अपने घरों व मंदिरों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही गई है।

# खेल मैदान में ग्रामीणों ने फिर कैद किये 40 गोवंश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। शासन स्तर के अधिकारी गौशाला चेक कर रहे। गोवंशों को गौशाला पहुंचवाने के निर्देश भी अधिकारियों द्वारा लगातार दिए जा रहे। लेकिन मातहतों की लापरवाही का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 23 दिनों में बल्दीराय तहसील क्षेत्र में तीसरी बार फसलों को बचाने के लिए ग्रामीणों ने आवारा पशु को कैद किया। अब ये मामला सोरांव गांव से सामने आया है।

जानकारी के अनुसार बल्दीराय तहसील क्षेत्र के सोरांव में ग्रामीण आवारा गोवंशो से परेशान थे। ऐसे में ग्रामीणों ने लगभग 40 गोवंशों को गांव में बने खेल मैदान में लगभग कैद कर गेट में ताला लगा दिया।प्रधान, सचिव व ब्लॉक कर्मचारियों को ग्रामीण सूचना देते रहे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सारे पशु रातभर ठंड में खुले आसमान में ही रहे। गांव के शमशाद ने सुबह में खंड विकास अधिकारी बल्दीराय को सूचना दी। तब जाकर पशु कैचर वाहन पहुंचा। जिस पर उनको लदवाकर गोशाला भिजवाया जा रहा है। बीडीओ एसएन सिंह ने बताया कि जानवरों को हलियापुर गोशाला भिजवाया जा रहा है। आपको बता दें कि इससे पूर्व तहसील क्षेत्र में 25 दिसंबर को डीह सिंदुरापुर गांव में ग्रामीणों ने 200 से अधिक गोवंशों को स्कूल में कैद किया था। अगले दिन इन्हें हलियापुर गोशाला ले जाया गया तो गोवंश स्कूल में मर चुके थे। जिसकी जांच जारी है। वही बीते 11 जनवरी को बिसांवा गांव में भी दर्जनों गोवंशों को ग्रामीणों ने स्कूल में बंद किया था।

## अमेठी में चौथे दिन चलाया गया वृहद स्वच्छता अभियान

अमेठी,आगामी बाइस जनवरी को अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चौदह से बाइस जनवरी तक मुख्यमंत्री द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाये जाने का निर्देश दिया गया है।इसी क्रम में आज चौथे दिन जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों , प्रमुख बाजारों, चौराहा, मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव ने बताया कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों, सफाई कर्मचारी एवं जन सामान्य द्वारा सफाई अभियान चलाया गया साथ ही सभी मंदिरों पर लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है।जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जनपद के चालीस मंदिरों में रामायण पाठ, राम कथा, भजन कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## विशाल भण्डारा में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

तिलोई अमेठी,क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर पंवारा स्थित प्राचीनतम बाबा दतेहरेश्वर मंदिर के प्रांगण में बुधवार को विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।क्षेत्र के प्राचीनतम बाबा दतेहरेश्वर मंदिर में शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ओम नमः शिवाय पाठ का जाप आरम्भ किया गया रविवार को समापन के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर में दर्शन कर पूजन अर्चन के साथ जलाभिषेक किया।मंदिर के पुजारी जगदीश गोस्वामी ने बताया कि रविवार की शाम को बाबा की भव्य श्रृंगार आरती की गई जिससे माहौल भक्तिमय रहा।भण्डारा को सफल बनाने में ग्राम प्रधान नंद किशोर विक्रम,राम केवल यादव, सतीश सैनी,रमेश अग्निहोत्री, सुरेश सिंह,दिनेश जायसवाल,राम सजीवन वैश्य,मदन शुक्ला,राधे श्याम मौर्या सहित अन्य तमाम लोगों का विशेष योगदान रहा।इस मौके पर विजय प्रजापति,समर बहादुर सिंह, राजेश यादव,बबलू सिंह, हरिश चन्द्र,राम प्रकाश प्रजापति,अशोक सोनी, बद्री विशाल समेत हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## 22 दिनों से अनिश्चित कालीन प्रदर्शन पर अन्नदाता, प्रशासन मौन

सुल्तानपुर। 22 दिनों से किसान अनिश्चित कालीन धरने पर हैं। लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों की अनदेखी ऐसी कि जिस तिकोनिया पार्क में ये धरने पर बैठे हैं यही से जनप्रतिनिधि शोभा यात्रा और दूसरे विविध कार्यक्रमों के लिए जुट रहे लेकिन इन्हें सब दिखाई दे रहा। नहीं दिख रहा तो अन्नदाता किसान। वही अधिकारियों का रवैया इन किसानों के लिए ऐसा कि उनके रवैये से आहत होकर ही किसान प्रदर्शन के लिए डटे हैं। अन्नदाता किसान यूनियन के जिला प्रभारी अजय सिंह यादव ने बताया कि बीते 21 दिसंबर 2023 को सीआरओ की अध्यक्षता में बैठक रखी गई थी। सीआरओ ने बताया था कि किन्हीं कारणों से बैठक स्थागित कर दी गई थी। इस पर हमारे मंडल और जिलाध्यक्ष सभी किसानों के साथ डीएम ऑफिस सभागार में पहुंचे और सीआरओ से कहा कि हमारी बैठक क्यों कैंसल कर दिया। उन्होंने जवाब दिया कि 23 दिसंबर को किसान दिवस है उसी में आइए उसी में समस्या का निस्तारण किया जाएगा। आरोप है कि इतने में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने कहा कि किसान दिवस के अलावा आप लोगों की कोई बैठक नहीं कराई जाएगी। फालतू बात न करके अब यहां से चले जाए। आरोप ये भी है कि सीडीओ ने किसानों से कहा बहुत करोगे तो धरना प्रदर्शन करोगे। धरना प्रदर्शन करोगे तो मुकदमा लिखकर तुम लोगों को जेल भेजा जाएगा। इसी पर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने ये निर्णय लिया कि इस तरह की हम अधिकारियों की तानाशाही हम बर्दाशत करने वाले नहीं हैं। उसके बाद से हम लोगों का लगातार धरना चल रहा। 8 जनवरी को हमने बड़ा आंदोलन किया। पूरे शहर में हम लोगों ने शांति पूर्ण ढंग से अपना प्रदर्शन किया। उसमें एसडीएम और सिटी मजिस्ट्रेट आए थे उन्होंने मांग पत्र लेकर कहा था कि एक सप्ताह में जो भी समस्या है उसका निदान करके अधिकारियों से मीटिंग कराएगे। अब एडीएम प्रशासन ने डीएम की अध्यक्षता में हम लोगों की बैठक का आयोजन किया है।

## संदिग्ध परिथितियों मे मिला युवक का जला हुआ शव

सुल्तानपुर। डेढ़ साल की दो जुड़वा बच्चियों के पिता की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। अलाव के पास उसका जला हुआ शव पाया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक नशा करता था। ऐसे में प्रतीत हो रहा है कि नशे की स्थिति में उसने सुसाइड किया है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम में भेजकर पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है।

घटना कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के दुबेपुर ब्लॉक की है। क्षेत्र निवासी रमेश वर्मा का ब्लॉक पर बन रहे मेडिकल कॉलेज के पास ही खेत है। यही पर उनका 25 वर्षीय पुत्र विक्रांत वर्मा फॉम हाउस चलाता था। उसने कई एक बकरियां पाल रखा था। लेकिन व्यवसाय में घाटा हुआ तो उसने दो माह पूर्व बची बकरियां बेचा और दिल्ली चला गया। स्थानीय लोगों की माने तो दिल्ली से दो-तीन दिन पूर्व ही वो लौटा था। आज उसका शव खेत के पास जला हुआ मिला। बगल में ही अलाव जल रहा था। ऐसे में माना जा रहा है कि या तो अलाव तापते हुए वो हादसे का शिकार हुआ या फिर उसने सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने पर कोतवाली देहात एसएचओ श्याम सुंदर, सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल में पता चला कि मृतक युवक शराब का नशा करता था। ऐसे में माना जा रहा है कि नशे के आलम में वो अलाव पर जा गिरा और हादसे का शिकार हो गया। सीओ अब्दुस सलाम ने बताया कि जांच के बाद शव पोस्टमार्टम में भेजा गया है। अभी परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। हम हर एंगल में जांच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो जाएगी। उन्होंने ये भी बताया कि मृतक दो भाई व दो बहन है। उसके डेढ़ साल की जुड़वा बेटियां हैं।

## इन्हौना में निर्माणाधीन पिंक बूथ का एसपी ने निरीक्षण किया

तिलोई अमेठी,पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र के कस्बा इन्हौना के मुख्य चौराहे पर निर्माणाधीन पिंक बूथ के निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी ने थाना इन्हौना के अन्तर्गत कस्बा इन्हौना में निर्माणाधीन पिंक बूथ के निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया एवं मानक के अनुरूप व समयबद्ध कार्य पूरा कराने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने कहा कि कस्बा इन्हौना में पिंक बूथ बनने से अपराधियों,शरारती तत्वों के साथ ही मनचलों पर अंकुश लगेगा एवं महिलाओं को सुरक्षा व सहायता और अधिक सुलभ हो सकेगी। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने कहा कि इस पुलिस बूथ पर पुलिस तैनात रहेगी इससे स्थानीय दुकानदारों में भी सुरक्षा होगी और आम जनमानस के लिये स्थानीय पुलिस सदैव संकल्पित है। पुलिस अधीक्षक के साथ प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह भी मौजूद रही।

## सभी पीएचसी, सीएचसी को किया गया एलर्ट मोड परअ : सीएमओ

सुल्तानपुर। जिले की सभी पीएचसी, सीएचसी को विशेष व्यवस्था के साथ एलर्ट कर दिया है। खासकर राम पथ गमन मार्ग पर पड़ने वाली पीएचसी 4 बेड़ व सीएचसी में 6 बेड़ विशेष तौर पर मरीजों के लिए आरक्षित की गई है, साथ ही जीवन रक्षक दवाएं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम को निर्देशित किया गया है कि 24 घंटे एलर्ट रहें। किसी प्रकार की समस्या हो फौरन सूचित करें जिससे समय रहते उसका निराकरण कर लिया जाए। उक्त बातें मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चैधरी ने कहा। उन्होनें बताया कि मैं स्वयं जनपद की सभी पीएचसी व सीएचसी का दौरा करने के पश्चात समस्त डाक्टर व स्टाप को एलर्ट रहने के निर्देश दे चुका हूं।

# लेखपाल का गजब कारनामा, डेढ़ करोड़ की प्रॉपर्टी लिखाने में दिखाया पिता का नाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। एक लेखपाल दस वर्षों में करोड़पति हो गया। पांच वर्ष पूर्व उसकी पत्नी एक एक फर्म में शेयर होल्डर हुई और उसके नाम पर करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदी गई। शिकायत पर बैनामा तो रद हो गया लेकिन पत्नी और उसके लेखपाल पति पर जीरो टॉलेंस

### कभी जीपीएफ से लोन लेकर पति ने शहर में खरीदा था मकान



वाली सरकार में कार्रवाई नहीं हुई। जिससे जिले के अधिकारी सवालों के घेरे में आ रहे हैं।

मामला कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी लेखपाल आईपी सिंह से जुड़ा है। वे नगर क्षेत्र के विवादित लेखपालों में गिने जाते हैं। लेकिन हैं राजस्व अधिकारियों के चहेते। यूं माने तो कमाऊ पूत। उनके द्वारा साल 2009 में शास्त्री नगर में एक मकान खरीदने के लिए विभाग से जीपीएफ से 96 हजार रुपए पास कराए। इसकी संस्तुति उसने विभागीय अधिकारियों से ये कहकर कराया कि वो किराए के मकान में अबतक रहता है अगर जीपीएफ से धन स्वीकृत हो जाए तो वो उस धनराशि और रिश्तेदारों से उधार लेकर मकान खरीद ले। अंत में उसने मकान खरीद भी लिया। लेकिन चैंकाने वाली बात ये है कि 2009 में किराए के मकान में रहने वाला लेखपाल दस वर्षों बाद 2019 में इतना सशक्त हो गया कि उसकी पत्नी रेनू सिंह एक डेवलपर्स एंड बिल्डर्स कंपनी की शेयर होल्डर हो गई। सूत्रों के अनुसार उसके नाम पर गोराबारिक क्षेत्र में डेढ़ करोड़ की प्रॉपर्टी ली गई। पर खेल ये हुआ कि यहां धोखाधड़ी की गई। पति के होते हुए रेनू सिंह ने अपने आगे पुत्री अभिमन्यु सिंह दर्शाया। ताकि पति की काली कमाई के मामले में पर्दा पड़ जाए। लेकिन अंत में मामला खुला तो बैनामा कैंसल हो गया। लेकिन तब से अब तक पांच वर्ष होने को है और धोखाधड़ी के आरोपी लेखपाल व उसकी पत्नी पर अधिकारी कार्रवाई से बचते रहे।

# श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हेतु निकली शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुसाफिरखाना अमेठी,अयोध्या धाम में श्रीराम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा हेतु नगर पंचायत मुसाफिरखाना के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता की अगुवाई में पूजित अक्षत की शोभायात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में भक्तिमय गीतों पर भक्तगण झूमते रहे। कस्बा मुसाफिरखाना में निकाली गई शोभा यात्रा गायत्री मंदिर से होते हुये कस्बे के इसौली रोड स्टेट बैंक बस स्टेशन जोगी वीरन होते हुये रेलवे स्टेशन निकट दुर्गा मंदिर पर शोभा यात्रा का समापन हुआ।शोभा यात्रा के दौरान कस्बा वासियों को पूजित अक्षत एवं पत्रक व भगवान श्री राम के मंदिर के चित्र का वितरण किया गया।नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने कहा कि आगामी बाइस जनवरी को अयोध्या धाम में श्रीराम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी लोग घर घर दीपोत्सव मनायें।इस दौरान क्षेत्राधिकारी अतुल सिंह, प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह मय पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।शोभा यात्रा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा गायत्री मंदिर के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा,अरूण मिश्रा, प्रभात शुक्ला, अतुल सिंह, महेन्द्र मिश्रा, सभासद विवेक द्विवेदी, दिलीप माहेश्वरी, शिवजी अग्रहरि, नकुल टण्डन, अभिषेक, बलराम, अंशुमान, श्रीराम कौशल, दीप चन्द्र, गायत्री मंदिर के पुजारी विजय बहादुर सिंह सहित हजारों की संख्या में कस्बावासी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बेख़ौफ़ चोरों ने चार दुकानों के सटर तोड़कर लाखों की नगदी व सामान चोरी कर फ़रार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### पीड़ितो की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की चोरो की तलाश



माल/लखनऊ। बेखौफ चोरो ने एक ही मार्केट की चार दुकानों के शटर तोड़कर कर दुकानों में रखी लाखो की नकदी व हजारो रुपये कीमत का सामान चोरी कर फ़रार हो गये। सुबह घटना की जानकारी होने पर दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। पीड़ित दुकानदारों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच में जुट गई है। क्षेत्र के लोधौरा गांव स्थिति बाजार में बनी मार्केट में अज्ञात चोरो ने एक एक कर चार दुकानों के शटर तोड़कर नकदी सहित दुकानों का सामान लेकर फुर्र हो गये। पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के अनुसार लोधौरा निवासी राकेश तिवारी की बाजार में प्रचून की दुकान है। उसी के पास विपिन तिवारी की भी प्रचून की दुकान है पास ही धीरेंद्र प्रताप की कपड़े की व सत्यपाल की प्रचून की दुकान है। मंगलवार देर रात चोरों ने राकेश तिवारी की दुकान से 1 लाख 45 हजार की नकदी व दस हजार का सामान, वही वपिन तिवारी दुकान से 12 हजार की नकदी व आठ हजार का सामान, धीरेंद्र उर्फ रौशन की दुकान से 22 हजार की नकदी लगभग दस हजार का सामान व सत्यपाल की दुकान से 30 हजार की नकदी लगभग पन्द्रह हजार कीमत का सामान पार लगा दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर चोरी की वारदात की जाँच के साथ चोरो का भी पता लगा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि कही गाँवो व मार्केटो में घूम घूम कम्बल, दरी, साड़ी आदि बेचने वाले बाहिरी घूमन्तू लोग दिन में रेकी कर रात में वारदातो को अंजाम तो नही दे रहे है।

# इन्हौना की थानाध्यक्ष कंचन सिंह ने जरुरतमंदों को बांटा कम्बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,थाना इन्हौना की थानाध्यक्ष कंचन सिंह ने बुधवार को शीतलहर से बचाव के लिये क्षेत्र के दर्जनों गरीब असहाय एव जरुरतमंदों को कम्बल वितरित किया और शीतलहर से बचने के लिये सबको जागरुक किया। प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने कहा कि शीतलहर में आमजन मानस की सुरक्षा हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है गरीब असहाय और जरूरतमंदों को सर्दी से बचाने का प्रयास पुलिस प्रशासन द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह ने कहा कि गरीबों की दुआएं और बददुआएं दोनों असर करती हैं। उन्होंने कहा कि हर सक्षम व्यक्ति को अपने आसपास के गरीब परिवारों की मदद करनी चाहिये।थाना इन्हौना की थानाध्यक्ष ने बुधवार को क्षेत्र के गांव दिलावरगढ़, इन्हौना, आजादपुर सहित अन्य कई गांवों में पहुंचकर दिव्यांग, बुजुर्गो के साथ जरुरतमंदों को कम्बल वितरित किया। थानाध्यक्ष कंचन सिंह ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अगर कोई समस्या है तो वह हमसे सीधे सम्पर्क कर सकता है पीड़ितों के लिये पुलिस के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

# ब्लाक के जर्जर आवासों में रात्रि निवास नही करते कर्मचारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### बहादुरपर ब्लाक प्रांगण में चौंसठ साल पूर्व बने डेढ़ दर्जन आवास निष्प्रयोज्य साबित हुये

### गैरजनपद के साथ ही किराये के कमरों से काम निपटा रहे ब्लाककर्मी

जायस अमेठी,ब्लाक मुख्यालय बहादुरपुर परिसर के सरकारी आवास अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं सूर्य ढलते ही ब्लाक मुख्यालय वीरान हो जाता है।आवास जर्जर होने के चलते ब्लाक कर्मचारी मुख्यालय पर रात्रि विश्राम नही कर पा रहे हैं।ब्लाक कार्मियों के जर्जर आवासों पर ताला लटकता नजर आता है।आला आधिकारी यह बात जानते हुये भी अंजान बने हुये हैं। विकास खण्ड बहादुरपुर जो चौंतीस ग्राम पंचायतों के विकास की बागडोर संभाले हुये हैं लेकिन खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय खुद ही बदहाली का शिकार है।पूर्व ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर रमेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने बताया कि सन 1960 में बहादुरपुर में सुल्तानपुर रायबरेली राजमार्ग पर ब्लाक बहादुरपुर की स्थापना हुई थी।सरकार ने करोड़ों रुपये की लागत से कर्मचारियों की सुविधा के लिये सरकारी आवास का निर्माण कराया गया था ताकि ब्लाक कर्मचारी मुख्यालय पर ही रात्रि निवास करे। प्रदेश सरकार के साथ ही जनपद के अधिकारियों ने भी कर्मचारियों को मुख्यालय पर ही रात्रि निवास का फरमान भी जारी कर रखा है लेकिन आवास जर्जर होने से कर्मचारी रात्रि विश्राम नही करते है।आवासों के दरवाजे,खिड़की सहित प्लास्टर टूटकर गिर चुके है।अधिकारी भी शासन के निर्देशों का अनुपालन कराने में बेबस नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि अधिकांश कर्मचारी गैर जनपद से अपनी जिम्मेदारी निर्वाहन कर रहे हैं। यही कारण है कि समय से कार्यालय पहुंचना असंभव होता है। ब्लाक में समय से आये फारियादी इधर उधर भटकते रहते हैं।दिन भर गुलजार रहने वाला ब्लाक मुख्यालय शाम होने से पहले ही सुनसान एवं वीरान हो जाता है। क्षेत्र के जितेंद्र सिंह, सुरेश पटेल, अजय सिंह, अनिल सिंह, का कहना है कि ब्लाक परिसर में बीडीओ सहित सभी छोटे बड़े कर्मचारियों के आवास बने हुये हैं लेकिन उनमें कोई रहने वाला नही है।इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी विजयंत सिंह ने बताया कि जर्जर आवासों के निष्प्रयोज्य की रिपोर्ट शासन स्तर पर भेज दी गई है जो भी आदेश शासन से मिलेगा उस पर अमल किया जायेगा।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-BCN-MX-124-23-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.02.2024 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-ZBD-MX-107-23-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.02.2024 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-UCR-MX-95-23-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.02.2024 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-RDL-MX-90-23-3 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.02.2024 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-GNG-MX-85-23-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.02.2024 समय 13:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-ABP-MX-91-23-2 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 17.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 02.02.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 02.02.2024 समय 13:20 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 211/2024

# कर्नलगंज में सीएचसी के नाक के नीचे बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा अवैध पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के नर्सिंग होम,हास्पीटल,क्लिनिक, पैथोलॉजी लैब को एक कानून के दायरे में लाने के लिए सरकार ने नर्सिंग होम एक्ट बनाया है लेकिन स्थिति यह है कि स्वास्थ्य विभाग,जिसके पास एक्ट का पालन करवाने का जिम्मा है,वहीं लापरवाही बरत रहा है।वही कर्नलगंज में सीएचसी के नाक के नीचे दर्जनों से अधिक कि संख्या में अवैध पैथोलॉजी लैब और डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित हो रही हैं।वही एक अनुमान के मुताबिक कर्नलगंज में मात्र कुछ ही लोगो का ही लाइसेंस जारी हो सका है। बाकी नर्सिंग होम एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन कराना मुनासिब नहीं समझ रहे है।सवाल यह भी है कि आखिर एक्ट का उल्लंघन होने पर भी पैथोलॉजी जांच केन्द्र पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा सकी है ? क्या अधिकारियों की मिलीभगत है या फिर दूसरे कारण ? कर्नलगंज में यह स्थिति सिर्फ ही नहीं पूरे जिले की है।जो बगैर रजिस्ट्रेशन कराए की धड़ल्ले से पैथोलॉजी जांच केन्द्र चला रहे है। क्योंकि किसी को कार्रवाई का भय नहीं है।कर्नलगंज में पैथोलॉजी सेंटर की भरमार है।मुख्य सड़क से लेकर तंग गलियों तक में पैथोलॉजी सेंटर संचालित है।इन पैथोलॉजी सेंटर्स पर टेक्निशियन और डॉक्टरों के नाम के बड़े-बड़े बोर्ड भी लगी हैं, लेकिन बेहतर जांच करने का दावा करने वाले इन पैथोलॉजी सेंटर्स की जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीजों का इलाज आगे बढ़ाना खतरनाक साबित हो सकता है।हकीकत में जहां-तहां चल रहे इन पैथोलॉजी सेंटर्स की जांच रिपोर्ट गलत साबित होती है।खुद कई डॉक्टर्स मरीजों द्वारा कराई जाने वाली पैथोलॉजी सबंधी जांच रिपोर्ट से असमंजस में पड़ जाते हैं।हैरानी की बात ये है कि धड़ल्ले से आंखों में धूलझोंक रहे इन पैथोलॉजी सेंटर्स का सच सबको पता है, बावजूद इसके स्वास्थ्य महकमा आंखें बंद कर चुप्पी साधे हुए हैं।

### उपकरण भी हैरान कर देंगे

पैथोलॉजी सेंटर का सच स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का सच छुपा नहीं है। ज्यादातर पैथोलॉजी सेंटर पर बिना टेक्निशियन के जांच की जाती है। जांच करने वाले चिकित्सीय उपकरण की स्थिति भी हैरान कर देने वाली है। पैथोलॉजी सेंटर की आड़ में जांच के नाम पर मरीजों से पैसा वसूलने का खेल स्वास्थ्य महकमे की चुप्पी के कारण फलफूल रहा है।हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की माने तो जल्द ही अवैध रूप से चल रहे पैथोलॉजी सेंटर पर बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सुरक्षा के दृष्टिगत एसएसबी 59 वी वाहिनी ने सीमा चौकियों पर किया गस्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एस एस बी 59वी वाहिनी नानपारा के सीमा चौकी घुमनाबारू, चितलाहवा, मुर्तिहा एवं बलाईगाँव, बाधापुरवा के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में कैलास चन्द रमोला कमांडेंट, 59वी वाहिनी के नेतृत्व में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम मंदिर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा एवं 26 जनवरी की संवेदनशीलता को मद्देनजर देखते हुए भारत नेपाल सीमा पर स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त गश्त संचालित कर सीमा पर आने जाने वाले व्यक्तियों की सघन जांच की गई। मोटर साईकिलों एवं वाहनों की जांच विशेष उपकरणों के माध्यम से किया गया।

उपरोक्त प्रचालन गतिविधियों में 59 वाहिनी के तरफ से अशोक कुमार कुंडू, सहायक कमांडेंट, टी. स्टोब्दन, सहायक कमांडेंट, निरीक्षक (सा.) सुग्रीव प्रसाद, निरीक्षक (सा.) राज किशोर सिंह एवं सहायक उप निरीक्षक (सा.) ठाकुर सिंह स्थानीय प्रशासन के तरफ से मुख्य आरक्षी राज नारायण कनौजिया, वन विभाग पुलिस के तरफ से मनोज कुमार पाठक,राम सिंह मेहरा, घनश्याम, यमन विश्वकर्मा, कमलेश कुमार रमेश कुमार एवं नेपाल के तरफ से महेंद्र चौधरी, राम सिंह मेहरा, गोगन सिंह, बिशेश्वर सम्मलित हुए ।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाईक सवार एक की मौत दूसरा गंभीर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कर्नलगंज गोण्डा। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नारायनपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास मंगलवार की रात्रि में हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई,वहीं बाइक पर बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है जहां उसकी हालत नाजुक बताई जाती है।मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम हीरापुर कमियार के मजरा गोड़ियनपुरवा निवासी निबरे थथउम्र करीब 25 वर्ष व राहुल 18 वर्ष मंगलवार की रात्रि में बाइक से कर्नलगंज बाजार जा रहे थे।नरायनपुर रेलवे क्रॉसिंग के निकट सम्मय माता स्थान के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज पहुंचाया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस दुर्घटना में निबरे के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि दूसरे घायल युवक राहुल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है जहाँ उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जाता है कि घटना के बाद ट्रैक्टर-ट्राली लेकर चालक मौके से भागने में सफल रहा।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## चोरी की बाइक सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस टीम ने टीम के द्वारा रात्रि गस्त व संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों के चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर पुराना माल गोदाम रेलवे स्टेशन के पास से एक चोरी की बाइक सहित दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया।और मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों को जेल भेजा गया।चोरी की मोटरसाइकिल से साथ दो शातिर मोटर साइकिल चोर जुनैद हुसैन पुत्र इसरार हुसैन निवासी द्दुआ बाजार मकार्थीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा, गोलू उर्फ मेराज रैनी पुत्र जुम्मन रैनी निवासी महरानीगंज घोसियाना थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को पुराना माल गोदाम रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया, उनके कब्जे से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल UP43R2868 बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत है।बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गयी।वही पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि इन लोगो का एक संगठित गिरोह है जो आर्थिक लाभ कमाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाकर चोरी की घटनाओ को अंजाम दिया करते हैं।

## हुसैनपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ कार्यक्रम




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । बुधवार को विकासखंड तेजवापुर के ग्राम पंचायत हुसैनपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेजवापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दिवाकर पांडेय रहें। मुख्य अतिथि दिवाकर पांडेय ने स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, रसद विभाग एंव बाल विकास परियोजना विभाग समेत अन्य विभागों की ओर से लगे स्टालों का निरीक्षण कर जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं व मासूमों का अन्नप्राशन कराया। लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड एंव कृषि प्रमाण पत्र को सौंपा। मुख्य अतिथि दिवाकर पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करके केंद्र एंव प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारें में लोगों को बताया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दिवाकर पांडेय ने सभी को शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य गंगूराम निषाद, एडीओ पंचायत रामकुमार, सचिव अविनाश शर्मा, रामनरायन कुशवाहा, प्रधान जगदीश ,डा. अकबाल, फार्मासिस्ट ताहिर रजा, एलटी अभिषेक त्यागी, सुपरवाइज़र पंकज श्रीवास्तव, कम्युनिटी हेल्थ आफिसर निधि, एएनएम संध्या कुमारी, बाल विकास परियोजना के सुपरवाइज़र रजनी सिंह यादव, पंकज सिंह, नरेंद्र कुमार त्रिपाठी मौजूद रहें।

## एसपी ने देर रात्रि रूट डायवर्जन प्वाईंट का लिया जायजा




गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल महोदय ने देर रात्रि अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री जी के आगमन के दृष्टिगत रूट डायवर्जन प्वाईंट दर्जी कुआं, नवाबगंज, मनकापुर रोड़ पर लगे पुलिस बलों को चेक किया गया तथा यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने व सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।साथ ही साथ समस्त क्षेत्राधिकारीगण ने अपने-अपने सर्किल क्षेत्र में व समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों द्वारा अपने- अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले रेलवे स्टेशन,बस स्टैण्ड व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त करने,अयोध्या की तरफ आने- जाने वाले हाइवे व अन्य लिंक रोड पर वाहनों की सघन चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

## गुरु गोविन्द सिंह के पावन प्रकाश पर्व में संगत की आस्था का उमड़ा सैलाब

कानपुर। सिख धर्म के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के जन्मोत्सव पर गुरुद्वारों में संगत की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। गुरु गोविन्द सिंह का प्रकाशोत्सव बुधवार को कड़ाके के सर्दी के बाद भी धूमधाम से मनाया गया। गुरु गोबिंद सिंह के 357वें प्रकाशोत्सव को सिख समुदाय के लोगों ने भजन-कीर्तन के बीच पूरी आस्था के साथ धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर नगर स्थित गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा में संगत के लोगों की ओर से बाबा का दरबार मोतीझील में सजाया गया, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

बुधवार को सुबह से ही धीरे-धीरे कर समुदाय के लोग गुरुद्वारा में एकत्रित होना शुरू हुए। दोपहर तक संगत के प्रत्येक सदस्यों की उपस्थिति के उपरांत कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सर्वप्रथम संगत के एक-एक सदस्यों ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेक बेहतर स्वास्थ्य, परिवार के कुशलता व सुख-समृद्धि की अरदास की। तत्पश्चात बाहर से आए कथा व कीर्तन जत्था के ज्ञानियों ने भक्ति गीतों के माध्यम से गुरु गोबिंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालना शुरू किया। उनके भक्ति गीतों व गुरुवाणी के पाठ के बीच सुर व ताल के संगम में श्रोता पूरे दिन गोते लगाते रहे। वहीं, भजन के बीच-बीच में श्रद्धालुओं द्वारा वाहे गुरु-वाहे गुरु का उद्घोष किया जाता रहा। जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल आदि जयकारों से वहां का वातावरण भक्ति के रंग में रंग गया। इस अवसर पर देर शाम संगत की महिलाओं एवं छोटे-छोटे बच्चों द्वारा विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई, जिसे देख दर्शक भावविभोर हो गए।

मोतीझील में सुबह से शाम तक मेले जैसा नजारा रहा। लोग बच्चों और अन्य परिवार के सदस्य के साथ पहुंचे। यातायात जाम और पार्किंग समस्या के कारण उनको थोड़ी परेशानी भी हुई। उन्होंने मोतीझील के बाहर गाड़ी पार्क कर परिवार के साथ पैदल दूरी नापी। दिन भर धन धन नानक तेरी वडिआई, नानक नाम ध्या लो जी गुरु दिहाड़ा आया है, एक बाबा अकाल रूप, तुमरी शरण तुमरी सजन सहेले .. आदि शबदों से मोगा नगरी गुंजायमान होने लगी। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारों में नतमस्तक होकर पावन बाणी का श्रवण किया। संगत ने पंगत में बैठकर गुरु के लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

## घरेलू कलह से तंग आकर युवती ने पोखरे में लगा दी छलांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत घरेलू विवाद में पिता की डांट से दुखी होकर एक नाबालिग युवती ने सुसाइड कर लिया।युवती ने पोखरे में छलांग लगाकर जान दे दी।युवती के घर में घरेलू विवाद चल रहा था।जिसमें युवती ने विवाद के दौरान अपने पिता से तेज आवाज में बात कर ली थी।जिस पर पिता ने अपनी 17 साल की बेटी को डांट दिया था।

पिता डांट से दुखी होकर युवती ने पोखरे में कूद कर सुबह अपनी जान दे दी।मौके पर पहुंची इटियाथोक कोतवाली पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।दरअसल इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत तिर्रे-मनोरमा गांव के रहने वाले विकास सिंह के यहां कई दिनों से घरेलू विवाद चल रहा था।आए दिन झगड़ा हुआ करता था। कल देर शाम घरेलू विवाद फिर शुरू हुआ तो 17 वर्षीय पुत्री शिवानी ने अपने पिता से तेज आवाज में बात करते हुए विवाद न करनी की बात कही थी। जिससे नाराज होकर के पिता विकास सिंह ने अपनी पुत्री को डांट दिया था। बुधवार सुबह 5 बजे युवती ने तिर्रे मनोरमा पोखरे में छलांग लगा दी।गहरे पानी में डूबने से 17 वर्षीय शिवानी की मौत हो गई है।सूचना पर पहुंची इटियाथोक कोतवाली पुलिस ने युवती के शव को पोखरा से बाहर निकाल कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा ने परिजनों से पूरे मामले की जानकारी लेते हुए बताया कि एक युवती द्वारा तालाब में छलांग लगाकर के जान दिए जाने का मामला सामने आया है।फिलहाल मृतक युवती शिवानी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।मौत के कारण का पता लगाया जा रहा है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## रामजी हमारे दिलों में सुशील मिश्रा अमेरिका में भी राम मंदिर का जश्न, निकाली जाएंगी कार रैलियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। समाजसेवी सुशील मिश्रा ने कहा राम मंदिर प्रतिष्ठा का जश्न केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में रहने वाले भारतीय भी मना रहे हैं।22 जनवरी को रामलला की घर वापसी को लेकर कार रैलियां निकाकर जश्न मना रहे हैं।भारत ही नहीं विदेशों में रहने वाले भारतीय भी अयोध्या में बने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

दुनियाभर में राम मंदिर को लेकर जश्न का माहौल है। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के रहने वाले समाज सेवी सुशील मिश्रा अमेरिका में रहने भारतीय प्रवासी अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को मनाने की तैयारियां कर रहे हैं।

इस अवसर पर जश्न मनाने के लिए अमेरिका में कार रैलियां निकाली जाएंगी।समाज से भी सुशील मिश्रा ने बताया है कि कैलिफोर्निया में भारतीय ग्रुप 20 जनवरी को भगवान श्रीराम की घर वापसी का जश्न मनाने के लिए एक विशेष कार रैली का आयोजन कर रहे हैं।आयोजक सुशील मिश्रा ने कहा कि 400 से अधिक कारें रैली में शामिल होंगी, जिसके साउथ बे से प्रतिष्ठित गोल्डन गेट ब्रिज तक जाने की उम्मीद है।राम मंदिर को गुलाबी रंग देने में है भरतपुर का खास योगदान ? महाभारत और रामायण से रहा है सीधा संबंध 22 जनवरी तक होंगे विशेष आयोजन उत्तरी कैलिफोर्निया के भातरीय भारत के आधुनिक इतिहास के सबसे बड़े और गौरवपूर्ण कार्यक्रम का जश्न मनाने के लिए साथ आ रहे हैं।अमेरिका में स्थानीय मंदिर और प्रवासी संगठन 22 जनवरी तक विशेष उत्सव और आयोजन की योजना बना रहे हैं।

इस दिन अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है।समाज सेवी सुशील मिश्रा ने कहाँ भले ही अयोध्या में ना हो,लेकिन श्री राम हमारे दिल में पिछले कई हफ्तों से श्री राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर वाशिंगटन, शिकागों और अन्य अमेरिकी शहरों में कार रैलिया आयोजित की जा रही हैं।आयोजक समाज सेवी सुशील मिश्रा ने कहा कि रोहित शर्मा,मणि किरण, परम देसाई, दैपयान देब दीपक बजाज और बिमल भागवत सहित समुदाय के नेता कैलिफोर्निया में रैली की योजना बना रहे हैं।आयोजकों का कहना है कि भले ही हम अयोध्या नहीं आ पाएंगे लेकिन श्री राम हमेशा हमारे दिलों में हैं और यह उनकी घर वापसी में हमारा योगदान और भक्ति है।

## भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी की एक अतिआवश्यक विधानसभा स्तरीय बैठक नगर के महर्षि कश्यप हिंदू संस्कृति विद्यालय में आयोजित हुई जिसमें केंद्र एवं प्रदेश की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर पहचाने एवं गति देने के लिए चर्चा हुई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे एवं विशिष्ट अतिथि राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ टिंकू सिंह मौजूद रहे । बैठक कों सम्बोधित करते हुए महामंत्री टिंकू सिंह ने वोटर चेतना अभियान, नमो एप अभियान, स्वच्छता अभियान, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, विकसित भारत अभियान, नव मतदाता सम्मेलन, श्री राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन अभियान, बूथ सशक्तिकरण अभियान के बारे में बताया ।जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने कहा की जो भी योजनाए या अभियान चल रहे हैं उनकी प्रतिदिन समीक्षा होनी हैं और जो भी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं उनको जल्द ही पूरा किया जाए । 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी 1 दिन पहले से ही स्वच्छता अभियान चलाकर एवं जैसे दीपावली में अपने घर को साफ स्वच्छ रखते हुए दीपक एवं झालर लगाकर सजाते हैं इस तरह 22 जनवरी को भी अपने घर को सजाये । ऐसे ही तमाम बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई । इस अवसर पर विधानसभा के समस्त मंडल अध्यक्ष गण, पूर्व अध्यक्ष सहकारी बैंक घनश्याम सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिवपुर सुधीर यज्ञसैनी, रूपनारायण जायसवाल,मंडल प्रभारी देवेंद्र पाठक, युवा मोर्चा महामंत्री अखिलेश यादव गोले, अभय मद्धेशिया, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, नागेंद्र सिंह, विनय प्रकाश गुप्ता, रेखा पाण्डेय शाहिद सैकड़ो पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री आनंद रस्तोगी ने किया।

## रेलवे स्टेशन जरवल रोड पर चला सघन चेकिंग अभियान




### रेलवे स्टेशन,बस स्टॉप, ढाबा व रोडवेज पर पर पुलिस क्षेत्राधिकार रूपेन्द्र गौड़ ने चलाया सघन चेकिंग अभियान घायल गौ वंश की की मदद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइचजनपद बहराइच की नवागंतुक पुलिस अधीक्षक बृंदा शुक्ला के निर्देश के क्रम मे थाना क्षेत्र जरवल रोड के अंतर्गत रेलवे स्टेशन जरवल रोड मे पुलिस क्षेत्राधिकार की अगुवाई में चला सघन चेकिंग अभियान बहराइच सीमा पर स्थित जरवल रेलवे स्टेशन से होकर गोंडा अयोध्या जाने वालों पर रखी जा रही कड़ी निगाहें,सामान बैग,थैला को खोल कर किया जा रहा चेक, थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ढाबे पर पुलिस क्षेत्राधिकार रूपेंद्र कुमार गौड़ व थाना प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड ने जरवल रोड से गोंडा होकर अयोध्या जाने वाले वाहनो व लोगों व रास्ते मे पड़ने वाले ढाबो पर सघन चेकिंग अभियान चला कर लोगों को दिलाया सुरक्षा का अहसास, लोगों को कड़ी चेकिंग का सामना करके जाना पड़ रहा आगे,राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारिया व सुरक्षा के मद्देंनजर थाना क्षेत्र में बैरी केटिंग लगाकर वाहनों की तलाशी ले कर परखी जा रही सुरक्षा व्यवस्था, सुरक्षा की दृष्टिगत को देखते हुए।पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र कुमार गौड़ ने कमान खुद अपने हाथों मे ले रखी हैं, लगातार क्षेत्र में उतरकर कर रहे चेकिंग,क्षेत्राधिकारी श्री गौड ने मीडिया से बात करते हुए कहा की जिले का बार्डर थाना होने के कारण अधिक सतर्कता बरती जा रही हैं। जरवल रोड जाते समय रास्ते मे घायल गौ वंश को देख कर डॉक्टर को बुला कर कराया इलाज।

## सरयू की पवित्र मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी 'राम ज्योति'

### योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव में दिया बड़ा बाजार, अब तो साल में दो बार दीपावली मनाएंगे रामनगरी के कुम्हार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। जिस पावन धरा की मिट्टी में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र ने जन्म लिया, उस अयोध्या की मिट्टी के दर्शन करने निरंतर श्रद्धालु आ रहे हैं। 22 जनवरी के बाद असंख्य श्रद्धालु यहां आएंगे। जिस रामनगरी में 500 वर्षों के इंतजार के बाद रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है। अब उसी धरा की पावन मिट्टी से एक बार फिर 'राम ज्योति' न केवल अयोध्या, बल्कि देश-दुनिया में प्रज्ज्वलित होगी।फिलवक्त श्रीरामलला और हनुमानगढ़ी का दर्शन करने आए श्रद्धालु यहां के कुम्हारों से दीप खरीदकर ले जा रहे हैं, जिसे 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत शाम को अपने घरों पर 'राम ज्योति' जलाकर दीपावली मनाएंगे। योगी आदित्यनाथ की सोची गई कल्पना साकार हुई और चीन की झालरों से दूर यहां के कुम्हारों को दीपोत्सव पर बड़ा बाजार मिला। अब कुम्हारों को आर्थिक रूप से और स्वावलंबी बनाते हुए योगी सरकार इन्हें साल में दो बार दीपावली मनाने का अवसर मुहैया करा रही है। योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पर्यटन विभाग भी स्थानीय कुम्हारों के बनाए गए मिट्टी के 10 लाख दीपों से 22 जनवरी को रामनगरी को सजाने की तैयारी में जुट गया है।22 जनवरी में महज पांच दिन शेष है। जैसिनपुर के कुम्हारों के पसीने अब दीपक के रूप में आकार ले रहे हैं। उन्हें बेकरारी है कि घर-घर में उनके बनाए दीपों से राम ज्योति प्रज्ज्वलित होगी। इसके लिए विपरीत मौसम में भी वे रात-दिन काम कर अधिक से अधिक दीप बना रहे हैं। कुम्हार अशोक प्रजापति बताते हैं ।

# यात्रा का उद्देश्य शासन की विभिन्न योजनाओं द्वारा वंचितों को लाभ से जोड़ना: विधायक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर चौरासी (उन्नाव) । विकसित भारत संकल्प यात्रा में सिर्फ योजनाओं का लाभ ही नहीं पहुंचाया जा रहा है,बल्कि इस यात्रा के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर उन योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारें में हितग्राहियों ने एक लाभार्थियों के रूप में शामिल हो रहे और उनके लाभों के बारे में ग्रामीणजनों को बता रहे है, ताकि शासन की विभिन्न योजनाओं से अन्य वंचित लोग भी जुड़ सके। उक्त बातें क्षेत्र के विधायक श्रीकान्त कटियार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा में क्षेत्र के सरॉय अख्त्यारपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होने बताया कि सरकार की तमाम योजनाओं से जन जन लाभान्वित हुआ है। सरकार की हर योजना को अन्तिम लाभार्थी तक पहुंचाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण स्वच्छ भारत अभियान, किसान सम्मानित, दिव्यांगजन पेंशन, उज्ज्वला आदि सहित तमाम प्रकार की योजनाओं की पहुंच अंतिम लाभार्थी तक है। ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, फतेहपुर चौरासी चैयरमैन मिथिलेश जायसवाल, गिरीश वर्मा, जमुनाधर शुक्ला आदि सरकार की योजनाओं को बताया।विकसित यात्रा का स्वागत ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि मेराज खान एवं सचिव महेंद्र साहू द्वारा किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज बुधवार को क्षेत्र के दो गांवों में पहुंचीं। कुड़ीना गांव में ग्राम प्रधान जानकी देवी सचिव रणकेंद्र सिंह, मनोज कुमार सहित तमाम ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में बालविकास विभाग की ओर से अन्नप्रासन एवं गोदभराई कार्यक्रम भी कराए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नेत्र शिविर आयोजित करके जांचे गए मोतियाबिंद के मरीज



फतेहपुर चौरासी ,उन्नाव।क्षेत्र के एक विद्यालय में शिविर लगाकर आंखों की जांच की गई। नेत्र शिविर में चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए अस्पताल ले जाया गया। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव अख्त्यारपुर स्थित सुरजन देवी छोटेलाल मिश्र बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को जिला अंधता निवारण समिति के तत्वाधान में कानपुर के जवाहरलाल रोहतगी की नेत्र चिकित्सालय द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में आंखों की जांच कर रहे नेत्र परीक्षक अनुराग यादव ने बताया कि शिविर में मोतियाबिंद के आठ मरीजों को चिन्हित किया गया है। जिन्हें अस्पताल के वाहन से कानपुर अस्पताल ले जाया जाएगा कानपुर अस्पताल में मरीजों का ऑपरेशन होने के बाद उन्हें वापस विद्यालय छोड़ा जाएगा। शिविर का आयोजन कानपुर पनकी हनुमान मंदिर के महंत बालक दास महाराज द्वारा कराया गया। इस अवसर पर ओम प्रकाश मिश्र, कैलाश नाथ बाजपेई, प्रेमचन्द्र मिश्र ,गोपाल मिश्र , एकता मिश्र ,संजेश पाण्डेय, दीपक कुमार ,राजेश शुक्ला, सत्यम, सुरेन्द्र, शिवम, मोहित आदि मौजूद रहे।

# विकास की और अग्रसर नगर पालिका पूरनपुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर।जब से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने नगर की कमान अपने हाथों में ली है। तब से नगर पालिका परिषद पूरनपुर नगर क्षेत्र में लगातार विकास कार्य करने का कीर्तिमान स्थापित कर रही है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लगातार नगर को हरा-भरा स्वच्छ साफ सुथरा बनाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। और उनका प्रयास ज्यादा से ज्यादा सफल हो रहा है। पुरानी स्टेट बैंक के पास लगाया गया सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा चौक बनाने का कीर्तिमान जनपद में ही नहीं बल्कि बरेली मंडल में स्थापित किया गया है। नगर को हरियाली युक्त बनाने के लिए दिबायडर पर रंग रोगन सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं। सड़कों का निर्माण सहित प्रत्येक वार्ड के सभासद नाम से गली के मुख्य द्वार पर एक बोर्ड लगाई जा रहे हैं। जिसमें कौन सा वर्ड कहां पर स्थित है। उसके बारे में जानकारी उस बोर्ड पर अंकित की जा रही है। इसके साथ ही नगर पालिका की आय बढ़ाने के लिए स्टैंड के ठेके फ्लेक्स शुल्क जलकर भवन कर को लेकर भी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गंभीर हैं। जिससे नगर पालिका परिषद की आय में बढ़ोतरी हो सके नगर में प्रवेश के लिए पीलीभीत रोड एलआईसी कार्यालय के पास एक कार्तिकेय प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जा रहा है।जिसकी मंगलवार को पूजन के साथ नींव रख दी गई है। जिससे पश्चिम की तरफ से नगर में प्रवेश करने वालों राहगीरों को आसानी से नगर पालिका की सीमा की जानकारी हो सके और नगर में आसानी से प्रत्येक नागरिक प्रवेश कर सकें साथ ही नगर में वृद्धजनों के लिए एक आश्रम खोलने की भी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष की योजना है। साथ ही एक मैरिज हॉल बनवाने का भी निर्णय नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ने लिया है।जिससे गरीब कन्याओं का विवाह आसानी से हो सके जो पिता महंगे महंगे मैरिज हालों में अपनी पुत्री का विवाह संपन्न नहीं करा सकते हैं।इसके साथ ही और भी बहुत से निर्माण कार्य की योजनाएं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बना रहे हैं। जिनको जल्द ही अमली जामा पहनाया जाएगा जिससे नगर वासियों को सुविधा मिल सके।




## अयोध्या से लौटे भवन निर्माण ठेकेदार ने विवाद में की आत्महत्या

हमीरपुर। मंगलवार को अयोध्या से लौटे भवन निर्माण ठेकेदार ने गृह कलह के चलते छत के ऊपर बने कमरे में फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता बुधवार को चल सका। मृतक के चाचा, मां ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है।

फतेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परसेठा निवासी अतुल उर्फ सोनू प्रजापति(32) सुमेरपुर कस्बे के बांकी मार्ग वार्ड संख्या 18 में मकान बनाकर पिछले एक वर्ष से पत्नी के साथ रहता था। वर्तमान में यह अयोध्या में मकान निर्माण की ठेकेदारी कर रहा था। मंगलवार को यह अयोध्या से लौटकर आया था। रात में पत्नी पार्वती से झगड़कर यह सो गया था। पत्नी के सोने के बाद यह चुपचाप उठा और छत के ऊपर बने कमरे में फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता सुबह पत्नी की आंख खुलने पर चल सका। पत्नी पार्वती ने घटना की सूचना ससुरालीजनों के साथ अपने मायके बांकी में दी।घटना की सूचना पाकर मृतक की मां गौरा देवी, चाचा रामकिशोर अन्य परिजनों के साथ मौके पर आए और पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर कस्बा इंचार्ज प्रेमचंद्र मौर्या मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद शव को फंासी से उतारकर मोर्चरी पहुंचाया।

## राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भागवत कथा आयोजन के पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा



लखनऊ। अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री मद् भगवद फाउंडेशन द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो की कथा स्थल से सतरिख रोड विधायक चौराहा होते हुए छोहरियाँ माता मन्दिर चिनहट तक बैण्ड बाजा गाजे बाजे तथा भगवान राम जी दिव्य झांकी के साथ निकाली गई जिसमें मुख्य कथा व्यास परम पूज्य डॉ.कौशलेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज यज्ञ आचार्य पंडित अतुल शास्त्री जी महाराज सूरज शुक्ला तथा नगर वासियों में खूब उत्साह का माहौल रहा कथा के मुख्य यजमान मीनू राजेश पाठक ने बताया कि कथा 18 जनवरी से प्रारम्भ होगी भगवान जन्म 21 जनवरी तथा पूर्णाहुति एवं भण्डारा 25 जनवरी को हैं खुशबू दिनेशानन्द पीठाधीश्वर संत कुटी पलटू दास आश्रम के सानिध्य में चल रहा ये विशाल यज्ञ को सभी ने खूब प्रशंसा की !

## पटाखों से भरे ट्रक में लगी आग, मचा हड़कंप

उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के खरगी खेड़ा गांव के पास ट्रक पटाखे लादकर रायबरेली की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसमें अचानक आग लग गयी। आग लगने से पटाखे धू धू कर जलने लगे। घटना के बाद ट्रक चालक व क्लीनर ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचायी। इस दौरान घंटो देरी तक पटाखे जलते रहे। उसके बाद ट्रक भी जल कर राख हो गया। सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।बता दें दही पुरवा रोड के खरगी खेड़ा गांव के पास बुधवार पटाखों से लदा ट्रक रायबरेली की ओर जा रहा था। अचानक ट्रक में रखे पटाखों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग पहुंच गयी। धीमे-धीमे ट्रक में लदे पटाखे जलने लगे। ट्रक चला रहे हैं चालक की पीछे नजर पड़ी तो उसके होश उड़ गये। चालक ने हिम्मत जुटाकर किसी तरह बस्ती के इलाके को पार किया और सुनसान जगह पाते ही जब खड़ा कर दिया।चालक व क्लीनर दोनो ने कूद कर अपनी जान बचायी और वहां से भाग निकले। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। सारे पटाखे तेज आवाजों के साथ जलने लगे। कुछ देर तो यूं लगा कि जैसे दिवाली मनायी जा रही हो। मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल को बुलाया गया।दमकल की टीम ने घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि ट्रक तमिलनाडु के नंबर का है। चालक क्लीनर फरार हैं। नंबर के आधार पर ट्रक मालिक से संपर्क किया जा रहा है। जानकारी मिलते ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## रामलला के लिए दिल खोलकर दान कर रहे श्रद्धालु

अयोध्या। केंद्र और राज्य की सरकार में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व आधुनिक अयोध्या का निर्माण हो रहा है। अयोध्या आकर श्रीरामलला का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है। श्रद्धालु यहां भगवान श्रीरामलाल का दर्शन-पूजन भी कर रहे हैं और भगवान श्रीरामलला के लिए दिल खोल कर दान भी कर रहे हैं।फिलहाल यहां रोजाना तीन से चार लाख का दान भगवान रामलला की दान पेटी में आ रहा है। पूरे महीने की बात करें तो यह राशि डेढ़ से दो करोड़ रुपये दानपेटी के माध्यम से आ रहा है। ऑनलाइन दान की अभी तक कोई काउंटिंग नहीं की जा सकी।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट का अनुमान है कि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में लाखों भक्त पहुंचेंगे।

# अयोध्या से आए पूजित अक्षत घर-घर बांटने का कार्य कर रहे हैं वरिष्ठ भाजपा नेता राजू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।अयोध्या धाम से प्राप्त पूजित अक्षत को घर घर वितरण कर 22 जनवरी को दीपावली जैसे उत्सव मनाने का आग्रह किया आशुतोष दीक्षित ''राजू जिला कार्यसमिति सदस्य प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख आज दिनांक 17 जनवरी को श्री रामलला विराजमान प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त भगवान श्री राम जी प्रभात फ़ेरी पूजित अक्षत को स्वंम सेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ जाकर घर घर वितरित किए और 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने के लिए सभी ग्राम पंचायत वासियों से निवेदन किया उपरांत मकरसंक्रांति के उपलक्ष्य में देवस्थान फत्तेपुर खुर्द में सभी श्रीराम भक्तों के साथ खिचड़ी भोज किया कार्यक्रम में माननीय प्रान्त सह सेवा प्रमुख श्रीमान उमेश जी भाई साहब एवं माननीय जिला प्रचारक श्रीमान दुष्यंत जी भाई साहब पूर्व मंत्री डॉ विनोद तिवारी, जनसंघी नरेन्द्र प्रकाश दीक्षित'' मुन्नू ,खण्ड संघचालक हरिओम अवस्थी, राजेश वाजपेयी,मंडल अध्यक्ष नितिन दीक्षित, मण्डल महामंत्री अचलेन्द्र मिश्र अचल विधानसभा आई टी संयोजक अचल मोहन पाण्डे,बूथ बालक राम,महेश वर्मा, अनुपम शुक्ल,ग्राम प्रधान बादाम सिंह,आशीष दीक्षित सोनू, अंशुमान दीक्षित, प्रशून दीक्षित,मोनू दीक्षित,नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, मानश शुक्ल, मुकेश शुक्ल, ब्राह्मण महासभा के नवनीत मिश्रा, हरिओम पांडे, महेंद्र मिश्र, संजय मिश्र बजरंग दल, संदीप शुक्ल, साकेत शुक्ल, पुष्पेन्द्र शुक्ल, पंकज शुक्ल,डॉ केशवराम वर्मा ब्लॉक प्रभारी अरविंद वर्मा, प्रधान रामपाल कश्यप,प्रधान बलजीत सिंह, प्रधान लालाराम कुशवाहा, प्रधान सतीश गिरी, हीरालाल चौहान, प्रधान बालकराम आदि बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत वासियों ने श्रीराम पद यात्रा में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शोभा यात्रा निकाली गयी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अम्बेडकर नगर (गोमती नगर फ़ेस-2) द्वारा श्री राम लला स्वरूप सोभा यात्रा हनुमान वाटिका पार्क विराज खंड से कठौता चौराहा , इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान होते हुए सेंट्रल अकैडमी स्कूल इन्दिरा नगर तक निकाली गयी।

इंदिरा नगर सेंट्रल अकैडमी स्कूल पर लखनऊ पूर्व जिला के सभी नगरों से आये हुए सुसज्जित शोभा यात्रा पहुंची फिर वहाँ से सभी नगरों की सम्मिलित शोभा यात्रा अरविंदों पार्क से होते हुए इंदिरा नगर कॉलोनी मे निकाली गयी जिसमे हजारों की संख्या में स्वयंसेवक भाग लिए।

यात्रा में प्रमुख रूप से लखनऊ विभाग प्रचारक अनिल जी,विभाग कार्यवाह अमितेश, भाग संघचालक प्रभात अधौलिया जी, भाग कार्यवाह ज्योती जी,नगर संघचालक जगवीर, नगर सह संघचालक रुद्र नारायण, नगर कार्यवाह चेतन, सह नगर कार्यवाह रजनीश, व्यवस्था प्रमुख सुधीर सहगल, धर्मेंद्र शुक्ला, सर्वजीत, अभिषेक दुबे,शिवेश द्विवेदी, अमर नाथ पांडे ,नलनीकांत एवं प्रदीप मिश्रा उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में पूर्व सांसद ने शपथ कराकर बांटे प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पूर्व सांसद नैनीताल ऽबहेड़ी लोकसभा एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त उत्तराखंड सरकार बलराज पासी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ल्लविकसित भारत संकल्प यात्रा अभियानङ्क के अंतर्गत पीलीभीत बहेड़ी संसदीय क्षेत्र की विधानसभा बहेड़ी स्थित दमखोदा ब्लॉक की ग्रामसभा भोगपुर एवं भैरपूरा में सरकारी योजनाओं से अवगत करवाते हुए कहा की प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने प्रत्येक वर्ग का सम्मान करते हुए सरकारी योजनाओं में कोई भेदभाव ना करते हुए सबका साथ सबका विकास किया है पासी ने कहा प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत बगैर भेदभाव प्रधानमंत्री आवास,अंत्योदय कार्ड, उज्जवला गैसयोजना, निशुल्क शौचालय, आयुष्मान कार्ड ,किसान सम्मन निधि जैसी विभिन्न योजनाओं को लागू करके जनहित का कार्य किया है।पासी ने कहा प्रदेश सरकार ने गुंडा तंत्र पर पूरी तरीके से लगाम लगाकर प्रदेश राम राज्य स्थापित करने का प्रयास किया है इस अवसर पर मोदी के पंच प्रण की शपथ दिलाई, एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनलाभ कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य ठाकुरदास, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व ग्राम प्रधान चंद्रपाल,ग्राम प्रधान पति जावेद खां, ग्राम प्रधान अरशद, पूर्व ग्राम प्रधान तेजपाल सिंह, पूर्व बीडीसी जुबेर खान, पूर्व अध्यापक प्रेम चंद्र मौर्य, कोटेदार पुत्र राहुल, राहुल गौस्वामी सहित समस्त विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वीडियो कॉल के जरिए ली गई तौल लिपिको की हाजिरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।वर्तमान समय मे जनपद पीलीभीत मे 188 क्रय केन्द्रो पर चीनी मिल पीलीभीत,पूरनपुर, बीसलपुर,बरखेड़ा, निगोही, मकसूदापुर, फरीदपुर एवं गुलरिया के द्वारा गन्ना खरीद का कार्य किया जा रहा है।सभी क्रय केन्द्रो पर तौल लिपिकों की तैनाती स्मार्ट गन्ना किसान के माध्यम से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा की जाती है। यह तौल लिपिक 15 दिन के लिये क्रय केन्द्रो पर तौल करते है।

15 दिन के बाद इनका ट्रांसफर केन इम्प्लीमेंटेशन कमेटी की मीटिंग मे किया जाता। इस मीटिंग मे सभी चीनी मिलो के प्रतिनिधि सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं सभी सहकारी गन्ना विकास समितियों के सचिव उपस्थित रहते है। कमेटी के सभी सदस्यो की उपस्थित मे तौल लिपिकों का ट्रांसफर किया जाता है।इस सम्बन्ध मे एलएच चीनी मिल के क्रय केंद्र धनकुना प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पर तैनात तौल लिपिकों की पुष्टि के लिये राम भद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं प्रदीप अग्निहोत्री, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत को आकस्मिक निरिक्षण के लिये निर्देशित किया गया द्य इनके द्वारा क्रय केन्द्रो पर जाकर वीडिओ कॉल के माध्यम से सभी तौल लिपिकों से ख़ुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत से वार्ता करायी।

सभी क्रय केन्द्रो पर स्मार्ट गन्ना किसान के माध्यम से तैनात तौल लिपिक तौल करते हुये पाये गये ।सभी के हस्ताक्षर भी कंाटा जाँच रजिस्टर मे पाये गये।वीडियो कॉल मे तौल लिपिकों के साथ साथ क्रय केन्द्रो पर उपस्थित किसानो से भी वार्ता की गयी।किसानो द्वारा बताया गया कि क्रय केन्द्रो पर तौल से सम्बंधित कोई समस्या नहीं है। धनकुना प्रथम पर मुकेश राय, द्वितीय पर समीर सक्सेना और धनकुना तृतीय पर रोहित कुमार तौल कार्य कर रहे थे।धनकुना द्वितीय पर उपस्थित किसान श्री राजेश बाबू, सूरज पाल, ओमपाल वर्मा, भोले राम, प्रदीप कुमार व अन्य किसानो द्वारा बताया गया कि क्रय केंद्र ठीक संचालित हो रहा हैं।

किसानो को तौल सम्बन्धी कोई समस्या नहीं है द्य जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों एवं सचिवों को निर्देश दिये गये है कि सभी क्रय केन्द्रो पर तैनात तौल लिपिकों की पुष्टि स्मार्ट गन्ना किसान से निर्गत लिस्ट से कर ले।यदि निर्गत लिस्ट से बाहर कोई व्यक्ति तौल कार्य करते हुये मिलता हैं।तो उसके खिलाफ सम्बंधित थाने मे प्राथमिकी दर्ज कराये।

# शिव शक्ति की कथा का रसपान करके श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र में चल रहे रामजानकी की मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के आयोजन में चल रही रामकथा के तीसरे दिन कथावाचक ने भक्तो को शिव सती की कथा का रसपान कराया। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव झूलूमऊ स्थित माँ फूलमती मंदिर परिसर में चल रहे राम जानकी मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के आयोजन में चल रही राम कथा में माँ भुवनेश्वरी मंदिर के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी ने मंगलवार को तीसरे दिन शिव सती की कथा सुनाते हुए कहा कि एक बार एक यज्ञ के आयोजन में प्रजापति दक्ष पहुँचे तो सभी देवताओं ने खड़े होकर उनका स्वागत किया किन्तु भगवान शंकर खड़े नही हुए। जिससे प्रजापति दक्ष भगवान शंकर से नाराज हो गये। शिव से अपने अपमान का प्रतिशोध लेने के लिए जब प्रजापति दक्ष ने यज्ञ का आयोजन किया तो उन्होंने शंकर भगवान को छोड़कर सभी देवी देवताओं को निमंत्रित किया।पिता के इस व्यवहार से दुखी सती भगवान शंकर के मना करने के बाद भी यज्ञ में शामिल होने चली गयी।यज्ञ में पिता द्वारा पति के प्रति अपमान जनक टिप्पणी सुनने से क्षुब्ध होकर सती ने हवन कुण्ड में कूद कर आत्मदाह कर लिया।माता सती की मृत्यु से क्रोधित होकर भगवान शंकर ने यज्ञ को विध्वंस कर दिया।तथा प्रजापति दक्ष का सर धड़ से अलग कर दिया। माता सती के विरह में भगवान शंकर सती का शव लेकर तीनो लोको में विचरने लगे। आचार्य अरविन्द द्विवेदी आचार्य शिवम द्विवेदी एवं आचार्य विनय तिवारी आदि ने चल रहे रामयज्ञ में तीसरे दिवस पूजन एवं हवन का कार्य संपन्न कराया।

## पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे स्वामी श्री आत्मानंद सरस्वती महाराज

उन्नाव। चंदा मांगने के दौरान जय श्री राम का जयघोष करने पर किसान नेता की विशेष समुदाय के हिस्ट्रीशीटर ने निर्मम हत्या कर दी थी। घटना के चौथे दिन कनिष्ठ जगत गुरू शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती राज्य अतिथि छत्तीसगढ़ मृतक किसान नेता के घर पहुंचे।जहां उन्होंने मृतक की पत्नी से हत्या के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मंदिर पहुंचकर दर्शन भी किये। उन्होंने कहा कि वह 22 जनवरी को योगी से अयोध्या में मुलाकात कर पूरी वेदना बताउंगा। जिसके बाद मुख्यमंत्री खुद परिवार से मिलने आयेंगे।

बता दें किसान नेता की हत्या के चौथे दिन कनिष्ठ जगत गुरू शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती राज्य अतिथि छत्तीसगढ़ चंपापुरवा निवासी मृतक किसान नेता विनोद कश्यप के घर पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक की पत्नी प्रीती से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिलाया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना को फोन कहा कि 22 जनवरी तक अपने स्तर से आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करे।मृतक के भाई मन्ने और शैलेन्द्र ने बताया कि पास में बने शिव मंदिर में 22 जनवरी को श्रंगार और भंडारे के लिये चंदा एकत्र करने के दौरान जय श्री राम का जयघोष करने पर भाई की हत्या कर दी गयी थी। जिसके बाद स्वामी आत्मानंद सरस्वती ने मृतक के भाइयों और क्षेत्रीय लोगों के साथ शिव मंदिर पहुंचकर दर्शन किये। उन्होंने मौजूद गंगाघाट इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति से कहा कि प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मंदिर में भव्य श्रंगार कराने के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन कराया जायेगा। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वासन देते हुये कहा कि सौ फीसदी योगी सरकार कार्यवाही करेगी, न गुंडे रहेंगे न गुंडे के घर रहेंगे। 22 जनवरी को योगी से अयोध्या में मुलाकात कर पूरी वेदना सुनाउंगा।

22 तारीख के बाद जैसे ही योगी जी फ्री होंगे, वह परिवार से मिलने के लिये अवश्य आयेंगे। चौबीस घंटे जो अपने समाज के लिये राष्ट्र के लिये रहे हैं वह जरूर आयेंगे। उत्तर प्रदेश के अंदर गुंडा का संरक्षण हो ही नहीं सकता है। गुंडों के घर में बुलडोजर भी जरूर चलेगा।

# कलश यात्रा में जाने से प्रधानाचार्य द्वारा रोकने पर शिक्षिका ने छोड़ दी नौकरी

### राम मंदिर के लिए इतने लोगों ने बलिदान दिया उस बलिदान के सामने नौकरी कुछ भी नहीं शिक्षिका




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर। नगर के पुरानी स्टेट बैंक निकट तिरंगा चौराहा के पास स्थित शिशु मंदिर की शिक्षिका ने कलश यात्रा में प्रधानाचार्य द्वारा रोके जाने पर अपनी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया है।

अयोध्या में श्री राम के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शोभायात्रा निकाली जा रही है। जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित होकर कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रहे हैं।लेकिन पूरनपुर नगर में निकाली गई इस शोभायात्रा में शामिल होने के लिए शिशु मंदिर की शिक्षका और राष्ट्र सेविका समिति की सदस्य द्वारा कलश यात्रा में शामिल होने के आग्रह को प्रधानाचार्य ने स्पष्ट शब्दों में इनकार कर दिया जिसको लेकर शिक्षिका ने अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया है।

शिक्षिका का कहना है।कि राम मंदिर के लिए कितने लोगों ने अपना बलिदान दिया है।उसके सामने यह नौकरी बहुत ही छोटी है।भगवान राम के लिए लोग अपना सब कुछ छोड़ रहे हैं।तो में किया एक नौकरी नही छोड़ सकती हूं।शिक्षका द्वारा त्यागपत्र देने से हड़कंप मचा हुआ है।प्रधानाचार्य की चारों तरफ घोर निंदा हो रही है।

# गरीबी से जंग और विकास संबंधी बहस

नीति आयोग द्वारा इस सप्ताह जारी एक और चर्चा पत्र के अनुसार बीते नौ वर्षों में करीब 24.82 करोड़ भारतीय बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने में कामयाब रहे। नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद और वरिष्ठ सलाहकार योगेश सूरी द्वारा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम तथा ऑक्सफर्ड नीति एवं मानव विकास पहल की मदद से तैयार की गई इस रिपोर्ट का इरादा यह दिखाना है कि बीते नौ वर्षों में विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों ने बहुआयामी गरीबी पर क्या असर डाला। पत्र लेखकों के व्यक्तिगत विचारों को दर्शाता है और इसमें पाया गया कि बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 फीसदी से कम होकर 2022-23 में 11.28 फीसदी रह गई। माना जा रहा है कि जल्दी ही यह गरीबी घटकर एक अंक में रह जाएगी। ध्यान देने वाली बात है कि ताजा राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 (2015-16) और पांच (2019-20) पर आधारित है। चूंकि उपयुक्त प्रासंगिक अवधि के लिए आंकड़े अनुपलब्ध थे इसलिए अध्ययन में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर ही आकलन किया गया। बहुआयामी गरीबी सूचकांक को पारंपरिक मानकों की तुलना में बेहतर संकेतक माना जाता है। उदाहरण के लिए आय के अनुमान हासिल करना मुश्किल है। इसी प्रकार खपत सर्वेक्षण गरीबी और बेहतरी के स्तर का आकलन करने के लिहाज से अपर्याप्त पाए गए हैं। इसके अलावा संभव है ये तरीके नीतिगत हस्तक्षेप के असर को पूरी तरह से आकलित न कर पाते हों। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक तीन व्यापक क्षेत्रों में 10 संकेतकों को शामिल करता है। ये हैं शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर। वैश्विक संकेतकों के अलावा भारतीय संस्करण में मातृत्व स्वास्थ्य और बैंक खाते भी शामिल हैं। निश्चित तौर पर बहुआयामी गरीबी सूचकांक जहां एक व्यापक तस्वीर पेश करता है वहीं आय और व्यय के आंकड़ों की जरूरत की भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। गरीबी के भिन्न-भिन्न पहलुओं पर केंद्रित पर नजर डालते और अधिक आंकड़ों की मदद से बेहतर तस्वीर और बेहतर सूचित नीति निर्माण प्राप्त किया जा सकता है। 2017-18 में हुए अंतिम उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण को सरकार ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि उसके आंकड़े गुणवत्तापूर्ण नहीं हैं। बीते कुछ दशकों में उच्च आय वृद्धि और नीतिगत हस्तक्षेप की मदद से गरीबी में काफी कमी आई। जैसा कि इस पत्र में कहा गया है बहुआयामी गरीबी के शिकार लोगों की तादाद 2005-06 के बाद के 15 वर्षों में 40.38 फीसदी कम हुआ है। गरीबी की तीव्रता में भी काफी कमी आई है। गरीबी में कमी उत्सव मनाने लायक बात है लेकिन भारत को अभी भी इस क्षेत्र में लंबा सफर तय करना है। ऐसे में नीतिगत प्रयास इस बात पर केंद्रित होने चाहिए कि कैसे दीर्घावधि में टिकाऊ आर्थिक वृद्धि हासिल की जाए। भारत को अभी भी निम्न-मध्य आय वाला देश माना जाता है। प्रति व्यक्ति आय में सतत उच्च वृद्धि से ज्यादा तादाद में लोग गरीबी से उबरेंगे और उनके जीवन में बेहतरी आएगी। इसके अलावा राज्य स्तर के आंकड़े गहरी असमानता दिखाते हैं। देश के विकास की प्रक्रिया में कुछ राज्य बहुत पीछे छूट गए हैं। ऐसे क्षेत्रों में अधिक नीतिगत ध्यान देने की आवश्यकता होगी ताकि संतुलित और समावेशी विकास हासिल किया जा सके। इसके अलावा सुधार दिखाने वाले मानकों पर भी और काम करने की आवश्यकता होगी। उदाहरण के लिए शिक्षा के स्तर पर स्कूली शिक्षा वाले वर्षों को शामिल किया जाता है। बहरहाल, यह बात सभी जानते हैं कि देश में शिक्षण से हासिल नतीजे वांछित स्तर से बहुत कम हैं। ऐसे में नीतिगत हस्तक्षेप के तहत सुधार के अगले स्तर पर ध्यान देना होगा। इस दौरान सरकारी व्यय को नए सिरे से निर्धारित करना होगा। उदाहरण के लिए अगर बहुआयामी गरीबी में करीब 11 फीसदी की कमी आई है तो क्या सरकार को देश की बहुसंख्यक आबादी को निःशुल्क खाना देने पर विचार करना चाहिए? इसी प्रकार क्या नकदी हस्तांतरण आगे बढ़ने का मार्ग है या फिर क्या राज्य के संसाधनों का इस्तेमाल विकास में आई कमी को दूर करने के लिए किया जाना चाहिए, मसलन शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए? ऐसे कई नीतिगत प्रश्न हैं जिन पर बहस की जरूरत होगी।

# भारत के खिलाफ मालदीव के कंधे पर चीन ने रखी बंदूक

**वास्तविकता तो यह है कि भारत की भौगोलिक स्थिति के हिसाब से देखें तो मालदीव काफी खास है। यह भारत के करीब है। इसलिए अगर मालदीव में चीन का कब्जा बढ़ता है तो यह भारत के लिए खतरा बढ़ना लाजमी है। भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। चीन पहले भी वर्ष 1962 में सीधा युद्ध कर और एलएसी का उल्लंघन कर गलवान घाटी में घुसपैठ का असफल प्रयास कर चुका है। अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व पांचवें नंबर पर आ चुकी है। इसके अलावा आसियान, जी 20 और ब्रिक्स जैसे सम्मेलनों के आयोजन के बाद वैश्विक स्तर पर भारत का कद बढ़ा है। यूनाइटेड नेशन्स आर्गनाइजेशन की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य बनने का लगातार प्रयास कर रहा है। चीन को लगता है कि भारत से सीधे तौर पर युद्ध लड़ना मुमकिन नहीं है। ऐसी स्थिति में वह भारत के पड़ोसी राज्यों को अपनी कर्ज जाल में फंसाकर भारत पर अप्रत्यक्ष तौर पर हमला कर रहा है।**

चीन कुछ समय से भारत पर लगातार हमलावर है। चीन एलएसी का उल्लंघन निरंतर करता रहा है। लेकिन हर मोर्चे पर विफल रहने के बाद उसने भारत के खिलाफ अत्यक्ष युद्ध छेड़ दिया है। वह यह काम भारत के पड़ोसी देशों को अपनी कर्जजाल नीति में उलझाकर कर रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लक्ष्यद्वीप यात्रा के बाद जिस तरीके से मालदीव के तीन मंत्रियों- मालशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महजूम ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी पर जुबानी हमला किया, वह मालदीव का हमला नहीं है बल्कि उसने यह काम साम्राज्यवादी चीन के इशारे पर किया है।

ध्यातत्व है कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू चीन के समर्थक हैं और वह अपने देश में भारत विरोधी राजनीति कर ही सत्ता में आए हैं। सितंबर 2023 में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) के उम्मीदवार मोइज्जू वहां के राष्ट्रपति चुने गए थे। उनका चीन के साथ मजबूत संबंधों पर जोर है। मोइज्जू ने भारतीय सैनिकों को मालदीव से बाहर करने के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था। इसलिए ऐसा माना जा रहा था कि वह राष्ट्रपति बनने के बाद चीन के इशारे पर काम करेंगे।

ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि मालदीव के मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत के खिलाफ जहर क्यों उगला? इसके पीछे निहितार्थ क्या थे? इसके पीछे चीन क्यों है? वास्तविकता तो यह है कि चीन केवल मालदीव को ही नहीं, बल्कि भारत के पड़ोसी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका सहित सार्क देशों में तेजी से अपनी पैठ बना रहा है। इसके लिए वह इन देशों को अपनी कर्ज जाल नीति और विस्तारवादी नीति के तहत अपने चंगुल में फंसा रहा है। चीन ने नेपाल में 1.34 अरब डॉलर का निवेश किया है। नेपाल में ड्रैगन कई प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर चुका है। नेपाल में चीन एयरपोर्ट, रोड, कॉलेज, शॉपिंग मॉल तक बना रहा है और रेलवे लाइन बिछा रहा है। नेपाल भारत के लिए बहुत प्रासंगिक है लेकिन ओली सरकार ने भारत के साथ अत्यंत पुराने रिश्तों को बिगाड़ दिया था। हालांकि मौजूदा प्रधानमंत्री प्रचंड ने रिश्तों को सुधारने की अच्छी कोशिश की है। भारत के एक और पड़ोसी देश म्यामांर पर चीन लगातार लोन का बोझ डालता रहा है। उसने वहां के रखाइन में पानी के भीतर बंदरगाह बनाने का काम शुरू कर दिया है। म्यांमार का आर्थिक गलियारा, हाईस्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट, हाइवे और एक्सप्रेस-वे चीन के ही भरोसे हैं। इसके अलावा ड्रैगन अपनी वन बेल्ट वन रोड परियोजना के लिए वह म्यांमार से पहले दिसंबर 2016 में बांग्लादेश को अपने चंगुल में ले चुका है। वहां पायरा बंदरगाह भी 600 मिलियन डॉलर के निवेश से चीनी कंपनियां ही बना रही हैं। चीन और पाकिस्तान के बीच नजदीकी सर्वविदित है। भारत के खिलाफ किसी भी पाकिस्तानी गतिविधि में प्रायः चीन का हाथ रहता है। वन बेल्ट वन रोड परियोजना के तहत ही चीन वहां पर ग्वादर पोर्ट बना रहा है। इसके लिए पाकिस्तान को चीन ने 10 अरब डॉलर का कर्ज दिया है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा के नाम पर चीन उस पर 62 अरब डॉलर के कर्ज का बोझ डाल चुका है। यही नहीं, चीन ग्वादर में ही ऐसी कॉलोनी बसा रहा है, जहां पांच लाख चीनी रहेंगे। ड्रैगन वन बेल्ट वन रोड प्रोजेक्ट के लिए श्रीलंका में भी अरबों डॉलर का निवेश कर चुका है। पहले तो चीन ने वहां के बंदरगाह विकसित करने के नाम पर लिए और फिर उन पर कब्जा ही कर लिया। यहां तक कि इनके किनारे की डेढ़ हजार एकड़ जमीन भी ले ली है। सर्वविदित है कि वर्ष 2022 में किस तरीके से श्रीलंका सरकार दिवालिया हो गई और वहां की जनता ने जमकर बवाल काटा था। इसके अलावा चीन भूटान और अफगानिस्तान जैसे भारत के करीबी देशों को भी पटाने में लगा रहता है।

मालदीव के साथ सोशल मीडिया टिप्पणियों से शुरू हुआ विवाद राजनयिक रूप ले चुका है। सवाल यह है कि मालदीव के मंत्रियों ने ऐसा क्यों किया? क्या उन्होंने एक सुनियोजित रणनीति के तहत ऐसा किया? इसके जवाब में मैं कहना चाहूंगा कि जी हां, यह मालदीव के मंत्रियों ने आपत्तिजनक टिप्पणियां स्वेच्छा से नहीं कीं। जिस समय उन्होंने ये टिप्पणियां कीं, उस दौरान मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू चीन की ही यात्रा पर थे। चीन के इशारे पर ही भारत को घेरने की कोशिश की गई। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पद संभालने के बाद भारत से दूरी बनानी शुरू कर दी थी। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद भारत की नहीं बल्कि चीन की यात्रा की। उन्होंने मालदीव से भारतीय 75 सैनिकों को हटाने की घोषणा की। हालांकि मालदीव, भारत का अच्छा पड़ोसी मित्र रहा है जब-जब मुसीबत आई भारत ने उसकी मदद की। नवंबर 1988 पीपुल्स लिबरेशन संगठन और मालदीव के विद्रोहियों ने 80 सशस्त्र लोगों के साथ देश का तख्ता पलट करना चाहा तो भारत ने 16 घंटे के भीतर 500 सैनिकों के साथ ऑपरेशन कैक्टस कर वहां की सत्ता को बचाया था। इस ऑपरेशन में भारत के कई सैनिकों ने बलिदान भी दिया। 2018 में ही भारत ने मालदीव को 140 करोड़ डॉलर का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। वर्ष 2020 में भारत ने मालदीव को चेचक के 30 हजार टीके मुहैया करवाए। इसके बाद कोरोना काल में वैक्सीन से लेकर आवश्यक स्वास्थ सुविधाएं भी दीं। सवाल यह है कि चीन मालदीव और भारत के अन्य पड़ोसी देशों में निवेश कर अपना प्रभुत्व क्यों बढ़ा रहा है? और अब ड्रैगन मालदीव को ढाल बनाकर भारत पर क्यों कर रहा हमला?



वास्तविकता तो यह है कि भारत की भौगोलिक स्थिति के हिसाब से देखें तो मालदीव काफी खास है। यह भारत के करीब है। इसलिए अगर मालदीव में चीन का कब्जा बढ़ता है तो यह भारत के लिए खतरा बढ़ना लाजमी है। भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। चीन पहले भी वर्ष 1962 में सीधा युद्ध कर और एलएसी का उल्लंघन कर गलवान घाटी में घुसपैठ का असफल प्रयास कर चुका है। अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व पांचवें नंबर पर आ चुकी है। इसके अलावा आसियान, जी 20 और ब्रिक्स जैसे सम्मेलनों के आयोजन के बाद वैश्विक स्तर पर भारत का कद बढ़ा है। यूनाइटेड नेशन्स आर्गनाइजेशन की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य बनने का लगातार प्रयास कर रहा है। चीन को लगता है कि भारत से सीधे तौर पर युद्ध लड़ना मुमकिन नहीं है। ऐसी स्थिति में वह भारत के पड़ोसी राज्यों को अपनी कर्ज जाल में फंसाकर भारत पर अप्रत्यक्ष तौर पर हमला कर रहा है। ड्रैगन को लगता है कि वह इन देशों में अपने प्रभाव को बढ़ाकर भारत को वैश्विक स्तर पर कमजोर कर सकता है। चीन अपनी इस मंशा में कामयाब न होने पाए इसके लिए भारतीय नीत नियंताओं को वैश्विक स्तर पर सशक्त कूटनीतिक प्रयास करने होंगे।

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

# श्रीराम जन्म भूमि मुक्ति के लिए संघर्ष और बलिदान का लंबा

**रमेश शर्मा**

अयोध्या में रामजन्म स्थान मुक्ति के लिये सशस्त्र संघर्ष और बलिदान का लंबा इतिहास है। इतनी लंबी अवधि तक चलने वाली कानूनी लड़ाई का उदाहरण भी दुनिया में दूसरा नहीं है। कोई पांच सौ वर्षों के कुल संघर्ष में लगभग एक सौ साठ साल कानूनी लड़ाई के हैं। रामजन्म स्थान पर पक्के निर्माण के लिये पहली बार 1858 में प्रशासन को आवेदन दिया गया था और अदालत में पहला मुकदमा 1885 में दायर हुआ था। यह सारे विवरण लखनऊ और फैजाबाद के गजेटियर में मौजूद हैं।

बाबरकाल में रामजन्म स्थान मंदिर को ध्वस्त कर मस्जिद बनाये जाने के बाद अकबरकाल में हिन्दुओं को एक चबूतरा बनाकर भजन करने की अनुमति मिल गई थी। वह चबूतरा औरंगजेब काल में नष्ट कर दिया गया, किंतु अवध के नवाब सदाअत अली के समय चबूतरा पुनः बहाल हो गया था। समय के साथ भारत की सभी स्थानीय सत्ताएं अंग्रेजों के अधीन हो गई थीं। तब 1858 में अंग्रेज कलेक्टर के समक्ष इस चबूतरे पर छत डालने की अनुमति देने के लिये आवेदन दिया गया था। इसका उल्लेख ''अयोध्या रिविजिटेड'' नामक पुस्तक में इसके अनुसार कलेक्टर ने रिपोर्ट मांगी जो एक दिसंबर 1858 को प्रस्तुत हुई। रिपोर्ट में चबूतरा और पूजन का विवरण है। मांगी गई अनुमति तो नहीं मिली लेकिन तार का एक बाड़ लगाकर विवादित भूमि परिसर में मुस्लिमों और हिंदुओं को अलग-अलग पूजा और नमाज की इजाजत दी गई।

अदालत में पहली बारः इसके 27 वर्ष बाद 1885 में पहली बार मामला अदालत पहुंचा। निर्मोही अखाड़े के महंत रघुबर दास ने फैजाबाद के जिला न्यायालय में एक याचिका दायर की थी। उन्होंने अदालत से दो मांग की थी। एक बाबरी?ढांचे के बाहरी भाग में स्थित राम चबूतरे पर बने अस्थायी मंदिर को पक्का बनाकर छत डालने की और दूसरी मांग इस स्थल के स्वामित्व देने की थी। यह मुकदमा लगभग दो वर्ष चला। जज ने हिंदुओं को पूजा-अर्चना का अधिकार तो दिया है, किंतु वहां कोई पक्का निर्माण करने या स्वरूप में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति देने से इनकार कर दिया। साथ ही स्वामित्व देने की मांग भी खारिज कर दी, लेकिन जज ने यह टिप्पणी अवश्य की कि ''जो हुआ था वह अनुचित था'' इस याचिका के बाद अंग्रेज सरकार ने दोनों परिसरों की सीमा बना दी। इससे कुछ वर्ष शांति रही और दोनों पक्ष अपने अपने परिसरों में पूजन भजन एवं नमाज पढ़ते रहे । लेकिन यहां शांति अधिक दिनों तक न रह सकी। संतों और राम सेवकों का अंतिम संघर्ष आरंभः 1885 के न्यायालयीन निर्णय से पहले तो स्थिति सामान्य रही लेकिन कुछ समय बाद कट्टरपंथी उत्पाती तत्व पुनः सक्रिय हुये और पूजन भजन में बाधा डालने लगे। इसका संतों ने प्रतिकार किया। इससे आये दिन थोड़ा बहुत विवाद होने लगा। तब निर्मोही अखाड़ा और गोरक्ष पीठ के आह्वान पर साधु-संत एकत्र हुये और रामजन्म स्थान की सुरक्षा का दायित्व संभाला। फिर 1934 में संतों ने चबूतरे का विस्तार और मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का प्रयास हुआ जो पुलिस ने विफल कर दिया। साल 1935 में गोरक्षपीठ पर दिग्विजयनाथ आसीन हुये। उन्होंने इस सत्याग्रह संघर्ष को आगे बढ़ाया। विवाद बढ़ा तो अंग्रेज सरकार ने यह पूरे क्षेत्र को अपने अधिकार में ले लिया तथा नमाज एवं पूजन दोनों पर प्रतिबंध लगा दिया। फिर 1946 में बाबरी मस्जिद पर शिया संगठन ने भी दावा किया किन्तु निर्णय हुआ कि बाबर सुन्नी मुसलमान था, इसलिए यह मस्जिद सुन्नियों की है। जुलाई 1949 में संतों ने मस्जिद के बाहर राम चबूतरे पर एक छोटा मंदिर बनाने का प्रयास किया। इस पर स्थानीय प्रशासन की सहमति तो नहीं दी पर आपत्ति भी न की। इससे राम चबूतरे पर अस्थाई राम मंदिर बनाने का काम आरंभ हो गया। इसका विरोध हुआ तो प्रशासन ने हस्तक्षेप करके निर्माण रुकवा दिया। कुछ महीने काम रुका रहा लेकिन 22 और 23 दिसंबर की रात मस्जिद परिसर में राम सीता और लक्ष्मण की मूर्तियां प्रकट हुई। एक पक्ष का कहना था कि रामलला स्वयं प्रकट हुये जबकि दूसरे पक्ष का कहना था कि मस्जिद पर अधिकार करने के लिये रात में यह मूर्तियां रख दी गईं। इस पर भारी हंगामा हुआ और प्रशासन ने 29 दिसंबर को यह परिसर अपने अधिकार में लेकर रिसीवर बिठा दिया गया।

## सेहत मंत्र

# दिन में ज्यादा नींद का कारण हो सकता है नार्कोलेप्सी रोग

नार्कोलेप्सी नींद से जुड़ा एक डिस्आर्डर है, जिसमें व्यक्ति को जरूरत से ज्यादा नींद आती है। आमतौर पर दिन में ज्यादा नींद आना इस रोग का लक्षण होता है। नार्कोलेप्सी के कारण व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में अचानक सो सकता है। कई बार तो मरीज बैठे-बैठे, हंसते हुए या रोते समय भी सोने लगता है। आमतौर पर किसी को ज्यादा नींद आने पर लोग समझते हैं कि ये ज्यादा थकान या ज्यादा खाने का परिणाम है मगर नार्कोलेप्सी को मेडिकल साइंस में एक न्यूरोलॉजिकल समस्या माना जाता है, जिसका आसानी से इलाज संभव है। आइये आपको बताते हैं क्या है नार्कोलेप्सी और कैसे करें इससे बचाव। क्या है नार्कोलेप्सीः नार्कोलेप्सी एक तरह का स्लीप डिस्आर्डर है, जिसमें मरीज़ कभी भी अचानक सो जाता है। इस डिस्आर्डर के कारण रातभर पूरी नींद लेने के बावजूद मरीज दिन भर उनींदा और थका हुआ महसूस करता है। इस रोग से प्रभावित मरीज कितना भी सो ले लेकिन उसे ऐसा लगता है, जैसे वह सोया ही नहीं है। यह बीमारी ज्यादातर 15 से 25 साल की उम्र के लोगों को अपना शिकार बनाती है और ये पुरुष या महिला किसी को भी हो सकती है। क्या हैं नार्कोलेप्सी के लक्षणः नार्कोलेप्सी के मरीज को पूरे दिन नींद आती रहती है। 8-9 घंटे नींद लेने के बाद भी मरीज को नींद अधूरी लगती है। ज्यादा नींद के साथ-साथ मरीज को आलस और थकान की समस्या होती है। मरीज कहीं भी और कभी भी सो जाता है जैसे- हंसते हुए, रोते हुए, बैठे हुए या खाते हुए। आमतौर पर नार्कोलेप्सी के मरीज सुबह बहुत देर से उठते हैं। नार्कोलेप्सी के मरीज को कई बार स्लीप पैरालिसिस की समस्या भी हो सकती है। क्या है नार्कोलेप्सी का इलाजः सोने और जागने का समय करें निर्धारित- नार्कोलेप्सी के मरीजों के लिए सोना का शेड्यूल बनाना बहुत जरूरी है। हर रोज एक ही समय पर सोने के लिए बिस्तर पर जाएं और सुबह बिस्तर छोड़ें। बेडरूम में रीडिंग या फिर टीवी देखने जैसी एक्टीविटी न करें, इससे नींद में खलल पड़ सकता है।

## धर्म मंत्र

# सद्बुद्धि चाहिए तो करें गणेश-गायत्री का स्मरण

हमारे देश में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसे पर्व का रूप देने का श्रेय स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी एवं समाज सुधारक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक को जाता है। इन्होंने ही इसे पर्व का रूप प्रदान किया। इसके पीछे उनका उद्देश्य था, देश के युवाओं को एकत्रित और संगठित करना तथा देश, धर्म और संस्कृति के लिए सभी को एक सूत्र में बाँधना। यह उद्देश्य सफल भी हुआ। तब देश पर अंगरेजी हुकूमत थी। श्री तिलक ने संगठित युवाशक्ति को उसके खिलाफ उपयोग कर देश की आजादी में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। पर तब से गणेश पूजन ने उत्सव का रूप ले लिया और अब तक उसी रूप में मनाया जा रहा है। महाराष्ट्र में इसे प्रमुख रूप से मनाया जाता है। श्रीगणेश जी का जन्म भाद्र शुक्ल चतुर्थी को होने से इसे उसी दिन मनाया जाता है। कहते हैं कि श्रीगणेश जी की निष्ठा से पूजा करके जो कार्य किया जाता है, वह अवश्य सफल होता है। श्रीरामचरित मानस के बालकाण्ड के १00वें दोहे में प्रसंग आता है- मुनि अनुसासन गनपतिहि पूजेउ संभु भवानि। कोउ सुनि संसय करै जनि सुर अनादि जियँ जानि? 'गणेश' शब्द का अर्थ होता है- जो समस्त जीव-जाति के ईश अर्थात स्वामी हों-गणानां जीवजातानां यः ईशः सः गणेशः। श्री मानसपूजा में गणेश जी को प्रणव (ओंकार) कहा गया है। इस एकाक्षर ब्रह्म में ऊपर वाला भाग-गणेश जी का मस्तक, नीचे का भाग-उदर, चन्द्रबिन्दु-लड्डू और मात्रा-सूँड़ प्रतीक है। समस्त सृष्टि उन्हीं के उदर में अवलम्बन पाने से वे लम्बोदर कहलाते हैं। उनके बड़े-बड़े कान अधिक ग्राह्यशक्ति तथा छोटी आँखें सूक्ष्म दृष्टि को दरसाती हैं।

## पर्यटन



# महाबलीपुरम है अकेले घूमने के लिए बहुत ही बेहतरीन और सुरक्षित जगह

अकेले घूमना-फिरना बेशक अलग एक्सपीरियंस देता है लेकिन गोवा, अंडमान, नैनीताल जैसी जगहें अकेले घूमने के लिहाज से सही नहीं यहां तो ग्रूप के साथ ही एन्जॉय किया जा सकता है। सोलो ट्रिप के लिए मंदिर, किले और महल ज्यादा अच्छे ऑप्शन होते हैं जहां आप आराम से उनके बारे में जान सकते हैं और एक्सप्लोर कर सकते हैं। महाबलीपुरम ऐसी ही जगह में शामिल है जहां बैगपैक कर निकल जाएं अकेले घूमने। महाबलीपुरमः महाबलीपुरम तमिलनाडु का एक ऐतिहासिक शहर है। जो कांचीपुरम शहर में बसा है। चेन्नई से 55 किमी दूर महाबलीपुरम दुनियाभर में अपने विशाल मंदिरों और समुद्र तट के लिए मशहूर है। यहां के ज्यादातर स्मारक पल्लव शासकों द्वारा बनाए गए हैं। जिसकी खूबसूरती और अद्भुत वास्तुकला को देखने के लिए यहां आना पड़ेगा। कृष्णा बटर बॉलः खड़ी चट्टान पर टिके हुए इस विशाल पत्थर को देखकर बहुत आश्चर्य होता है। शोर टेंपलः द्रविड शैली का यह मंदिर 8वीं सदी में बना था। मंदिर के अंदर एक चट्टान पर भगवान विष्णु और शिव के चित्र बने हुए हैं। कृष्णा मंडपमः इस मंदिर में भगवान कृष्ण की कथाओं को चित्रित किया गया है। जहां आकर आप सुकून और रिलैक्स महसूस करेंगे। पांच रथः खूबसूरत नक्काशी और कला के लिए दुनियाभर में मशहूर है महाबलीपुरम का पांच रथ। जो पांच पांडवों के नाम से जाना जाता है। इसकी खास बात यह है कि इसे एक ही पत्थर से काटकर बनाया गया है। चोलामदल आर्टिस्ट गांवः इस गांव आकर आपको शिलालेख, चित्र और कला के कई बेहतरीन नमूने देखने को मिलेंगे। घड़ियाल बैंकः ये एक पिकनिक स्पॉट है जहां आकर आप अपना पूरा दिन एन्जॉय कर सकते हैं। कैसे पहुंचेः चेन्नई से 1.5 घंटे का सफर तय करके आप महाबलीपुरम पहुंच सकते हैं। वैसे चेन्नई से बसों और टैक्सी की भी सुविधा अवेलेबल है। यहां के लिए सबसे नज़दीकी रेलवे स्टेशन चेंगलपट्टू है जो महाबलीपुरम से 29 किलोमीटर दूर है।

# जंगली जानवर का आंतक, ग्रामीण पर किया हमला, फरार

## जानवर को ढूंढने में जुटी वन विभाग की टीम

## ग्रामीणों में तेंदुआ होने की आशंका जाहिर की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर/बाराबंकी:- सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत नसीरपुर में चार दिनों से लगातार जंगली जानवर को लेकर आसपास के गांव में दहशत व्याप्त है छतीनी गांव में मंगलवार को एक गाय पर हमला कर दिया सूचना पर वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर सरसों गाना के खेतों में ग्रामीणों के साथ पता किया की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका

ग्राम पंचायत नसीरपुर निवासी अशोक कुमार के खेत पर लगे ट्यूबवेल के पास धान के पुवाल पर जंगली जानवर को बैठा देखा इसके बाद से गांव वालों में दहशत व्याप्त है छतीनी गांव निवासी की गाय पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया घर के पास बैठी महिलाओं ने एक अजीब सा जानवर देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे वह मौके से फरार हो गया और गाय के ऊपर पंजों के निशान लग गए इसकी सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी हरख प्रदीप कुमार ने अपनी टीम रामदेव सचिन पटेल अनिल तिवारी पप्पू आजाद बंसी के साथ मौके पर पहुंच गए ग्रामीणों ने बताया कि जिस तरफ जंगली जानवर गया है और गाना भी काफी लगा हुआ है वन क्षेत्र अधिकारी ने अपनी टीम और ग्रामीणों के साथ मिलकर शोर मचाते हुए गन्ने के अंदर कम दिन की उसके बाद आसपास के सरसों के खेतों में भी टीम और ग्रामीणों द्वारा ढूंढा गया लेकिन कुछ पता नहीं लग सका ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को खूब खरिकोटि भी सुने और कहा सूचना देने के 3 घंटे 4 घंटे बाद टीम गांव पहुंचती है तब तक जंगली जानवर कहीं निकल जाता है अब ऐसा नहीं चलेगा गांव के तो कुछ लोग इस जीत पर है गए की पिंजर मंगा कर रखवाना होगा क्योंकि प्रत्येक दिन गांव के बच्चे बुजुर्ग महिलाएं सभी लोग खेतों में काम करने जाते हैं यदि किसी के साथ कोई घटना हो गई तो इसका जिम्मेदार कौन होगा इसके बाद वन क्षेत्र अधिकारी ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया और कहा की जंगली जानवर भेड़िया हो सकता है इसके पहलेक्षेत्र के कमलापुर बवकरपुर टेडवा शेखपुर हकीम गांव में भी ग्रामीणों द्वारा जंगली जानवर देखे जाने की शिकायत की गई थी ग्रामीणों को घर से खेतों में अकेले काम करने ना जाए और जब भी खेतों की तरफ जाए तो सतर्क रात में निकले टॉर्च हाथ में लेकर निकले और घरों के पास आग जलाने की हिदायत दी।वन क्षेत्र अधिकारी हरख प्रदीप सिंह का कहना है ग्रामीणों के सूचना पर पहुंच कर जिस गाय पर हमला करने की बात बताई गई थी उसकी ऊपर पंजों के निशान मिले हैं और आसपास के गांव में भी पागल चीनच देखे गए हैं तेंदुआ के अलावा जंगली जानवर हो सकता है ।

## गेरावां मठ के महंत कृष्णानंद भारती को मिला आमंत्रण

बाराबंकी। कस्बे के गेरावां मठ के महंत कृष्णानंद भारती को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का आमंत्रण प्राप्त हुआ है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने हैदरगढ़ के गेरावां मठ के महंत अखिल भारतीय संत समिति के कोषाध्यक्ष परमादर्श 1008 कृष्णानंद भारती को श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता भेजा है। महंत कृष्णानंद भारती ने हैदरगढ़ के पास बाबा प्रेमदास की कुटी के महंत 108 लालतादास महाराज से भेंट की।

महंत लालतादास ने महंत कृष्णानंद भारती को अयोध्या मे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दीं। महंत कृष्णानंद भारती ने कहा कि यह मेरे परम सम्मानित गुरु एवं वरिष्ठ संतों तथा भगवान रामलला की कृपा है। 18 जनवरी को अयोध्या धाम अपने आवासीय स्थान पहुंच जाएंगे। 18 जनवरी को महंत कृष्णानंद भारती के अयोध्या जाने पर रामभक्त कमेला चौराहा, सुबेहा तिराहा, मुख्य चौराहे एवं नसीपुर में अभिनंदन करेंगे।

# राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने लोधेश्वर महादेवा मे किया जलाभिषेक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। अयोध्या पुरी में श्री रामलालजी कि प्राण प्रतिष्ठा के द्रष्टिगत राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने महादेवा धाम पहुंचकर आदिदेव महादेव जी का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया।अगले क्रम में मंत्री ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दिया।शिक्षा चिकित्सा परिवार कल्याण एवं मातृ शिशु कल्याण राज्य मंत्री ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की सरकार तीसरी बार बनाएगी।सपा मुखिया पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि विनाश काले विपरीत बुद्धि की कहावत इन पर सही साबित हो रही है।पिछले चार चुनाव से जनता का प्यार व आशीर्वाद जिस प्रकार मिल रहा है।वह अपने आप में परिलक्षित कर रहा है कि प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में सर्वांगीण विकास हो रहा है।आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 80 सीटों पर भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी।विरोधी पार्टियों के लिए यह करारा जवाब होगा कि विकास हो रहा है या नहीं।लोगों के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महादेवा में रात्रकालीन चिकित्सक तैनात किए जाने की शिकायती पत्र को संज्ञान में लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को डॉक्टर की तैनाती किए जाने के निर्देश दिए।अतिथिगृह बुढ़वल पहुंचकर पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी व संबंधित विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।डाक बंगले पर पहुंचते ही सुरक्षा कर्मियों के द्वारा सलामी दी गई।इस अवसर पर पूर्व विधायक शरद अवस्थी सीएमओ अवधेश यादव एसडीएम नागेंद्र पांडे पुलिस क्षेत्र अधिकारी हर्षित चौहान थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ग्राम प्रधान राजन तिवारी अनिल अवस्थी अमरीश अमित अवस्थी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी व भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सौरभ शिक्षा सदन हमारे लिए पूज्य तो जगदीश सर प्रेरणा हैं: डाक्टर आशीष सिंह

## शिक्षा मंदिर व साहित्यकार का बढ़ाया मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामसनेहीघाट बाराबंकी।बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत देवीगंज में सौरभ शिक्षा सदन हाईस्कूल के प्रांगण आयोजित स्वागत समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे समाज सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष सिंह सिसोदिया ने विद्यालय के कक्ष बनाने के लिए 5 लाख की धनराशि ,सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों को 5100 सौ रुपए की धनराशि देकर विद्यालय का मान बढ़ाया, वही क्षेत्र के जरौली निवासी कवि पत्रकार साहित्यकार लेखक, योगेंद्र शुक्ला ''मधुप'' को पुस्तक लिखने के लिए 50000 हजार की धनराशि देकर लेखक का मान बढ़ाया। व पत्रकारों को सील्ड शाल और डायरी व घड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार प्रेस क्लब अध्यक्ष राम बाबू, विकास पाठक, दीपांशु सिंह, श्रेयांस सिंह, सूरज, दीपक वर्मा, अवधेश वर्मा, भक्तिमान पांडेय, हथौंधा स्टेट राजा अविनाश सिंह, मिथिलेश आचार्य, हथौंधा प्रधान प्रतिनिधि मोहित सिंह, कवि दुष्यंत शुक्ला सिंहनादी, अवध पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य दुर्गेश यादव, जय मां अंबे शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश वर्मा, अहिल्याबाई विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार पाल,

समाजसेवी विवेकानंद शुक्ला, किसान नेता शांति भूषण, विद्यालय प्रबंधक जगदीश शुक्ला, विद्यालय के बच्चों सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा

# नगर पंचायत जैदपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी : जैदपुर नगर पंचायत स्थित जिला परिषद ग्राउंड में बुधवार को भारत विकसित संकल्प एवं मिशन 2047 का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आदित्य सिंह टाइगर रहे। इस मौके पर उन्होंने मौजूद जनता को सम्बोधन किया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा दी गयी सरकारी सभी योजनाओं को विस्तार से जानकारी दी। उज्ज्वला योजना आवासीय योजना किसान सम्मान निधि आयुष्मान कार्ड सहित भाजपा सरकार द्वारा दी जा रही सभी योजनाओं को एक एक कर बताया। इस कार्यक्रम में मौजूद सभी को मुख्य अतिथि द्वारा संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत भाजपा प्रत्याशी अबू उमैर अंसारी ने भी सभी लोगों को सम्बोधित किया। और भाजपा सरकार संकलपित 2047 तक विकास शील देश बनाये जाने पर भाजपा को एक फिर से लोक सभा चुनाव में केन्द्र में सरकार बनाये जाने की अपील की। इस मौके पर अतिथि शशि गुप्ता आकाश गुप्ता मंडल महामंत्री विनय वर्मा अधिशाषी अधिकारी आलोक वर्मा सुनील वर्मा अमन डाक्टर नजमुल सभासद ताहिर अंसारी सुमन लोधी अबसार शाह आलम आरिफ अफसार बनवारी लाल निजामुद्दीन शाह बिलाल सफीक सहित भारी संख्या में महिलाओं सहित लोग मौजूद रहे।

# लूट और आर्म्स एक्ट के अलग-अलग मामलों में अभियुक्त को मिली कारावास की सजा, लगा अर्थदंड

बाराबंकी। छह वर्ष पहले बाइक व नगदी लूटने तथा आर्म्स एक्ट के अलग-अलग मामलों में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने अभियुक्त को दोषी करार दिया। इसके साथ लूट के मामले में छह साल 16 दिन के साधारण कारावास व एक हजार रुपये अर्थदंड तथा आर्म्स एक्ट के मामले में तीन वर्ष के साधारण कारावास व पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।थाना व कस्बा कोठी निवासी कमल कश्यप पर जैदपुर थाना क्षेत्र लूट व देवा कोतवाली में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज था। जैदपुर थाने में नगर कोतवाली के राजपुरम कॉलोनी निवासी अजय तिवारी ने 12 अक्टूबर 2017 को जैदपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अज्ञात बदमाशों ने उससे एक लाख रुपये की नगदी व दो बाइक व कूपन लूटकर फरार हो गए है। इस पर पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।इसके बाद तत्कालीन विवेचक ने साक्ष्यों के संकलन के साथ अभियुक्त थाना व कस्बा कोठी निवासी कमल कश्यप को गिरफ्तार कर जेल भेजा। उसके बाद अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया। वहीं देवा कोतवाली पुलिस ने 20 नवबंर 2017 को अभियुक्त कमल कश्यप को तमंचे के साथ पकड़कर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।इन दोनों मामलों की सुनवाई कर रही अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने अभियुक्त कमल कश्यप को दोषी मानते हुए लूट के मामले में छह साल 16 दिन के साधारण कारावास व एक हजार रुपये अर्थदंड तथा आर्म्स एक्ट के मामले में तीन वर्ष के साधारण कारावास व पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# 2014 से पहले चेहरा देखकर योजनाओं का मिलता था लाभ : प्रदेश उपाध्यक्ष

बदायूं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम बदायूँ में जगह-जगह ग्राम पंचायत व नगर निकाय स्तर पर हुए। जिसमें एलडी वैन के माध्यम से योजनाओं को दिखाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया।इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा ने नगर पालिका दातागंज में कहा लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ दिया जाता था, लेकिन 2014 के बाद योजनाओं का लाभ गरीब, वंचित, दलित, पिछड़ा या समाज के उन सभी लोगों को दिया जाने लगा जो अब तक वंचित थे। साथ ही कहा भाजपा सरकार में सबका साथ और सबका विकास केवल एक नारा नहीं बल्कि एक हकीकत भी है, भाजपा सरकार में प्रत्येक व्यक्ति योजनाओं का लाभ हर एक तबके को देने का काम किया है।

वहीं बदायूं की सांसद डॉक्टर संघमित्रा मौर्य ने ब्लॉक बिसौली के शेखूपुरा व भानपुर गांव में जन संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि जब नेतृत्व अच्छा होता है तो सबका सम्मान बढ़ता है, पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यही हुआ है। बिना भेदभाव जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना ही प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव-गांव नगर-नगर पहुंच रही मोदी जी की गारंटी वैन को हर एक नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली का वाहक है।इसके अलावा आँवला सांसद धर्मेन्द्र कश्यप, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, पूर्व विधायक धर्मेन्द्र शाक्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा पूनम यादव अलग-अलग ब्लॉक के अलग-अलग गांव में जाकर जनसंकल्प यात्रा के बारे में लोगों को जानकारी दी।

# अंतरिम निषेधाज्ञा अर्जी नियत समय में तय करें न्यायिक अधिकारी : हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के सभी न्यायिक अधिकारियों को 16 अगस्त 2017 को जारी सर्कुलर का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है। साथ ही हाईकोर्ट के महानिबंधक को भी 16 अगस्त के सर्कुलर का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश के साथ तत्काल सर्कुलर जारी करने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश व कानूनी उपबंधों के बावजूद अधीनस्थ अदालतों द्वारा अंतरिम निषेधाज्ञा अर्जियों का निस्तारण न करने पर चिंता जताई है। कहा है कि नियमानुसार छह माह में दाखिल अंतरिम निषेधाज्ञा अर्जी तय कर दी जानी चाहिए। ऐसा न करने के कारण लगातार अनावश्यक रूप से अर्जी तय करने की मांग को लेकर याचिकाएं दायर की जा रही है।कोर्ट ने प्रश्नगत मामले में अधीनस्थ अदालत को याची की 2020 से लंबित अर्जी छह सप्ताह में निस्तारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने गाजीपुर के महेंद्र की याचिका पर दिया है। याचिका में रामकीर्ति व अन्य विपक्षियों के विरूद्ध दाखिल निषेधाज्ञा अर्जी तय करने का समादेश जारी करने की मांग की गई थी।

# फतेहपुर के युवक की लाश बांदा के लॉज में मिली

बांदा। जनपद के रेलवे स्टेशन के समीप एक लॉज में बुधवार को फतेहपुर निवासी एक युवक की लाश बरामद हुई है। बेड की चादर से फांसी पर लटके शव को बरामद कर पुलिस ने जांच पड़ताल की।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी गवेद्र पाल गौतम ने बताया कि शहर कोतवाली अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक लॉज के मैनेजर अंबर द्वारा आज पुलिस को बताया कि लॉज में 16 जनवरी से फतेहपुर के ग्राम दतौली निवासी सोम प्रकाश (36) कमरा लेकर ठहरा हुआ था। आज बुधवार को सवेरे जब उनके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो पहले आवाज दी गई, लेकिन आवाज देने के बाद भी कमरे में किसी तरह की हलचल नहीं हुई। तब पुलिस को सूचना दी गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, तो पाया कि युवक कमरे में बेड की चादर के सहारे फांसी पर लटका हुआ था और उसने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था। जिसमें एक मोबाइल नंबर था। इस मोबाइल नंबर के जरिए मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। मृतक ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं जुआरी और शराबी हूं, जिसकी वजह से घर के सभी लोग परेशान रहते थे। अब मैं यह वतन छोड़कर हमेशा हमेशा के लिए जा रहा हूं। इसके लिए किसी पर दोषारोपण नहीं कर रहा हूं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से हुआ सांसद का संवाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बुधवार को नगर पंचायत सिद्धौर तथा विकास खण्ड हरख के ग्राम पंचायत पंडरी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बाराबंकी सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने लाभार्थियों और उपस्थित जनता-जनार्दन को पीएम नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। और लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि देशवासियों को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का यह अभियान लगातार विस्तार ले रहा है मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहाँ भी जा रही है वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है ।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष प्रवीण सिंह, राम कुमार मिश्रा, चेयरमैन नगर पंचायत रमता रावत, दिनेश शर्मा, संग्राम वर्मा, प्रमोद गोस्वामी, रंजीत वर्मा, संतोष रावत, अरविंद, आयुष रावत सहित अन्य लोग उपस्थित रहें ।

# संघ और भाजपा के साथ अराजकतत्वों को सद्बुद्धि के लिए कांग्रेसियो ने गांधी प्रतिमा के सामने बैठकर गाया रामधुन की प्रार्थना

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो.मोहसिन की अगुवाई मे गांधी भवन मे गांधी प्रतिमा के सामने बैठकर किया रामधुन का गायन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। मकर संक्रन्ति के अवसर पर रामलला के दर्शन को अयोध्या धाम गये कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय, कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के साथ गये उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ध्वज वाहक अनोखे लाल तिवारी के साथ भाजपा एवं संघ के अराजकतत्वो द्वारा की गयी मारपीट एवं पार्टी ध्वज को अपमानित करने के विरोध में कांग्रेसजनो ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो.मोहसिन की अगुवाई में गांधी प्रतिमा के सामने भाजपा एवं संघ के अराजकतत्वो को सद्बुद्धि आये और देश में भाईचारा बना रहे इसके लिये रामधुन गाकर प्रार्थना की।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने रामधुन गाने वालो में मुख्यरूप से कांग्रेस अध्यक्ष मो.मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, शबनम वारिस, इरफान कुरैशी, मो. इजहार सिद्दीकी, अजीत वर्मा, शिव बहादुर वर्मा, केसी श्रीवास्तव, रामहरख रावत, अमित मिश्रा, अखिलेश वर्मा,मो.आरिफ, रमेश कश्यप, सुरेन्द्र शर्मा, प्रीति शुक्ला, विजयपाल गौतम, तस्लीमन खान, संजीव मिश्रा, कौशल किशोर वर्मा सहित दर्जनो की संख्या में कांग्रेसजन थे।

# पूर्ति निरीक्षक की जांच अनियमिता एफआईआर होने के संकेत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सरकार की लाख कोशिशों के बाद सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी थम नहीं रही है। मंगलवार को फतेहपुर तहसील के कोटेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं हैदरगढ़ तहसील के कोटेदार राशन की घटतौली करने में पीछे नहीं है। जी हां, सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के जरगावां कोटेदार के बीते महीनों से राशन की कटौती कर कालाबाजारी कर रहा था इसकी शिकायत पर मंगलवार पूर्ति निरीक्षक की जांच में 8 कुंतल गेहूं व स्टॉक रजिस्टर व ई-पास में अंतर मिला। इसकी रिपोर्ट एसडीएम हैदरगढ़ को सौपी है। कोटेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के संकेत दिए हैं।

सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के जरगावां, पैगंबरपुर, शाहाबाद पकरिया और सरैया गांव की पंचायत जरगावां में दो कोटेदार है लवकुश व मैसर जहां है। लेकिन बीते महीनों से जरगावां कोटेदार मैसर जहां का खाद्यान्न स्थानीय गांव निवासी सोनू वर्मा द्वारा बांटा जाता था। वह प्रतिकार्ड एक किलो कटौती कर कार्डधारक को राशन कम देता था। गांव निवासी सीमा देवी, ज्वाला प्रसाद, सर्वजीत, संदीप, सुनैना रावत, संगीता यादव, रमेश कुमार व अनुज वर्मा आदि लोगों ने डीएम सत्येंद्र कुमार झा से शिकायत की। मंगलवार क्षेत्रीय सप्लाई इंस्पेक्टर सिद्धौर संजय कुमार ने जांच की। उनकी जांच में खाद्यान्न गोदाम, ई-पास मशीन व स्टाक रजिस्टर में आठ कुंतल गेहूं का अंतर मिला। इसकी रिपोर्ट एसडीएम हैदरगढ़ को सौंपी है। पूर्ति निरीक्षक ने वितरण रजिस्टर, ई-पास मशीन को कब्जे में लेते हुए गोदाम में ताला बंद चाबी निगरानी में ली है। उनके मुताबिक कोटेदार मैसर जहां से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही उन्होने उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के संकेत दिए हैं। क्योंकि जांच में अनियमिता मिली है।

## ठेकेदारी प्रथा पर चलता है कोटा

शिकायतकर्ता सीमा देवी की चार यूनिट पर 19 किलो, ज्वाला प्रसाद की 6 यूनिट पर 29 किलो, सरबजीत की 4 यूनिट 19 किलो, स्वाति को लाल कार्ड पर 35 किलो के बजाय 33 किलो आदि लोगों के मुताबिक कहना है कि कोटेदार मैसर जहां का सहयोगी राशन वितरक सोनू वर्मा के द्वारा एक किलो प्रतिकार्ड राशन कम देता। संजय यादव का कहना है कि बीते दिनों से कोटेदार का ठेकेदार सोनू वर्मा के द्वारा मात्र चावल बांटा जा रहा था। इसकी शिकायत पर प्रशासन सक्रिय हुआ है?। उन्होंने बताया कि चावल के स्टॉक के साथ गेहूं नदारत था। उन्होंने बताया सप्लाई इंस्पेक्टर के द्वारा वस्तु अधिनियम के तहत कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। यदि ऐसा नहीं हुआ। तो धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। उनके मुताबिक कोटेदार की सिधाई व वफादारी का फायदा सोनू वर्मा उठा रहा था। क्योंकि कोटेदार का पांच हजार मंथली तय था। उसका वितरण का कोई मतलब नहीं रहता है। इतना ही नहीं उचित दर विक्रेता की दुकान पर किसी प्रकार का बोर्ड नहीं लगा है स्टाक रजिस्टर व अन्य साइन बोर्ड तमाम चीज कोटेदार के कार्यालय से नदारत थी।

# प्रयाराज के माघ मेले में आए संत-महात्मा भी मनायेंगे 'रामोत्सव'

प्रयागराज। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर प्रयागराज के माघ मेले में आए संत-महात्मा भी भव्य रूप से 'रामोत्सव' मनायेंगे।इसे लेकर माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद एवं अपर माघ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने माघ मेले में आए सभी प्रमुख संतों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को विशेष बैठक हुई। जिसमें सभी संत महात्माओं ने 22 जनवरी को माघ मेला क्षेत्र में दिव्य एवं भव्य रामोत्सव मनाने पर सहमति जताई है।बैठक में सभी संत-महात्माओं ने 22 जनवरी को माघ मेला क्षेत्र में दिव्य एवं भव्य रामोत्सव मनाने पर सहमति जताई। सभी संतों ने उस दिन मेला क्षेत्र को रामधुनी से रमने की इच्छा जताते हुए जगह-जगह दीपोत्सव कार्यक्रम,अखंड रामायण पाठ एवं सुंदरकांड पाठ तथा शाम को एक भव्य गंगा आरती करने की बात कही। इस अवसर पर मेला प्रशासन भी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण करेगा ।

# मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय कोयला मंत्री से की भेंट, कोल ब्लॉक आवंटन की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी से भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने न्यूनतम 1000 मेगावाट के पिट-हेड थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने के लिए राज्य को लगभग 125 मिलियन टन भण्डारण क्षमता की एक कोल ब्लॉक का आवंटन की मांग की। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अनुकूल औद्योगिक नीति के कारण राज्य में द्रुत गति से औद्योगिक विकास हुआ है, जिसके फलस्वरूप विद्युत की मांग में निरन्तर वृद्धि हुई है। सर्दियों के मौसम में बिजली की कमी गंभीर हो जाती है क्योंकि ठंडे तापमान के कारण नदियों में पानी का बहाव कम हो जाता है। राज्य में बिजली की मांग प्रतिवर्ष लगभग 4 से 5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और लीन सीजन की अवधि में प्रतिदिन लगभग 4 से 5 मि.यू. की औसत कमी होती है। औद्योगिकीरण बढ़ने के कारण आने वाले वर्षों में विद्युत की मांग और बढ़ने की सम्भावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा मंत्रालय की ओर से की गई संस्तुति के दृष्टिगत राज्य में विद्युत परियोजनाओं के तेज गति से विकास किये जाने के लिए यूजेवीएन लि. (राज्य सरकार का उपक्रम) और टीएचडीसी इण्डिया लि. के बीच एक संयुक्त उपक्रम (टीएचडीसीआईएल-यूजेवीएनएल एनर्जी कम्पनी लि.) का गठन किया गया है। टीएचडीसी इण्डिया लि. की तापीय विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में भी अनुभव को ध्यान में रखते हुए राज्य की विद्युत मांग की आपूर्ति के लिए इस नए संयुक्त उपक्रम के माध्यम से एक पिट-हेड थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। उत्तराखंड राज्य उन कुछ राज्य में से एक है। जहां कोई भी थर्मल पावर स्टेशन संचालित नहीं है।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से उत्तराखंड राज्य को एक कोल ब्लॉक का आवंटन प्राथमिकता पर करने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने यथासंभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

### मुख्यमंत्री धामी की एक और अभिनव पहल, मिले उपहारों की होगी नीलामी

देहरादून। मुख्यमंत्री ने विभिन्न कार्यक्रमों में उन्हें मिलने वाले उपहारों को लेकर नवीन पहल की है। मुख्यमंत्री ने सचिव विनय शंकर पांडेय को निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रमों में उन्हें जो विभिन्न प्रकार के उपहार मिले हैं, उनके मूल्य का आंकलन कर उनकी नीलामी की जाए और इससे मिलने वाली रकम को जनहित के कार्यों में इस्तेमाल किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अभी हाल ही में लोगों से अपील की थी कि किसी समारोह में अतिथियों को बुके की जगह बुक देने की परंपरा शुरू करनी चाहिए। इससे भावी पीढ़ी में ज्ञान का भंडार बढ़ेगा और दिमाग का भी पोषण होगा। पौधा भेंट करना भी बुके का विकल्प हो सकता है। अब, इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने एक और नवीन एवं अभिनव पहल की है। दरअसल, मुख्यमंत्री उत्तराखंड या उत्तराखंड से बाहर कार्यक्रमों में शिरकत करते हैं तो लोग तमाम उपहार उन्हें भेंट करते हैं। शॉल से लेकर पेंटिंग,विभिन्न प्रकार की आकृतियां उन्हें भेंट की जाती हैं। अब मुख्यमंत्री ने इसे लेकर अपने सचिव विनय शंकर पांडेय को निर्देशित किया है कि उन्हें जो भी उपहार कार्यक्रमों में मिलते हैं उनके मूल्य की गणना कर इनकी नीलामी की जाए।

# गुरु गोविंद सिंह जी का 352वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह का 352वां प्रकाश पर्व कनखल स्थित ऐतिहासिक तप स्थल तीजी पातशाही गुरु अमर दास गुरुद्वारा में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का समापन हुआ। अरदास की गई और कड़ा प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही अटूट लंगर का आयोजन किया। इस अवसर पर शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने बड़े मनोभाव से अपने गुरु गुरु गोविंद सिंह का भावपूर्ण स्मरण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। ग्रंथी देवेंदर सिंह ने अरदास की मुख्य यजमान सरदार मनजीत सिंह ओबेरॉय परिवार ने अखंड पाठ का आयोजन किया था। इस अवसर पर तप स्थल के मुख्य महंत रंजय सिंह महाराज ने कहा कि बिहार के पटना में जन्मे गुरु गोबिंद सिंह एक योद्धा, कवि और दार्शनिक थे जिनके विचारों और शिक्षाओं की सिख समुदाय पूजा करता है। उनके विचार हर युग में प्रासंगिक रहेंगे।

बिन्निंदर कौर सोढ़ी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी और उनके परिवार ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। धर्म की रक्षा के लिए उनके इस बलिदान को कभी भी देश और समझ नहीं भुला सकता है। मनजीत सिंह ओबेरॉय ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी दूर दृष्टा और न्याय प्रिय थे। गुरु तेग बहादुर के परिवार में गुरु गोविंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर 1666 को हिन्दी पंचांग के अनुसार पौष मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी के दिन बिहार के पटना में हुआ था। गुरु गोबिंद सिंह को खालसा पंथ की स्थापना के लिए भी जाना जाता है, जो दीक्षित सिखों का एक समूह हैं। पहले पांच खालसा सदस्यों की शुरुआत 1699 में वैसाखी दिवस पर हुई थी, जो खालसा पहचान की उत्पत्ति का प्रतिनिधित्व करते थे। गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजेंद्र जीत सिंह ओबेरॉय, सुरेंद्रजीत सिंह, गजेंद्रजीत सिंह ओबेरॉय, महेंद्रजीत सिंह डेविड, ग्रंथी इंद्रजीत सिंह, डॉक्टर गुरप्रीत सिंह ओबेरॉय, जगजीत सिंह, अवतार सिंह, गुरविंदर सिंह, बलविंदर सिंह, वीरेंद्र जीत सिंह, अमरजीत सिंह, गुरचरण सिंह आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने निकाली न्याय दो यात्रा

देहरादून। कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत बुधवार को देहरादून महानगर में अंकित भंडारी को न्याय दो यात्रा आयोजित किया गया। पद यात्रा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य,पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित अन्य लोग शामिल हुए।
बुधवार को कित भंडारी को न्याय दो यात्रा न्यू कैंट रोड से शुरू कर गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर समापन किया गया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार अंकिता मामले में पूरी ताकत के साथ वीआईपी को बचाना चाह रही है। यात्रा में प्रदेश महामंत्री गोदावरी थापली, मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ,प्रदेश प्रवक्ता दीप वोहरा,देवेंद्र बटोला,संजय सिंघल,रकित वालिया,जतिन हांडा,विकास नेगी,मनीष नागपाल,मोहन काला,प्रदेश सचिव गीताराम जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पार्षद सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### विधायक सुमित हृदयेश ने नगर निगम को दिया अल्टीमेटम

हल्द्वानी। विधायक सुमित हृदयेश की विधायक निधि से बनने वाली सड़क को नगर निगम रोकने का कार्य कर रही है। उन्होंने अल्टीमेटम देते हुए कहा यदि इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू नही किया तो वह खुद अपने सामने सड़क का निर्माण कार्य कराएंगे। ऐसे में आज खुद हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश दमुवाढूंगा के वार्ड नंबर 37 पहुंचे, जहां पर विधायक निधि से सीसी रोड बननी है, लेकिन नगर निगम ने उसे पर रोक लगा दी है। क्योंकि इस सड़क को सिंचाई विभाग बना रहा है। ऐसे में नगर निगम ने एनओसी नहीं दी, जिसके चलते सड़क नही बन पा रही है। इसलिए आज खुद विधायक सुमित ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से बात की। उन्होंने कहा स्थानीय लोग खुद सीसी रोड बनाने की बात कह रहे हैं और सिंचाई विभाग निर्माणदायी एजेंसी हैं। कल से उन्होंने सड़क को बनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम अब गंदी राजनीति पर आ गया है। यह सड़क आम जन के लिए है, ऐसे में इसको नहीं रोकना चाहिए था, लेकिन ओछी राजनीति के चलते इस सड़क को रोकने का प्रयास किया गया।

### एकम्स ड्रग्स ने अयोध्या भेजी दवाइयों की खेप

हरिद्वार। श्री रामजन्मभूमि अयोध्या में पुर्नस्थापित राम मंदिर में भगवान रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होने वाला है। अयोध्या में रामभक्तों को चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दो अस्थाई अस्पताल स्थापित किए गए हैं। हरिद्वार के सिडकुल की प्रतिष्ठित दवा निर्मात्री कंपनी एकम्स ड्रग्स ने अपने सामाजिक दायित्व के अंतर्गत विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री अजय कुमार की प्रेरणा से आवश्यक दवाइयों की एक बड़ी खेप को अयोध्या के लिए रवाना किया। दवाइयों की खेप को एकम्स ग्रुप की कोऽचेयरमैन अर्चना जैन के साथ अजय कुमार ने संयुक्त रुप से भगवा ध्वज लहरा कर रवाना किया, इस अवसर पर अर्चना जैन ने बताया कि एकम्स ने ''मानव सेवा ही माधव सेवा'' को आत्मसात कर सेवा प्रकल्पो तथा कार्यों में सदैव ही अग्रणी भूमिका निभाई है, एकम्स ने जरूरतमंदों की हरसंभव सेवा का संकल्प लिया हुआ है।

### मंत्री ने गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब में गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर किया प्रतिभाग

ऋषिकेश। क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने गुरुद्वारा हेमकुंट साहिब में गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर आयोजित शबद कीर्तन, गुरुवाणी और लंगर के कार्यक्रम में शिरकत की। लक्ष्मणझूला रोड स्थित गुरुद्वारा में कैबिनेट मंत्री डॉ .अग्रवाल पहुंचे। उन्होंने सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे माथा टेका। यहां सिख समाज ने मंत्री डॉ अग्रवाल को सरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्होंने रागी जत्थों के गुरुवाणी और शबद कीर्तन का पाठ किया। डा. अग्रवाल ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह सिखों के दसवें गुरु थे। इसके अलावा वह एक दार्शनिक, कवि और महान योद्धा थे। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने खालसा नामक सिख योद्धा समुदाय की स्थापना की। जिसे सिख धर्म के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना के रूप में चिह्नित किया। उन्होंने पांच लेखों को पांच ककार के रूप में प्रसिद्ध भी पेश किया और हर समय पहनने के लिए खालसा सिखों को आज्ञा दी। इस मौके पर मंत्री डॉ. अग्रवाल ने कहा कि आज, सिख समुदाय गुरु गोविंद सिंह जी का जन्मदिन मनाता है और सिख समुदाय के लिए यह एक महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि पिता गुरु गोविंद सिंह की प्रेरणा से प्रेरित होकर उनके पुत्र साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने अपनी शहादत दे दी, लेकिन धर्म पर आंच नहीं आने दी। इस मौके पर अध्यक्ष हेमकुंट साहिब सरदार नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा, प्रबंधक दर्शन सिंह, निर्मल आश्रम के महंत राम सिंह जी, सरदार मंगा सिंह, सरदार अजीत सिंह, महंत बलवीर सिंह, सरदार सुदर्शन ओबराय, प्रेम सिंह डंग, सरदार बूटा सिंह, सरदार विक्रम सिंह, शिव कुमार गौतम, विवेक शर्मा, तनु तेवतिया आदि उपस्थित रहे।

### पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन में कोविड के नये वेरिएंट ऑमीक्रोन जेएन-1 के स्पाइक प्रोटीन पर होगा अनुसंधान : आचार्य बालकृष्ण

हरिद्वार। कोरोना के नये वैरिएंट पर अनुसंधान करने के लिए चीन की साइनो बॉयोलॉजिकल लैब से स्पाइक प्रोटीन मंगाया गया है, जिस पर पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक रिसर्च करेगें।
वर्तमान में कोरोना का नया वेरिएंट ऑमीक्रोन जेएन-1 पुन: सम्पूर्ण विश्व में अपने पैर पसार रहा है। कोरोना चिकित्सा के क्षेत्र में अपने अनुसंधान कार्यों को आगे बढ़ाने के क्रम में पतंजलि अनुसंधान संस्थान द्वारा चीन की साइनो बॉयोलॉजिकल लैब से मंगाये गये स्पाइक प्रोटीन पर नवीन अनुसंधान कार्य आरम्भ कर दिया गया है।
इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि जिस तरह से कोरोना ने भयावह तथा विकराल रूप से सम्पूर्ण विश्व को भयभीत किया तथा अत्यधिक पीड़ा पहुंचायी अब उसी का नया वेरिएंट ऑमीक्रोन जेएन-1 देश-विदेश में फैल रहा है। इस वायरस से होने वाले रोग की चिकित्सा के लिए जो अनुसंधान करना है उसके लिए वायरस के स्पाइक प्रोटीन की आवश्यकता होती है और हमें गर्व है कि पतंजलि अनुसंधान संस्थान वह पहली संस्था है जहाँ ऑमीक्रोन जेएन-1 वायरस का स्पाइक प्रोटीन चीन की साइनो बॉयोलॉजिकल लैब से पहुंच चुका है। यह वायरस बहुत खतरनाक है।

# नौसेना की झांकी में दिखेगी आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तीकरण की झलक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**गणतंत्र दिवस परेड में 144 युवा पुरुष और महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर मार्च करेंगे**

**संगीतकार एम एंटनी राज के नेतृत्व में भारतीय नौसेना बैंड बजाएगा शानदार मार्शल धुनें**

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड में इस बार भारतीय नौसेना राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और नारी शक्ति के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करेगी। खुद को युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य प्रतिरोधी बल दिखाते हुए नौसेना परेड में देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, सैन्य कौशल और तकनीकी प्रगति को भी दिखाएगी। नौसेना की झांकी समुद्री सीमाओं की रक्षा करने के साथ आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तीकरण को दर्शाएगी। गणतंत्र दिवस परेड में भारतीय नौसेना के मार्चिंग दस्ते और शामिल होने वाली झांकी का प्रेस पूर्वावलोकन बुधवार को कोटा हाउस में किया गया। वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह ने परेड में शामिल होने वाले मार्चिंग दस्ते, प्लाटून, झांकी कमांडर और बैंड के बारे में जानकारी दी। इस बार मार्चिंग दल में भाग लेने वाले नौसैनिक दल में 144 युवा पुरुष और महिलाएं शामिल होंगे, जो कंधे से कंधा मिलाकर ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर मार्च करेंगे। दल का नेतृत्व आकस्मिक कमांडर के रूप में लेफ्टिनेंट प्रज्वल और प्लाटून कमांडर के रूप में लेफ्टिनेंट मुदिता गोयल, लेफ्टिनेंट शरवानी सुप्रिया और लेफ्टिनेंट देविका एच करेंगे। आकस्मिक कमांडर लेफ्टिनेंट प्रज्वल ने कहा, ल्लभारतीय नौसेना दल की भागीदारी केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह हमारे देश के हितों की रक्षा, आत्मनिर्भरता और लैंगिक तटस्थता के प्रति प्रतिबद्धता का संकल्प है। इस वर्ष की हमारी झांकी नौसेना की ऐसी कहानी को दर्शाती है, जो न केवल समुद्री सीमाओं की रक्षा कर रही है, बल्कि आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तीकरण को दर्शाती है। झांकी का केंद्रीय विषय 'आत्मनिर्भरता' के इर्द-गिर्द घूमता है। झांकी के मुख्य भाग में देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत के जरिये स्वदेशीकरण के माध्यम से महासागरों में समुद्री शक्ति को दर्शाया गया है। झांकी के सामने वाले हिस्से में नारी शक्ति को दर्शाया गया है, जो भारतीय नौसेना में सभी रैंकों और सभी भूमिकाओं में महिलाओं की भूमिका के विस्तार पर जोर देता है। झांकी में पहले पूर्ण स्वदेशी कैरियर बैटल ग्रुप को दर्शाया गया है, जिसमें एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत, उसके अत्यधिक सक्षम एस्कॉर्ट जहाज दिल्ली, कोलकाता और शिवालिक, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट और एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर, कलवरी क्लास सबमरीन और जीएसएटी -7, रुक्मणी सैटेलाइट शामिल हैं। इस झांकी को भारत में डिजाइन और निर्मित किया गया है, जो जहाज निर्माण, एयरोस्पेस, मिसाइल और रॉकेट प्रौद्योगिकियों में भारत की बढ़ती शक्ति को उजागर करता है। झांकी के कमांडर लेफ्टिनेंट कमांडर भोपे जुई मिलिंद और लेफ्टिनेंट कमांडर नितीश केएस हैं।

### प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप वेडिंग डेस्टिनेशन स्थलों तक सड़कों की उचित व्यवस्था हो: मंत्री महाराज

देहरादून। पर्यटन व संस्कृति, मंत्री सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा-2024 प्रारंभ होने से पूर्व सभी सड़कों को दुरुस्त करने के साथ-साथ वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप उत्तराखंड को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए डेस्टिनेशन स्थलों तक पर्यटकों और यात्रियों के पहुंचने के लिए सड़कों का उचित प्रबंध किया जाए। बुधवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्रसिंह गढ़वाली ''सभागार'' (पंचम तल) विश्वकर्मा भवन में आयोजित एक बैठक के दौरान पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, धर्मस्व एवं संस्कृति, मंत्री सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा-2024 की पूर्व तैयारियों के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से यह बातें कहीं।

मंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया जाये। वह स्वयं भी व्यक्तिगत रूप से यात्रा मांगों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे।

# बलिदानी जवान शैलेंद्र कठैत को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। गढ़वाल रायफल के गढ़वाल स्काउट में कुमराड़ा गांव निवासी शैलेंद्र कठैत का सैनिक सम्मान के साथ उनके पैतृक घाट कुमराड़ा में सहित आस पास के क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में नम आंखों से शहीद को विदाई दी। बुधवार को बलिदानी जवान शैलेंद्र का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। सैकड़ों ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई देकर श्रद्धांजलि दी। सैनिक शैलेंद्र कठैत (28) पुत्र कृपाल सिंह की चीन बॉर्डर के गोल्डुंग पोस्ट नीतीपास बॉर्डर पर पेट्रोलिंग ऑपरेशन के दौरान पैर फिसलने से 15 जनवरी को मौत हो गई थी। बुधवार को दो दिन बाद सेना के वाहन से सुबह 9 बजे पार्थिव शरीर को श्रीनगर से चिन्यालीसौड़ लाया गया। व्यापार मंडल चिन्यालीसौड़ व पिपलमण्डी के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर पार्थिव शरीर पर पुष्प वर्षा की। इसके बाद पंचायत भवन कुमाराडा के बाहर पूर्ण सुरक्षा के साथ जवान शैलेंद्र के पार्थिव शरीर वाली सेना की गाड़ी को घर से कुछ दूर पहले ही खड़ा कर दिया गया था। जैसे ही जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक घर पर पहुंचा तो हर तरफ चीख-पुकार से गांव का माहौल एकदम गमगीन हो गया। अपने पति की पार्थिव देह को तिरंगे में लिपटी देखकर पत्नी अंजू देवी बेसुध हो गईं। लगभग ग्यारह बजे गढ़वाल स्काउट की 36 जवानों की टुकड़ी के पीछे चलती गाड़ी में रखी जवान शैलेंद्र की अंतिम यात्रा शुरू हुई।

टीम ने जवान शैलेंद्र कठैत को अंतिम सलामी दी। शैलेंद्र कठैत के बड़े बेटे विशाल सिंह ने अपने पिता की पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजलवान स्थानीय विधायक संजय डोभाल, डुंडा एसडीएम बृजेश तिवारी ,मेजर अमन,नायब सूबेदार नेत्र सिंह ने जवान की पार्थिव देह पर पुष्प गुच्छ अर्पित किए। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण, क्षेत्रीय विधायक संजय डोभाल,ग्राम प्रधान विनोद पुरसोडा , सुमन बडोनी, विजय बडोनी,मनोज कोहली, उदय पाल परमार आदि ने श्रद्धांजलि दी है।

# श्री राम रथ यात्रा का जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। विचार जागृति मंच एवं विश्व हिन्दू सनातन धर्म ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीराम रथ यात्रा दूसरे दिन बहादराबाद स्थित काली मंदिर से प्रारंभ होकर रामकृष्ण पुरम कॉलोनी पहुंची जहां कॉलोनीवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। रामकृष्ण पुरम कॉलोनी के अध्यक्ष विशाल चौहान ने रथ में सवार प्रभु श्री राम एवं सीता माता की आरती कर यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर विशाल चौहान ने कहा कि वर्षों की प्रतिक्षा के बाद श्रीराम लला मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। समस्त भारतवासियों के लिए यह ऐतिहासिक पल है। उन्होंने कहा कि श्री राम रथ यात्रा द्वारा सनातन प्रेमियों में उत्साह का माहौल जागृत हो रहा है। अयोध्या में निर्मित प्रभु श्री राम का मंदिर विश्व घर में ऐतिहासिक होगा।

श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के महंत मुरली दास महाराज ने कहा कि प्रभु श्रीराम का नाम मात्र लेने से ही व्यक्ति का जीवन भवसागर से पार हो जाता है। श्रीराम मंदिर के निर्माण से भारतीय संस्कृति की आत्मा पुनर्जीवित हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में होने जा रहा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धर्म की पताका को विश्व भर में फहराएगा। पूरे विश्व में सनातन का डंका बजेगा। वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु के रूप में समस्त विश्व का मार्गदर्शन करेगा। विचार जागृति मंच के अध्यक्ष सुधीर शर्मा व रथ यात्रा आयोजन कमेटी के उपाध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि श्रीराम रथ यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक सनातन प्रेमी के हृदय में श्रीराम नाम की ज्योति को जागृत करना है।

### गंगोत्री धाम में शुरू हुई बर्फबारी, दिलकश हुआ नजारा

उत्तरकाशी। गंगोत्री धाम में सीजन की दूसरी बर्फबारी शुरू हो गई, जिससे धाम का नजारा दिलकश को गया। मौसम विभाग ने की भविष्यवाणी सही साबित हुई है। मौसम विभाग ने कहा था कि आने वाले एक दो दिनों में ऊंचाई क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी हो सकती है। जनपद के ऊंचाई वाले इलाकों में भैरव घाटी , मुखबा ,धराली , हर्षिल,तक बर्फबारी होने लगी है। जनपद के निचले इलाकों में लंबे समय से बर्फबारी व बारिश ना होने से कास्तकारों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही। उत्तरकाशी के जंगलों में शीतकालीन सीजन में लंबे समय से आग भड़कने से आसमान में धुआं का गुब्बारा छाया है। गौरतलब है कि पहाड़ों में दिसम्बर -जनवरी में गंगोत्री, हर्षिल, धराली आदि क्षेत्रों में दो फिट से अधिक बर्फबारी होती है थी लेकिन इस बार बर्फ दूर दूर तक देखने को नहीं मिल रही है। बरहाल मौसम विभाग के पूर्व अनुमान बताया था कि आने वाले दो दिनों में बर्फबारी व बारिश है सकती है। बुधवार को गंगोत्री धाम के पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि धाम दिन को मौसम ने करवट ली और बर्फबारी शुरू हो गई है।

# लालच में फंसकर अल्ताफ को गंवानी पड़ी जान, आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। गंगनहर में धक्का देकर अपने मित्र को मौत के घाट उतारने के आरोपित को पुलिस ने घटना के 48 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया है। काले जादू के चक्कर में पड़कर व्यक्ति को अपनी जान गंवानी पड़ी। जबकि दूसरे ने बामुश्किल अपनी जान बचायी थी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।14 जनवरी को थाना कलियर में शादाब पुत्र अल्ताफ निवासी पाकबड़ा मुरादाबाद उत्तर प्रदेश ने तहरीर देकर उसके पिता अल्ताफ और हसनैन को जिशान पर आरोप लगाते हुए नहर में धक्का देकर डुबा देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस टीम ने जांच करते हुए 48 घंटे के अंदर आरोपित जीशान पुत्र बन्ने निवासी मुबरिकपुर बन्द थाना असमोली जनपद संभल उ.प्र. को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से 50 हजार रुपये भी बरामद किए हैं पूछताछ में आरोपित ने बताया कि मृतक अल्ताफ प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। जिशान को पैसों की आवश्यकता थी, तो जिशान ने अल्ताफ को बताया गया कि वह 41 दिन की एक ऐसी इबादत कर रहा है, जिसमें एक बैग के अन्दर कुछ रुपये रखने के बाद नदी के किनारे जाकर उसे कुछ पढ़ाई करनी पड़ेगी, जिससे उसके हाथ पर एक नंबर प्रदर्शित होगा। उसे लिखकर बैग के अंदर रखने से बैग पूरी तरह रुपयों से भर जाएगा। उन रुपयों को केवल 22 दिन तक ही खर्च कर सकते हैं। उसके बाद वे रुपये खत्म हो जाएंगे। जिशान की बातों पर अल्ताफ को विश्वास होने पर लगभग एक-डेढ़ महीने पहले जिशान ने साढ़े चार लाख रुपये लाने के लिए कहा था। उसके बाद जिशान, अल्ताफ और इनका एक जानकार हसनैन तीनों कलियर आए ओर इल्मी पढ़ाई करने का ढोंग करने लगे। अल्ताफ को बताया गया कि अभी कुछ पढ़ाई की कमी की वजह से काम पूरा नहीं हो सका। घर जाकर पूरा काम किया जायेगा, फिर तीनों वापस घर आ गए। उन्होंने बताया कि अल्ताफ के पैसे जिशान ने सारे अपनी बहन की सगाई में खर्च कर दिए थे, लेकिन अल्ताफ जिशान से पैसों का तकाजा कर रहा था। इस पर जिशान ने एक योजना बनाई और फिर अल्ताफ को बोला की इन रुपयों में 50 हजार रुपये की कमी है। हम लोगों को दोबारा कलियर जाना पड़ेगा। उसने बताया कि 13 जनवरी को सभी लोग कलियर आए और इल्मी पढ़ाई के लिए दोनों को लेकर नहर के किनारे बैठ गया और पढ़ाई का ढोंग करने लगा। दोनों को आंखे बंद करने को कहा। उसने बताया कि इसी दौरान मौका देखकर उसने अल्ताफ को नहर में धकेल दिया। उसने हसनैन को भी धकेला, लेकिन वो संभल गया और जिशान मौके से बैग लेकर भाग निकला। मृतक के शव की स्थानीय पुलिस, जल पुलिस और एसडीएफआर तलाश कर रही है। आरोपित के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063